डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

मंईयां

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 13 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 330, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 संवैधानिक पदधारी व्यक्ति का देश...




## एक नजर

### गरिमा केंद्र का उद्घाटन

**सतबरवा।** पुराना अंचल कार्यालय भवन में प्रखंड स्तरीय गरिमा केंद्र (जेंडर रिसोर्स सेंटर) का उद्घाटन गुरुवार को सतबरवा अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, जिला मैनेजर प्रवीण सिंह, बीपीएम आलोक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस कार्यालय का मुख्य उद्देश्य समाज में हिंसा से पीड़ित महिला को सहायता प्रदान करना है। डायन प्रथा, हिंसा, शोषण, अत्याचार इत्यादि विभिन्न रूप से पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है। मौके पर ब्लॉक मैनेजर, रिसोर्स पर्सन सदस्यों की गरिमा, पत्रकार दीदी प्रीति कुमारी के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### ओम प्रकाश पांडेय बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर।** अंजू-अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर प्रखंड कमेटी का गठन गुरुवार को कर लिया गया। सर्वसम्मति से पूर्व पंसस ओम प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने श्री पांडेय को एक सादे समारोह में मनोनय पत्र सौंपा। श्री सिंह ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड में अब टीम और मजूबत होकर उभरेगी। गुड्डू पांडेय ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है,उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। आगामी विधानसभा चुनाव में अंजू-अभिमन्यु टीम सभी पार्टी संगठनों पर भारी पड़ेगा। मौके पर टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर रैयतों ने जिला प्रशासन व सरकार से लगायी गुहार

# रैयतों को मुआवजा दें, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** भोगु से शंखा तक फोरलेन सड़क निर्माण भारत वाणिज्यिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाए जा रह। इसके तहत एनएच 39 में मौजा लहलहे में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि का खाता 53, प्लौट संख्या 551,554,555,249 ,268,237 एवं 114 रकबा का लगभग 1 एकड़ 20 डिसमील जमीन पर रैयतों को बिना मुआवजा दिए काम शुरू कर देने से ग्रामीण नाराज हैं। रैयतों ने गुरुवार को झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से एक स्वर में कहा कि पहले मुआवजा तब काम। अगर शीघ्र ही काम नहीं रोका गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य हो जायेंगे। रैयत विवेका त्रिपाठी, महिमा त्रिपाठी, संतोष पांडेय, कौशल किशोर पांडेय, अनूप तिवारी, रुद्रनाथ तिवारी, उपेंद्र तिवारी, अवधेश पांडेय समेत दर्जनों रैयतों ने बताया कि उपरोक्त जमीन के मालिक स्वयं पूर्व जमींदार थे। जिन्होंने उक्त जमीन भूमि सुधार अधिनियम 1950 (बिहार सरकार) के सेक्शन 5,6,7 के तहत फॉर्म ॥ एसेसमेंट ऑफ रेंट के लिए सरकार को रिटर्न दिया तथा सरकार द्वारा फार्म एल में जांच कराने के बाद भूमि सुधार अधिनियम 1951 (बिहार सरकार) के सेक्शन 7 के तहत फार्म एम से लगान का निर्धारण किया गया है। लगान निर्धारण के बाद आज तक सभी रैयतों द्वारा उक्त भूमि पर लगान मालगुजारी का भुगतान अधतन करते हुए सभी रैयत खेती बारी, मकान, दुकान का निर्माण कर उस पर रह रहे हैं। रिविजनल सर्वे द्वारा भी उपरोक्त जमीन की प्रकृति रैयती बताई गई है। अंचल अधिकारी सदर मेदिनीनगर के प्रतिवेदन में भी रैयती मान्यता हेतु अनुमोदन किया गया है, परंतु अभी तक जिला प्रशासन द्वारा ना तो रैयती मान्यता दी गई और ना ही उस जमीन का मुआवजा रैयतों को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में पलामू उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के पास एनएचएआई द्वारा जबरदस्ती कार्य करने हेतु शिकायत की गई, परंतु अभी तक प्रशासन के द्वारा ना तो कार्य रोकने के लिए कोई दिशा-निर्देश दिया गया है, ना ही मुआवजा भुगतान हेतु कोई दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। सभी रैयतों ने जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हैं कि एनएचएआई संवेदक की दबंगई को रोक कर रैयतों को मुआवजा देने के बाद ही कार्य शुरू करने का निर्देश दें। अन्यथा हम सभी रैयतों उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। मौके पर विजय तिवारी, राणा सिंह, विजय चौरसिया, मुकेश पांडेय, नन्हक पांडेय समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

# खाद्यान्न से वंचित कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय में दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र के खाद्यान्न से वंचित कार्डधारियों द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। वहां प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचे कार्डधारियों ने बकाया खाद्यान्न उपलब्ध कराने को ले नारेबाजी की। आयोजित एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व नावाबाजार जिप सदस्य रीना देवी ने की। कार्डधारियों का कहना था कि पिछले 5 माह से खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा नहीं किया गया है। जबकि प्रत्येक माह अंगूठे का निशान यह कह कर लगवाया जाता रहा कि गोदाम से खाद्यान्न मिलते ही उपलब्ध करा दिया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। समय पर खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण लोगों की समक्ष भुखमरी की स्थिति बन गई है। यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम कानून की अवहेलना प्रतीत होता है। अगर प्रखंड प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो जिला मुख्यालय पर भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि गरीबों का निवाला अधिकारियों की मिली भगत से बाजार में बेचा जा रहा हैं। 5-5 महीने का खाद्यान्न गायब हो जाना यह एक गंभीर मामला है। जिप सदस्य रीना देवी ने कहा कि नावाबाजार प्रखंड के अधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मौके पर बसपा नेता राजन मेहता, शत्रुघन कुमार शत्रु, सामाजिक कर्यकर्ता सफीर आलम, निर्मल यादव, खुशबू देवी, पूनम देवी, सुरति देवी, शारदा देवी सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### विधायक ने चार सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# सड़कों का निर्माण पिछले कार्यकाल में कराया था, किसी ने मरम्मत तक नहीं कराया : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड की चार महत्वपूर्ण सड़कों का क्रमशः देवरी मुख्य पथ से ग्राम कुसुआ, छतरपुर मुख्य पथ से बसडीहा, कचरा मुख्य मुख्य पथ व चउआ चट्टान गांव में सड़क का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की करोडों रुपए की लागत से होने वाली सड़क निर्माण कार्य होने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को उक्त सड़क से लाभ मिलेगा। मौके पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की सभी सड़कों का निर्माण उन्होंने वर्ष 2005 के कार्यकाल में कराने का काम किया था। उन सड़कों पर किसी जन प्रतिनिधि ने मरम्मत तक नहीं कराना उचित समझा। पुनः उक्त सड़कों का अपने इस कार्यकाल में जीर्णोद्धार उन्होंने ही किया। यह जनता देख रही है। जिन कथित नेताओं को विकास नहीं दिख रहा है, उन्हें जनता दिखा देगी। उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज की एक एक समस्या सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा के साथ साथ अनेक उल्लेखनीय कार्य किया है। जिसे गिनने में पूरा दिन लग जायेगा। अगर किसी ने उनसे पहले भी कुछ किया है, तो जनता की अदालत में प्रस्तुत कर सकते हैं। कमलेश की कथनी और करनी में अंतर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि वह जात धर्म संप्रदाय की राजनीति में विश्वाश नहीं रखते हैं। सिर्फ क्षेत्र के विकास की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 95 प्रतिशत समस्या का समाधान उन्होंने करने का काम किया है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ हरी, सतेंद्र सिंह, ओम प्रकाश राजवंशी, बबिता सिंह, पप्पू सिंह ,गोरख पासवान,गुडु पाल, शिवलाल राम, रजनीश सिंह, विमलेश सिंह,विजय राजवंशी, राजू सिंह, हंसराज सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा,अपु सिंह, अजय सिंह, उपेंद्र राजवंशी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी




नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। उद्घाटन प्राचार्य संतोष मिश्रा व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रो. राकेश कुमार शुक्ला ने किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि आज मॉडर्न दिखने-दिखाने के चक्कर मे लोग विश्व की सबसे महान भाषा हिंदी को भूलते जा रहे हैं। हिंदी भाषा को सही तरीके से समझने की जरूरत है। अपनी मातृभाषा हिन्दी को दैनिक बोलचाल की भाषा में ज्यादा प्रयोग करें। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि हम सब हिंदी भाषी होने पर गर्वानवित हैं। पूरे गर्व के साथ हम सब को हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र भी है। उन्होंने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को नए कानून के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के तरीके भी बताए। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने भी हिंदी भाषा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर प्रो रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, शबनम निशा, अस्मिता पांडेय, संतोष शुक्ला, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, संगीता कुमारी, अजय ओझा, टीपी तिवारी, परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, अमीना खातून, अमित कुमार, मधु ओझा, अर्चना कुमारी, देव प्रकाश पांडेय, सुनील कुमार, जितेंद्र पाठक, सुधीर कुमार यादव, रामेश्वर राम, गुंजन पासवान, अनुज कुमार, नरेंद्र मिश्रा, संगीता कुमारी, किरण कुमारी, पुष्पा कुमारी, रानी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास के 464 व किशोरी समृद्धि योजना के 14 फॉर्म जमा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थानीय पंचायत अंतर्गत सामुदायिक भवन में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कैंप का आयोजन किया गया। इसमें अबुआ आवास योजना के लिए अन्य पंचायतों की अपेक्षा अब तक की सर्वाधिक 464 फॉर्म ग्रामीणों ने जमा किया। जबकि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 14 के अलावा सर्वजन पेंशन के 9, वृद्धा पेंशन के 3, जाति प्रमाण पत्र (केवल विद्यार्थियों के लिए) 3 और अन्य के 74 सहित 567 फॉर्म जमा किए गए हैं। 10 लाभुकों में सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी, लूंगी वितरण किया गया। सहायक परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम, मुखिया कमला देवी, उप मुखिया रविरंजन सिंह, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम , प्रखंड सहायक नीरज कुमार, मनीष सिंह, विकास, कंप्यूटर सहायक मनोहर, ध्यानेन्द्र सिंह, सत्यम कुमार सहित अन्य अंचल व प्रखंड कर्मी मौजूद थे। कैंप में बाल विकास परियोजना, पशुपालन व स्वास्थ्य विभाग के भी काउंटर लगाए गए थे। जहां विभागीय स्तर से ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराया गया। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने मार्गदर्शन किया। अब शुक्रवार को कादलकुर्मी पंचायत में कैंप लगाया जाएगा। इसके साथ ही इस प्रखंड में सरकार के इस अति महत्वपूर्ण और जनोपयोगी कार्यक्रम का समापन हो जाएगा।

# श्री राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई गई, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** श्री राम जानकी मंदिर हैदरनगर में बुधवार को श्री राधा अष्टमी का पर्व भव्य आयोजन पारंपरीक रुप में इस वर्ष भी किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में एकत्र होकर भक्ति का अनुभव किया। यह धार्मिक आयोजन श्री जयप्रकाश स्वामी जी महाराज के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भक्ति संध्या से हुई ' जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री अनुजा भारती ने अपनी मधुर और भक्ति संगीत से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बांके बिहारी कजरारे मोटे मोटे तोहरे नैन..., राधा रानी कृपा बरसाए रखना..., और मुझे रास आ गया है तेरे दर पर सर झुकाना..., जैसे भजनों से उपस्थित भक्तगण भाव विभोर होकर भक्ति में झूमने लगे। श्री जयप्रकाश स्वामी ने राधा अष्टमी का महत्व पर बताया कि यह पर्व भगवान श्री कृष्ण की प्रियतमा राधा रानी के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु राधा रानी की कृपा पाने के लिए उपवास रखते हैं उनकी पूजा-अर्चना कर भक्तों के जीवन में प्रेम, समर्पण और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ ' जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर धनजंय सिंह, मुकेश मेहता, राजू सोनी, ब्रिज सोनी, अंकित अग्रवाल, पूजन सोनी, आलोक सोनी, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी आदि शामिल थे।

# गया-हावड़ा, पटना-टाटा व वाराणसी-देवघर के बीच 15 से चलेगी नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** इस बार भी वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन शुरू करने के मामले में सोननगर-वाया लोहरदगा-रांची रूट उपेक्षित रह जाएगा। जैसा कि डीडीयू मंडल की ओर से इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति से स्पष्ट हो गया है। डीडीयू मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि यात्रियों के लिए नई अत्याधुनिक सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने का क्रम जारी रखते हुए गया-हावड़ा, पटना-टाटा तथा वाराणसी-देवघर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का 15 सितंबर को उद्घाटन के साथ शुभारंभ की जाएगी। इसकी जानकारी को विभागीय वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मीडियाकर्मियों को शेयर किया है। इसमें बताया है कि नई हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आसनसोल-धनबाद-कोडरमा, टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मूरी-बोकारो-गोमो-गया और वाराणसी व देवघर के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन डीडीयू-गया-नवादा रूट से परिचालित की जाएगी। इन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत से यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तत्काल आवागमन का लाभ मिलेगा। आधिकारिक अधिसूचना होने के साथ इन ट्रेनों का विस्तृत विवरण जारी किया जाएगा। युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया कमला देवी, उमेश राम, पंसस ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और अन्य कई लोगों ने सोननगर से जपला, गढ़वा रोड, मेदिनीनगर, टोरी होते रांची रूट पर भी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ इसी तिथि में करने की मांग की है।

# घोडबंधा गांव में घर-घर जाकर मलेरिया फाईलेरिया का खोजी दल ने लिया सैंपल



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जोनल ऑफिस रांची, मलेरिया विभाग के क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी डॉ. विजया अंबष्ठा के निर्देश पर डेंगू खोजी, मलेरिया, फाइलेरिया के खोजी दल ने घोडबंधा हुसैनाबाद में घर घर जाकर मच्छर के लार्वा की खोज की। जिसमें एनोफिलीज एवं क्यूलेक्स का लार्वा पाया गया। इस मौके पर ब्रीडिंग चेकर के द्वारा लार्वी सैयडल का छिड़काव किया गया। जिसमें पदाधिकारी के द्वारा डेंगू चिकनगुनिया के लक्षणों यथा, अचानक तेज बुखार आना, पहंचान खोना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले में दर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, छाती और हांथों में खसरा जैसे चकते या दाने निकल आना, मसूड़ों से खून आना, भोजन से अरुचि, भूख न लगना के बारे में बताया गया, साथ ही, इसके बचाव के उपाय जैसे कि मच्छरों से बचें, घर के आसपास सफाई रखें, सभी पुराने टायरों, बर्तनों तथा व्यव्हार में नहीं आने वाली वस्तुओं को हटा दें ताकि इनमें पानी जमा न हो, पानी के बर्तनों को ढँककर रखें ,क्योंकि एडिस मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की टंकी, गमलें, कूलर, फ्रिज ट्रे, फूलदान अदि की सफाई कर सूखा लें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहने, हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोंये, संभव हो, तो कीटनाशकयुक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें, बुखार होने पर खूब पानी पियें और आराम करें। टीम में विक्रम उरांव, अन्थोनी तिग्गा, कीट संग्रहकर्ता, जीतू उरांव, क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता, शत्रुधन तिवारी के अलावा प्रखंड स्तरीय टीम में डॉ. बिनेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, धीरेन्द्र कुमार, एमटी एस, विनय कुमार सिंह और मो शमीम एल टी, अशोक कुमार, जय प्रकाश नारायण, एमपीडब्लू, अनीता कुमारी सहिया भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### काला बिल्ला लगाकर +2 विश्रामपुर के शिक्षको ने किया शिक्षण काम



**विश्रामपुर।** नगर मुख्यालय स्थित गुरुवार को राजकिय कृत पल्स 2 जानता उच्च विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों ने प्राचार्य पद सृजन नहीं होने के कारण काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी की। गौरतलब है कि अभियान प्लस टू शिक्षक संघ के तत्वधान में राज्य के सभी पल्स टू शिक्षक आज काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने दायित्व का निर्वहन किया। विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर भोला कुमार राय ने बताया कि सरकार के गलत नीतियों के कारण पूरे राज्य में प्राचार्य के अभाव में पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य योजनाओं में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिसमें एसओई, प्रखंड लेवल आदर्श विद्यालय आदि का कार्य बेमानी हो रही है। सरकार को प्राचार्य का पद सृजित कर राज्य के सम्पूर्ण पल्स टू विद्यालय में प्राचार्य का पद स्थापन किया जाना चाहिए। मौके पर अनिल कुमार गुप्ता,अरुण सिंह सहित कई शिक्षकों की मौजूदगी रही।

### क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी का कार्यकाल खुला

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास ने गुरुवार को मध्य विद्यालय परिसर में अपने कार्यालय कक्ष का उद्घाटन किया। हुसैनाबाद पहुंचने पर अजाप्टा अध्यक्ष जुबैर अंसारी के नेतृत्व में शिक्षकों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अजाप्टा के पदाधिकारियों ने हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के 125 शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि और सेवा सत्यापन कराया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का परम कर्तव्य है। इसके लिए सदैव मेरा साथ मिलेगा। कार्यालय सुबह 9 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराहन तक खुला रहेगा। अजाप्टा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हम सब कटिवद्ध है। साथ ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए संकल्पित है।मौके पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, डीडीओ सुनील कुमार,राजेश गुप्ता, अफरोज आलम,जितेंद्र राम,नुरूदीन समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

### पुलिस ने भिखा बिगहा में फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के चौकड़ी पंचायत के भिखा बिगहा में लंबे समय से फरार अभियुक्त के घर गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि हैदरनगर थाना विभिन्न धाराओं व पॉक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त दस्तगीर अंसारी पिता हफीज अंसारी सकिन भीखा बिगहा थाना हैदरनगर जिला पलामू लंबे समय से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उसके घर सहित अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की। इसके बावजूद न्यायलय में उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश पर उसके घर के अलावा चौक-चौराहों पर अभियुक्त के फरार रहने संबधित इश्तेहार चिपकाया गया है। उन्होंने कहा कि उसके आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की जब्ती की भी कार्रवाई की जायेगी।

### धूप या बरसात, फुट ओवर ब्रिज बना यात्रियों का सहारा



**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्सन में हैदरनगर स्टेशन कहने को तो अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। इस योजना से विभिन्न विकास योजनाओं को मूर्त रुप देने के लिए 12. 66 करोड़ रुपये रेलवे ने स्वीकृत भी कर दिया है। लेकिन विडंबना है कि इस स्टेशन के किसी भी प्लेटफार्म पर विलंबित ट्रेनों की प्रतीक्षा करने के लिए न तो समुचित कुर्सी की व्यवस्था है और न ही यात्री शेड, पेयजल, रौशनी। नतीजा यह है कि परेशानी झेल रहे यात्रियों को धुप या बरसात में फुट ओवर ब्रिज के निचे बैठकर बचना पड़ता है।

### 200 मीटर दौड़ में विकास प्रथम



**सतबरवा।** प्रखंड राजकीय मध्य विद्यालय तुंबागड़ा के विद्यार्थियों ने खेलो झारखंड (2024-2025) में प्रखंड स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में विकास कुमार वर्ग 8 प्रथम स्थान, नीति कुमारी वर्ग 7 को 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान व संदीप कुमार को 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र साहू ने दी। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र साहू ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जीवन का आधार है। खेल से भी करियर बनाया जा सकता है। जो भी दिल से खेल को खेलते हैं उसकी जीत निश्चित होती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं में जीत हासिल किए हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 13 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-330, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



संवैधानिक पदधारी व्यक्ति का देश के ...

सेंसेक्स
82,962.71 ▲ +1,439.55

डॉलर
83.928 ▲ -0.062

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,820
01 किलो 85,880

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## विधानसभा चुनाव की रणनीति पर बिहार-झारखंड के अधिकारियों की साझा मंथन

- विस्फोटक सामग्री की तस्करी रोकने, शस्त्र अधिनियम के आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय
- सांप्रदायिक, राजनीतिक व जातीय तनाव नियंत्रण करने पर सहमति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर अंतर्राज्यीय पलामू जिले के बॉडर इलाका सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने विधि व्यवस्था को लेकर औरंगाबाद के जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में पलामू व औरंगाबाद के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच आपस में चर्चा हुई। बैठक में दोनों जिला के उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक ने भाग लिया। बैठक में आपसी समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था को बनाए रखने संबंधित कई मामले पर चर्चा हुई। बैठक में अपराधियों व असामाजिक तत्वों की सूची का आदान-प्रदान करने, उनके संबंध में सूचना संकलन और साझाकरण कर उनके विरुद्ध अभियान का आदान-प्रदान करने पर चर्चा हुई। नक्सल व सांप्रदायिक घटना से संबंधी सूचना का शेष पृष्ठ 09 पर

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में दूसरी किस्त का आज होगा हस्तांतरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ की पवित्र भूमि ललपनिया, बोकारो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करम पर्व की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाता में दूसरी किस्त का हस्तांतरण करेंगे। इससे पहले विभिन्न चरणों में पहली किस्त का हस्तांतरण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। योजना का लाभ देने हेतु अबतक 48,15,048 महिलाओं का निबंधन हुआ है। 45,36,597 महिलाएं सम्मान राशि से अबतक आच्छादित हुईं हैं। हर महीने की 15 तारीख तक हर बहन के खाते में सम्मान राशि भेजने का आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिया जा चुका है।

**18 से 50 वर्ष की बहनों को लाभ :** मुख्यमंत्री के आदेश और राज्य मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के उपरांत अब राज्य की 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जोड़ने की पहल शुरू हो चुकी है। जल्द इन्हें भी सम्मान राशि प्राप्त होने लगेगी। गौरतलब है कि इससे पहले तक 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को योजना से जोड़ने का प्रावधान था। तीन अगस्त 2024 से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन लेना प्रारंभ हुआ। चार अगस्त 2024 को ऑनलाइन आवेदन जमा करने में आ रही परेशानी को मुख्यमंत्री ने दूर कर शेष पृष्ठ 09 पर

## एक नजर

### झारखंड में जल्द होंगे निकाय चुनाव राज्य सरकार की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड में लंबे समय से टल रहे निकाय चुनाव को लेकर आज हाईकोर्ट में सुनवाई। बहस के दौरान अदालत ने राज्य सरकार की अपील को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, अदालत ने एकल पीठ का आदेश बरकरार रखा है। इसका अर्थ है कि राज्य में निकाय चुनाव का रास्ता अब साफ हो गया है। जल्दी ही चुनावों की घोषणा की जा सकती है। बता दें कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 3 सप्ताह में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने को लेकर 4 जनवरी 2024 को आदेश दिया था। इसे समय का हवाला देकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में चैलेंज किया था। इससे पहले की सुनवाई में दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में हाईकोर्ट की बेंच ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया था। कहा था कि ट्रिपल टेस्ट करने के बाद ही राज्य में निकायों का चुनाव करना है। राज्य के विभिन्न जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन किया जा रहा है। पिछड़ा आयोग द्वारा ओबीसी की आबादी का आकलन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रतिवादी पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की ओर से बताया गया कि सरकार निकाय चुनावों में जानबूझकर देरी कर रही है। सरकार चुनाव कराना नहीं चाहती है जबकि एकल पीठ चुनाव के संबंध में उनके पक्ष में फैसला दे चुकी है।

## केंद्र सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट में शपथपत्र दायर किया

# संताल में आदिवासी आबादी 44 से घटकर 28 फीसदी हुई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के संताल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को लेकर जनहित याचिका पर केंद्र सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट में शपथपत्र के जरिए अपना जवाब दाखिल किया। इसमें बताया गया है कि संताल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी में आदिवासी आबादी की हिस्सेदारी में 16 फीसदी की गिरावट आई है। यहां पहले आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी थी, जो घटकर 28 फीसदी हो गई है। केंद्र सरकार ने आदिवासी आबादी में गिरावट के मुख्य रूप से दो कारण बताए हैं। पहला, पलायन और दूसरा धर्मांतरण। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में इस प्रमंडल के छह जिलों (गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज) की डेमोग्राफी में विगत वर्षों में आए बदलाव की बात को स्वीकार किया है। बताया गया है कि इन जिलों में मुस्लिम आबादी में 20 से 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। पाकुड़ और साहिबगंज में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी बढ़ी है। ईसाइयों की संख्या में छह हजार गुणा तक की वद्धि हुई है। कोर्ट के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसी यूआईडीएआई ने भी इस मामले में अपना पक्ष दाखिल किया है, जिसमें यह बताया गया है कि आधार नंबर से व्यक्ति विशेष की पहचान पूरी तरह संभव है, लेकिन यह किसी की नागरिकता का आधार नहीं हो सकता। इस मामले में गुरुवार को तकनीकी कारणों से कोर्ट में विस्तृत सुनवाई नहीं हो पाई। यह मामला अगले मंगलवार (17 सितंबर) को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

**केंद्र ने कहा था कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेंगे :** बता दें कि इससे पहले 5 सितंबर को इस याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा था कि संथाल परगना में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की स्थिति अलामिंग है। इसकी वजह से इलाके की डेमोग्राफी प्रभावित हो रही है। इसी वजह से आदिवासी आबादी के प्रतिशत में गिरावट भी गंभीर विषय है। घुसपैठिए झारखंड के रास्ते देश के अन्य राज्यों में घुसकर वहां की आबादी को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही कहा था कि केंद्र सरकार इस पर गहन अध्ययन कर रही है। केंद्र सरकार इस संवेदनशील विषय पर अपने सभी स्टेक होल्डर यथा आईबी, बीएसएफ आदि से विचार विमर्श कर एक कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेगी।

**संताल के उपायुक्तों ने घुसपैठ से किया था इनकार :** इस मामले में संताल परगना प्रमंडल के छह जिलों के उपायुक्तों की शेष पृष्ठ 09 पर

### हल्फनामे में केंद्र ने स्वीकार की

- आधार से व्यक्ति की पहचान संभव, यह नागरिकता का आधार नहीं
- प्रमंडल के छह जिलों में आदिवासी आबादी में आई 16 प्रतिशत की कमी
- केंद्र ने स्वीकारा छह जिलों की डेमोग्राफी में विगत वर्षों में हुआ है बदलाव
- पाकुड़ और साहिबगंज जिले में सबसे ज्यादा बढ़ी है मुस्लिम आबादी
- 20 से 40 फीसदी तक की वृद्धि हुई है संताल के मुस्लिम आबादी में
- 6000 गुणा तक की वद्धि हुई संताल प्रमंडल में ईसाइयों की संख्या में

## घरेलू विवाद के बाद महिला ने तीन बच्चों के साथ कुएं में लगायी छलांग, सभी की मौत

- तीनों बच्चों के शव दो कपड़ों के सहारे मां से बंधे हुए पाए गए हैं
- मंगलवार को मायके जाने की बात कह कर निकली थी उषा मुंडा

**लोहरदगा।** लोहरदगा के कुडू प्रखंड में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। जिंगी पंचायत के मकरा गांव के एक कुआं से गुरुवार को पुलिस ने सभी का शव बरामद किया है। आत्महत्या का कारणा पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। बताया जाता है कि महिला मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद से वह लापता हो गया थी। मृत महिला की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के हुदू गांव निवासी फुलदेव मुंडा की पत्नी उषा मुंडा (26 ), पुत्री दिव्या मुंडा (7 ), पुत्र शिवम मुंडा (4 ), सत्यम मुंडा (एक वर्ष) के रूप में हुई है। सभी शव आपस में बंधे हुए थे। तीनों बच्चे दो कपड़ों के सहारे मां से बंधे हुए हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला ने कुएं के कूदने के पहले बच्चों को खुद से बांध लिया होगा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर हॉस्पिटल भेजा। कैरो थाना के एक पुलिस अफसर ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच पूरी किए बगैर इस बारे में फिलहाल कुछ भी नहीं कहा जा सकता। पुलिस हर संभावना के आधार पर तहकीकात करेगी।

**शाम तक मायके नहीं पहुंची तो दो दिनों से पति कर रहा था खोज :** जानकारी के मुताबिक वह मंगलवार को मायके जाने की बात कहकर अपने बेटा-बेटी के साथ घर से निकली थी। शाम तक जब अपने मायके नहीं पहुंची तो ससुराल वाले काफी परेशान हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनसभी का कहीं पता नहीं चला। बुधवार को दिनभर महिला के पति फुलदेव मुंडा ग्रामीणों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश की लेकिन असफल रहा। गुरुवार दोपहर बाद जब मकरा गांव के कुछ अपने कुछ काम से खेत की तरफ गये तो एक कुआं में महिला के साथ तीन बच्चों का शव तैरता नजर आया। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना फुलदेव मुंडा को दी। वह मौके पर पहुंचकर अपनी पत्नी और तीन बच्चों की की पहचान कर लिया। इधर, गांव में शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद कुडू पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया।

## आज | कल

तीसरी आंख




## हाईकोर्ट में डेढ़ घंटे बिजली गुल, मुख्य सचिव और ऊर्जा सचिव को बुला दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार सुबह डेढ़ घंटे बिजली गुल रही है। इस वजह से कोर्ट में अंधेरा छा गया और सभी काम थम गए। बजली तकनीकी गड़बड़ी के कारण बाधित हुई थी। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने नाराजगी जताई और राज्य के मुख्य सचिव एवं ऊर्जा सचिव को तलब किया। इसके बाद ये दोनों अधिकारी कोर्ट में हाजिर हुए। मिली जानकारी के अनुसार तकनीकी खराबी के कारण सुबह 9:15 बजे से 11:00 बजे तक हाईकोर्ट में बिजली चली गयी। इस वजह से अधिवक्ताओं के वर्किंग एरिया में अंधेरा छा गया। बिजली विभाग ने किसी तरह 11:00 बजे बिजली व्यवस्था बहाल करायी। तब जाकर सामान्य दिनों की तरह वर्किंग शुरू किया गया। वहीं इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव एवं ऊर्जा सचिव को बुलाया और मौखिक रूप से निर्देश दिया। दोनों अधीकारियों ने आश्वस्त किया कि हाईकोर्ट में बिजली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकेंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है। बातचीत के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी मौजूद थे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा और पैरालंपिक पदक जीते वाले भारत के पहले जूडो खिलाड़ी दृष्टिबाधित कपिल परमार उन लोगों में शामिल थे जिन्हें प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर खिंचवाते देखा गया।

## माकपा नेता सीताराम येचुरी का निधन, शरीर एम्स को दान

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरूवार को दोपहर 3.05 बजे निधन हो गया। 72 वर्षीय येचुरी पिछले एक माह से दिल्ली के एम्स में भर्ती थे। उन्हें निमोनिया होने के बाद भर्ती कराया गया था और उन्हें पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई थी। मंगलवार से उनकी स्थिति ज्यादा खराब हो गई थी और वे आईसीयू में थे। उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को एम्स को शिक्षण और शोध कार्यों के लिए दान कर दिया है। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सीताराम येचुरी उनके मित्र थे। हमारे देश की गहरी समझ रखने वाले भारत के विचार के संरक्षक थे। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि संसद में हमारे कई वर्षों के कामकाजी संबंध थे। माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। चेन्नई में 12 अगस्त 1952 को जन्मे येचुरी अगस्त 2005 से 2017 तक लगातार दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे थे। वह अप्रैल 2015 से माकपा के महासचिव पद पर थे। इससे पहले 1992 से वह माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य और 1984 से माकपा की केंद्रीय समिति से सदस्य रहे थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पोस्ट में लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि सीताराम येचुरी का निधन हो गया है। वह एक अनुभवी सांसद थे और उनका निधन राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक क्षति होगी।

## इंडिया

## सब्सिडी से संचालित मुफ्त शिक्षा या स्वास्थ्य विदेशों में भी है पर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कई मामलों में यूरोप, अमेरिका से भी आगे है। यूरोप ने पूंजीवाद की जकड़न को नरम किया, सुरक्षा चक्र प्रदान किया और ईमानदार प्रयासों से खुशहाली के मामले में अमेरिका से आगे निकल गया। विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने के बाद भारत भी दौड़ में शामिल है जहां सरकारी राजसहायता यानी सब्सिडी से चलने वाले शैक्षणिक और स्वास्थ्य प्रदायी संस्थाएं हैं पर अंतर है। यूरोपीय शिशुओं की मृत्यु की संभावना अमेरिका की तुलना में कम है, यूरोप में प्रसव अमेरिका की तुलना में कम खतरनाक है, और यूरोपीय लोग लंबे समय तक जीवित रहते हैं। उत्तरी यूरोप के लोग अमेरिकियों की तुलना में कम काम करते हैं। अमेरिकियों के 1,800 घंटे की तुलना में वे प्रति वर्ष केवल 1,400 या 1,500 घंटे काम करते हैं और अधिकांशतः सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, मुफ्त या सब्सिडी वाली बाल देखभाल और अच्छे सार्वजनिक स्कूलों की सुविधा का आनंद उठाते हैं। विश्वविद्यालय की शिक्षा अक्सर मुफ्त या सस्ती होती है। यदि आप डेनमार्क में मैकडोनल्ड्स में बर्गर बनाते हैं, तो आपको प्रति घंटे 20 डॉलर से ज्यादा का भुगतान किया जाता है, साथ ही आपको छह सप्ताह की सवैतनिक छुट्टी, एक साल का मातृत्व अवकाश और पेंशन योजना का आनंद मिलता है। इतना होने पर भी यूरोप आज आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पिछले साल अमेरिकी अर्थव्यवस्था (2.5 फीसदी) यूरोपीय संघ (0.4 फीसदी) की तुलना में छह गुना तेजी से बढ़ी। अमेरिका के पास एपल, गूगल और मेटा जैसी तकनीकी सफलताएं हैं, लेकिन बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दुनिया की शीर्ष 10 तकनीकी कंपनियों की हाल ही में जारी की गई सूची में एक भी यूरोपीय कंपनी नहीं है। यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य की स्टार्ट-अप) की एक सूची से पता चलता है कि अफ्रीका के छोटे-से देश, सेशेल्स में यूनान जैसी कंपनियां हैं, जबकि इटली या बेल्जियम में तीन कंपनियां हैं। फ्रांस ऑलमंड्स क्रोइसैन्ट, लग्जरी ब्रांड और एक शानदार जीवनशैली प्रदान करता है। लेकिन अगर यह एक



राज्य होता, तो यह प्रति व्यक्ति सबसे गरीब राज्यों में से एक होता, अर्कांसस के बराबर इस बीच, यूरोप की जनसंख्या इस दशक में चरम पर है और 14वीं सदी में ब्लैक डेथ (प्लेग फैलने) के बाद पहली बार इसमें उल्लेखनीय गिरावट आने वाली है। जनसंख्या में गिरावट और समाजों की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया इस तरह से जारी रहने की आशंका है, जिससे महाद्वीप का प्रभाव कम हो जाएगा। सैन्य दृष्टि से पश्चिमी यूरोप अमेरिका पर निर्भर है और अपने दम पर रूस का मुकाबला करने में असमर्थ है। पोलैंड और बाल्टिक राज्य अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यूरोप में आज कोई वास्तविक नेता नहीं है। जर्मनी के चांसलर इस भूमिका को निभा सकते हैं, लेकिन ओलाफ शोल्ज एंजेला मर्केल की छाया मात्र हैं। कभी इस क्षेत्र का इंजन रहे जर्मनी को अब कभी-कभी यूरोप का बीमार देश कहकर खारिज कर दिया जाता है। आंशिक रूप से इसलिए यह चिंता बढ़ रही है कि लड़खड़ाती जर्मन सरकार यूक्रेन को समर्थन देना बंद कर सकती है। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों नेतृत्व करने को तैयार हैं, हालांकि कोई नहीं चाहता कि वह ऐसा करें। मैक्रों ने अप्रैल में सोरबोन में चेतावनी दी थी, 'हमारा यूरोप नष्ट हो सकता है'; वह इस खतरे के प्रति सजग हैं, लेकिन देश या विदेश में उनके बहुत कम सहयोगी हैं। वर्ष 2005 में राजनीतिक वैज्ञानिक मार्क लियोनार्ड ने अपनी पुस्तक में बताया कि 'क्यों यूरोप 21वीं सदी को चलाएगा।' लेकिन एक यूरोपीय गणना के अनुसार, यदि अर्थव्यवस्थाएं वर्तमान गति से बढ़ती रहीं, तो 2035 तक औसत अमेरिकी और औसत यूरोपीय आर्थिक रूप से उतने ही दूर हो जाएंगे, जितने आज औसत यूरोपीय और भारतीय हैं। निष्पक्ष रूप से कहें, तो अंतर का आकलन इस बात पर भी निर्भर करता है कि किस विनिमय दर का उपयोग किया जाता है। अंतर बढ़ने का एक कारण यह हो सकता है कि राष्ट्रपति बाइडन के नेतृत्व में अमेरिका कंप्यूटर चिप्स, बैटरी और हाई-स्पीड इंटरनेट में निवेश कर रहा है; जबकि यूरोपीय संघ अपने बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवंटित करता है, कभी-कभी अधिक उत्पादन के लिए सब्सिडी देता है, ताकि यूरोप को तथाकथित अत्यधिक वाइन उत्पादन को हैंड सैनिटाइजर में बदलने के लिए भुगतान करे। नतीजतन यूरोप के 'प्रतिस्पर्धात्मक संकट' के बारे में चिंता बढ़ रही है। भारत और इन देशों में अंतर गुणवत्ता का है जिससे वे किसी भी स्थिति में समझौता नहीं करते और हम सरकारी नौकरी लूटना चाहते हैं।

## झारखंड में 14 और 15 सितंबर को भारी बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन और साउथ-वेस्ट मानसून झारखंड में सक्रिय है। राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में हल्की बारिश देखी गई। वहीं, प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 35.9 डिग्री गोड्डा व सबसे कम तापमान 23.1 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। सबसे अधिक वर्षा 32 मिमी रामगढ़ में दर्ज की गई। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में अच्छा खासा पड़ने वाला है। कुछ जिलों में तेज बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है, इसलिए लोगों को काफी सचेत रहने की जरूरत है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 16 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 13 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश होने की संभावना है जबकि अन्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इसमें दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज में भारी बारिश की संभावना है। 14 और 15 सितंबर को मध्य, दक्षिणी पश्चिम और उत्तर पूर्व में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इसके तहत दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इस दौरान इन जिलों में भारी बारिश के साथ ही वज्रपात के लिए भी चेतावनी जारी की गयी है। 16 सितंबर को राज्य के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

# कांग्रेस की रायशुमारी में टिकट के दावेदारों की लगी भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन के लिए गुरुवार को पलामू प्रमंडल के नौ सीटों के लिए चंद्र रेसिडेंसी में रायशुमारी हुई। बतौर पर्यवेक्षक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष ग्रीस चोड़नकर, सदस्य प्रकाश जोशी, पूर्व विधायक पूनम पासवान सहित प्रमंडल के वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे। सबसे पहले लातेहार के दो विधानसभा क्षेत्र लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए रायशुमारी की गई। इसके बाद गढ़वा के दो विधानसभा क्षेत्र गढ़वा व भवनथपुर विधानसभा के लिए रायशुमारी की गई। सबसे अंत में पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र डालटनगंज, विश्रामपुर, हुसैनाबाद, पांकी, छतरपुर (सु) के लिए रायशुमारी की गई। दिन भर चले रायशुमारी कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह था। रायशुमारी कार्यक्रम में विधानसभा के दावेदारों के लगभग तीन हजार से अधिक समर्थक मौजूद थे। विश्रामपुर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला ने पर्यवेक्षक से मुलाकात कर आनेवाले चुनाव में रणनीति पर चर्चा की। अमृत शुक्ला और उनके साथ भारी संख्या में आए लोगों ने पार्टी पदाधिकारियों को आश्वस्त कराया की विश्रामपूर विधानसभा जीत कर व प्रदेश में कांग्रेस के हाथ को मजबूत करेंगे। मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, केएन त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की।


## चुनाव नहींलड़ने से पार्टी कमजोरः डॉ. तौसीफ

हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के डॉ. तौसिफ रायशुमारी में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे। वह पर्यवेक्षक से मिलकर इस बात पर जोर देना चाहते थे की पार्टी 2009 से यहां चुनाव नहीं लड़ी है। गठबंधन के कारण ये सीट राजद के पाले मे चली गयी। इस कारण वहां कांग्रेस पार्टी जनाधार लगातार कमजोर होते गया। अगर यही हाल रहा तो पार्टी के कार्यकर्ता वहां लगभग समाप्त हो जाएंगे।



## इस बार बोरो उम्मीदवार नही चलेगाः सुधीर चंद्रवंशी

विश्रामपुर विस के कांग्रेसी सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि उन्होंने विश्रामपुर में नए प्रत्याशी की जरूरत है जो धरातल से जुड़ा हो। साथ ही लोगों के सुख दुःख में हमेशा उनके साथ खड़ा हो। विधानसभा क्षेत्र में इस बार बोरो प्रत्याशी नहीं चलगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी के समर्पित सिपाही को टिकट देती है तो उनके साथ पूरी तरह से साथ रहेंगे। उन्होंने राहुल गांधी के बात को दोहराते हुए कहा कि जिसकी जितनी संख्या है। उसकी हिस्सेदारी होगी। कांग्रेस के गदावार नेता ददई दुबे ने कहा की इस बार पुरे प्रमंडल मे सभी सीट इंडिया गठबंदन के पाले मे जाएगी। कार्यकर्ता पूरी तरह से जोश में है।



## कांग्रेस की जीत सुनिश्तिः रुद्र शुक्ला



पांकी विधानसभा क्षेत्र से रुद्र शुक्ला अपने कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बात दिल्ली से आए पर्यवेक्षक के सामने रखा। साथ ही पांकी विधानसभा के राजनीतिक स्थितियों से भी रूबरू कराया। उमीद जताई की इस बार पार्टी उन्हें टिकट जरूर देगी।

# गोली चालन का नामजद आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर



नवीन मेल संवाददता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र निवासी मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के पूर्व सदर इसराइल आजाद उर्फ मिंटू और गोसिया मदरसा के पास रहने वाले आतिफ खान के घर पर गोली चलाने के मामले में आरोपी सोनू खान ने गुरुवार को व्यवहार न्यायालय में सरेंडर कर दिया। उस पर उक्त दोनों व्यक्तियों ने अपने ऊपर जानलेवा हमले की नियत से गोली चालन करने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराया था। बता दें कि दोनों के घर एक तीन सप्ताह पूर्व गोली चालन की घटना हुई थी। बताया जाता है कि हालांकि गोली चालन में दोनों घरों में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ था। इसराइल आजाद ने पूर्व में चैनपुर में एक जमीन खरीदी थी। जिसे लेकर सोनू ने उससे रंगदारी मांगी थी। इस मामले को लेकर पलामू पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भी इसराइल आजाद में शिकायत दर्ज करा कर सोनू की गिरफ्तारी की मांग की थी। गोली चालन के घटना के बाद लगातार शहर थाना पुलिस सोनू की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी।

### वाईएसएनएम कॉलेज का दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# नई शिक्षा नीति नये भारत के निर्माण का संकल्प हैः आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महाविद्यालय के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त सह नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बाल किशुन मुंडा, बतौर अतिथि कुलानुशासक डॉ. के.सी झा, कार्यशाला के आयोजक योध सिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता, पीके रॉय कॉलेज, धनबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.के सिंन्हा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित थे। मंच संचालन महाविद्यालय की राजनीति शास्त्र की सहायक प्राध्यापिका डॉ. जेनिफर गुड़िया ने किया। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला को-ऑर्डिनेटर अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मशरिक जहां द्वारा



कार्यशाला की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी कुलपति श्री मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में न केवल शिक्षा व्यवस्था को बदलने की शक्ति है अपितु पूरे राष्ट्र, उसकी सोच, उसकी दृष्टि को बदलने की ताकत है। एनईपी सिर्फ एक नीति नहीं है बल्कि यह 130 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का संकलन है। उन्होंने कहा कि यह नीति नये भारत के निर्माण का संकल्प है। 21 वीं सदी ज्ञान सीखने एवं नवाचार का युग है। इसका उद्देश्य स्कूल बैग के बोझ से विद्यार्थियों को मुक्त करना है। छात्र-छात्राओं में रचनात्मक व आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। कुलानुशासक डॉ. केसी झा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा पद्धति को 10+2+3 के स्थान पर 5+3+3+4 में परिवर्तित कर पूरे देश में लागू किया गया है। इसमें विद्यार्थियों को स्वेच्छा से विषय चयन का विकल्प दिया गया है। जिससे साइंस, आर्ट्स का भेद मिट जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया है। प्रभारी प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता ने स्वागत संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में भी सुधार आएगा। कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य वक्ता डॉ. बीके सिंन्हा द्वारा एनईपी 2020-प्रिपेयर इंडिया फॉर फ्यूचर पर विस्तृत चर्चा करते हुए पीपीटी प्रेजेंटेशन किया गया। यह सत्र बहुत ही रोचक एवं प्रश्न-उत्तरों से भरा रहा। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित हुए।

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता का जिला स्तर पर आज होगा शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समग्र शिक्षा विभाग द्वारा खेलो झारखंड प्रतियोगिता जिला स्तर पर आज आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में अंडरझ्14 अंडर 17 अंडरझ्19 बालक तथा बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, खोझखो, कबड्डी योगासन, फुटबॉल, हॉकी साइकलिंग, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, कराटे, जिमनास्टिक बैडमिंटन, शूटिंग मलखंब नेटबॉल तरह की जूडो, साइकलिंग, शतरंज स्केटिंग ,मुक्केबाजी वॉलीबॉल ,टेबल टेनिस, भारतोलन, तलवारबाजी हैंडबॉल ,बास्केटबॉल में खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। विभिन्न प्रतिस्पर्धा आयोजन में जिला ओलंपिक संघ, एथलेटिक्स संघ समेत सभी खेल संघों से तकनीकी




सहयोग लिया जा रहा है।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चुने गए खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर होने वाली 19 सितंबर से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता के पहले चरण में 13 और 14 सितंबर को एथलेटिक्स प्रतियोगिता के खिलाड़ी भाग लेंगे। अंडर -14 वर्ग में सौ से लेकर आठ सौ मीटर दौड़,ऊंची कूद,लंबी कूद,शॉर्टपुट,डिस्कस थ्रो के इवेंट में खिलाड़ी भाग लेंगे वही अंडर- 17 तथा अंडर-19 में ऊंची कूद,लंबी कूद,शॉर्टपुट,डिस्कस थ्रो, सौ मीटर से लेकर तीन हजार मीटर तक दौड़ लड़कियों के लिए तीन हजार तथा लड़कों के लिए पांच हजार मीटर पैदल चलना शामिल है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह मौजूद रहेंगी।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच की गढ़वा में बैठक 15 को

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच 15 सितंबर को गढ़वा शहर के उत्सव गार्डन में गढ़वा-रंका विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गढ़वा विधानसभा के छह प्रखंड से पिछड़ा वर्ग के नेता भाग लेंगे। इसमें पूरे विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता रथ निकालकर पिछड़ा समाज के लोगों को एकत्रित करने नुक्कड़ सभा करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय सचिव ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के गोरखनाथ चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, सोनू यादव, डॉ. इश्तियाक रजा ने संयुक्त रूप से गुरुवार को दी।

# नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार शाम समाप्त हो गयी है। नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने सभी छह सूत्री मांगों को पूरा करने का निर्णय लिया है। रांची में वार्ता के बाद मांगे पूरी करने पर हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया गया। बतातें चलें कि झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर 23 अगस्त से मेदिनीनगर नगर निगम समेत पूरे राज्य के कर्मी अपनी छह सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे। झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन की छह सूत्री मांगों पर राज्य के नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने पहल करते हुए सभी मांगो को पूरा किया एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कर्मियों की हड़ताल समाप्त करायी। इस निर्णय पर निकाय के सभी कर्मियों ने मंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया है। वार्ता सह बैठक में नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक शैलेंद्र कुमार, एवं लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, महामंत्री अनूप लाल हरी, मेदिनीनगर निगम अध्यक्ष संतोष कुमार, देवघर निगम अध्यक्ष संजय मंडल, गिरिडीह निगम अध्यक्ष लखन हरिजन, अंजित चंद्रा शामिल थे। हर तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ था। दुर्गंध फैलने से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा था। कार्यालय कार्य पर भी असर पड़ा था। कर्मचारियों की मांगों में निकाय में कार्यरत दैनिक एवं मानदेयकर्मियों की सेवा नियमित करने, निकायकर्मियों का वेतन भुगतान के लिए सरकार स्तर से शत प्रतिशत आवंटन निर्गत करने, निकाय में सेवानिवृत होने वाले तमाम तरह की सेवानिवृत्ति लाभ, भुगतान सरकार अपने कोष से करें, उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों से ही पदोन्नति प्रदान करने, आउटसोर्सिंग मजदूरी का भुगतान सरकार अपने स्तर से करके भ्रष्टाचार समाप्त करने एवं जीवन बीमा का लाभ निकायकर्मियों को सरकार द्वारा देने आदि की मांग शामिल है।

## हेमंत सरकार कुछ दिनों की मेहमानः सतीश कुमार

मेदिनीनगर झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सम्पूर्ण राज्य में आंदोलनकारियो ने बंद के दौरान सड़क पर उतरकर हेमंत सोरेन सरकार को आईना दिखाने का काम किया। ये बातें झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार व प्रमंडलीय अध्यक्ष विकेश शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार के असली चरित्र को बेनकाब किया। झारखंड बंद में राज्य के दर्जनों जन संगठन ने समर्थन किया व राज्य की जनता ने बंद को सफल बनाने में अपनी भूमिका अदा किया व सहयोग किया उन्हें भी जोहार। कुछ दिनों के मेहमान हेमंत सोरेन सरकार नहीं सचेत होती तो झारखंड के सत्ता से हाथ धोना पड़ेगा। झारखंड विरोधियों व राज्य के लुटेरों के साथ गठबंधन कर सरकार चलाने की मंशा पाले हेमंत सोरेन सरकार को आंदोलनकारी अगामी चुनाव में सबक सिखाने का मन बना चुकी है। बुधवार के बंद में राज्य के कई जिलों में पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया है। गिरफ्तार किया गया। जो राज्य के निर्माण के बाद गृह विभाग के संकल्प के विरूद्ध है। राज्य के डीजीपी से शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को सरकार कमजोर समझने कि कोशिश नहीं करें। आंदोलनकारियों की संख्या लाखों मे है। अगर आंदोलनकारियों के संख्या जोड़ ले तो दस लाख से ज्यादा आबादी है, जो क्षेत्रीय पार्टियों के वोट प्रतिशत के समकक्ष है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सभी प्रमंडलीय व जिला कमेटी 15 सितंबर को बंद का समीक्षात्मक बैठक कर उलगुलान के दूसरे कार्यक्रम की तैयारी करने पर विचार कर करेगी।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ. कौशल ने आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पदाधिकारियों को थाईलैंड का आम पौधा दिया

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क सह जैविक उद्यान में पर्यावरण विद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने सरकार की ओर से आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आए पदाधिकारी को थाईलैंड का आम का पौधा देकर उन्हें विदा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम के पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण व भीषण गर्मी व जल संकट को नहीं रोका गया तो एक दिन लोग डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएंगे। इससे बचने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, नोडल पदाधिकारी संजय प्रसाद, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रखंड के बड़ा बाबू नवाब खान,सीडीपीओ शीला, 20 सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख संतोष यादव, डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, चराई के मुखिया रविंद्र राम, सुपरवाइजर मनीषा कुमारी, उप मुखिया नगीना खातून, पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के बाद स्कूली बच्चों को पुस्तक और साइकिल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम लागये गये सभी स्टॉल से करीब 1267आवेदन प्राप्त किया गया।

### रामलीला के माध्यम से श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करेंः चंद्रशेखर सिंह

**मेदिनीनगर।** रामलीला में श्रीराम के चरित्र का चित्रण होता है। रामलीला देखकर बच्चों से लेकर बड़े लोग राम के चरित्र को आत्मसात करते हैं। उक्त बातें अजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वह चैनपुर प्रखंड के पतरिया खूर्द गांव में आयोजित गणेश पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने फीता काटकर रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से संबंध को कैसे निभाया जाय। यह सीखने को मिलता है। भाई को कैसे भाई के साथ, पिता को कैसे पुत्र से साथ, पुत्र को कैसे पिता के साथ व पति को कैसे पत्नी के साथ संबंध व व्यवहार रखना चाहिए। आज की आधुनिकता व समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध युवा समिति ने रामलीला का आयोजन कर समाज के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके पूर्व समिति के अध्यक्ष मनदीप चौधरी ने चंद्रशेखर सिंह छोटू को फूल माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर बनारस से पधारी रामलीला मंडली ने रामलीला का भव्य मंचन किया। मंच पर राम दरबार ऐसा सजाया गया था। मौके पर पार्टी नेता जिला संगठन सचिव सतीश तिवारी, राजीव पांडेय, बबलू डोगरा, परमानंद सिंह, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद प्रजापति, मनदीप चौधरी, दारोगा सिंह, अमन, बुधन चौधरी, राजेश चौधरी, रवि पांडे, दीनानाथ राम, संजय पांडेय, भोजपुरी कलाकार विभूति गिरी, पतरिया गांव के समाज सेवी चंद्रशेखर सिंह, शिवलाल चौधरी, विष्णु देव चौधरी, शिक्षक मदन सिंह, रामयश सिंह, गया राम, प्रमोद सिंह, हरि सिंह व बुद्धेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### हेमंत ब्रिटिश पैटर्न पर सरकार चला रहे हैंः पंकज सिंह

**मेदिनीनगर।** मनरेगा कर्मी लगातार 53 वें दिन हड़ताल पर डटे रहे। समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठे मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि सरकार के हठधर्मिता से मनरेगा कर्मियों में उबाल है। ग्रामीण विकास मंत्री के वार्ता में हुई सहमति पर लिखित समझौता पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे मनरेगा कर्मियों ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। बता दें कि सेवा स्थायीकरण और वेतनमान के अलावे कई अन्य मांगों को पूरा करने बाद ही हड़ताल समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत ब्रिटिश पैटर्न पर सरकार चला रहे हैं। उन्हें आम जनता के दुख-दर्द से अधिक गद्दी से लगाव है। इसलिए मनरेगा कर्मियों के लाचारी का फायदा उठाकर शोषण कर रहे हैं और अपने ही किए हुए वादे से मुकर रहे हैं। उन्होंने संविदा आधारित काम को खत्म करने का प्रण लिया था, लेकिन सत्ता सुख में लिप्त होकर अपना प्रण भूल गए। मनरेगा कर्मी अन्य सरकारी कर्मियों से अधिक मेहनत करते हैं, लेकिन सरकार ने कभी भी उनकी हित नहीं चाहा, केवल मशीन की तरह उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि भारत देश भले ही आजाद हो गया हो लेकिन मनरेगा कर्मी आज भी आजाद भारत के गुलाम कर्मचारी हैं। इसलिए आंदोलन की भ्रूण हत्या करने के लिए विभाग की ओर से कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संविधान में निहित समता और समानता के अधिकार का खुलेआम धज्जी उड़ायी जा रही है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन की अनदेखी कर मनरेगा कर्मियों को बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जाता है। एक ओर अधिकारियों की प्रताड़ना और काम का अत्याधिक बोझ। दूसरी ओर इतने कम मानदेय में परिवार चलाने की चिंता धीरे-धीरे मनरेगा कर्मियों को निगलते जा रही है। आए दिन मनरेगा कर्मी हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज, सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उनके लिए सरकार ने फूटी कौड़ी देने की व्यवस्था नहीं रखी है। धरना में विकास पांडेय, नारद कुमार यादव, अख्तर हुसैन, पवन गंगा, अजय कुमार, धीरज चौबे, चंद्रशेखर दुबे, आशीष कुमार, अभय दुबे, आशीष कुमार, विष्णु मिश्रा, पप्पू जायसवाल, रमाकांत तिवारी, शंभू राम, मनोज चौबे, धीरज चौबे, संजय, सूरज सहित सैकड़ों मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### गणिनाथ गोविंद जी का 40वां वार्षिक महोत्सव शनिवार को

**मेदिनीनगर।** संत शिरोमणि श्री गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 40 वां वार्षिक महोत्सव अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा जिला कमेटी सह युवा कमेटी हलवाई समाज के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस स्थानीय टाउन हॉल में पहुंच कर समाप्त हो जाएगा।

## चातुर्मास व्रत कथा

### 15 सितंबर को श्रीबामन द्वादशी महामहोत्सव आयोजन

# कर्म से ही भाग्य का निर्माण होता है : जीयर स्वामी

**जिस समय संसार में हम जन्म लेते हैं उसी समय इस शरीर का जन्म-मृत्यु तय हो जाती है**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत नदी तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा में त्रिदंडी श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि वेद, उपनिषद, गीता तीनों ही कर्म को कर्तव्य मानते हुए इसके महत्व को बताते हैं यही पुरुषार्थ है। व्यक्ति निरंतर कर्म करता रहता है। सोया हुआ व्यक्ति भी कर्म कर रहा है। कर्म का संबंध हमारे शरीर, मन, मस्तिष्क और चित्त की गति से है। गति कभी भी रुकती नहीं है। मृत्यु के बाद मात्र



यह भौतिक शरीर या देह ही नष्ट होती है, जबकि सूक्ष्म शरीर जन्म-जन्मांतरों तक आत्मा के साथ संयुक्त रहता है। यह सूक्ष्म शरीर ही जन्म-जन्मांतरों के शुभ-अशुभ फल को प्राप्त करता है। अगर हम अच्छा कर्म करते हैं तो हमारा प्रारब्ध कमजोर भी होता है तो वह अच्छे कर्मों से मजबूत हो जाता है। अगर हम बुरे काम करते हैं तो हमारा प्रारब्ध मजबूत होता है तो वह हमें सूक्ष्म होकर प्राप्त होता है। दरअसल, संचित कर्मों में से एक छोटा हिस्सा हमें नए जन्म में भोगने के लिए मिल जाता है। इसे प्रारब्ध कहते हैं। जिस समय संसार में हम जन्म लेते हैं उसी समय इस शरीर का जन्म-मृत्यु तय हो जाती है। इसीलिए हमारे कर्म से ही हमारे भाग्य का जन्म होता है।

## सनातन धर्म के मूल हैं भगवान श्रीहरि विष्णु

लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि अच्छे लोगों के विचार लागु होगा की नहीं होगा यह तो बाद की बात है, लेकिन बुरे लोगों के विचार लागू होने में देर नहीं लगती। अनीति, अन्याय और अधर्म आज ही नहीं हो रहा है यह पहले भी होता था। त्रेतायुग, द्वापरयुग में भी होता था। कलियुग में उस समय के मुकाबले कम है। समुद्र मंथन से पहले देवता लोग भी मरते थे। समुद्र मंथन से निकले अमृत पान करने के बाद सब कुछ बदल गया।

## एक नजर

### सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आयोजित दस दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुवार को आयोजित समापन समारोह में संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल,फैकल्टी मिथलेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया। आरसेटी के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि आरसेटी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क कौशल विकास युक्त प्रशिक्षण देकर उन्हें सफल उद्यमी बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिणार्थियों को वैज्ञानिक तरीके से सूकर पालन करने की जानकारी दी गई, ताकि वृहद स्तर पर सूकर का उत्पादन कर वे अपने परिवार के जीवनस्तर को मजबूत कर सकें।

# पुल निर्माण में अनियमितता देख भड़के ग्रामीण, कार्य बंद कराया



**बालू में मिट्टी मिला है और गिट्टी कि गुणवत्ता भी ढ़लाई योग्य नही**

**पुल निर्माण कार्य में त्रुटि को दूर करने का निर्देश दिया गया है : एई**

ग्रामीण सतेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राणा प्रताप सिंह, रामशंकर सिंह, अनिल सिंह, हेमंत सिंह प्रभु सिंह मुन्ना सिंह देवेंद्र सिंह जमील अख्तर, संदीप सिंह आदि ग्रामीणों नें बताया कि इस पुल के ट्रेंच वाल भी पुल कि उंचाई से दो फिट नीचे है। जब इसमें मिट्टी भर कर सड़क बनेगा तो वह जल्द ही टूट जायेगा जिससे पहुंच पथ ही नहीं रहेगा। ग्रामीणों द्वारा पुल निर्माण में अनियमिता कि सूचना पर निर्माण कार्य स्थल पहुंची शांति देवी नें कार्य स्थल पर मौजूद ग्रामीणों एवं अधिकारी से इस संबंध में जाना और हिदायत दी कि नियमानुसार ही पुल का निर्माण कार्य संवेदक करें। इस संबंध में सहायक अभियंता निश्चल रंजन बताया कि पुल निर्माण कार्य में जो भी त्रुटि है, उसे दूर करने का निर्देश संवेदक को दे दिया गया है, कार्य गुणवतापूर्ण ही होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** बाबुड़ीह से बुल्का तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रारम्भ हुआ था। विधानसभा चुनाव आने वाला है, लेकिन इसकी निर्माण गति से लगता है कि इस क्षेत्र के जनता को चलने योग्य सड़क के लिए केवल इंतजार ही करना है। सलोनी शशांक जेभी कंस्ट्रक्शन द्वारा बाबूडीह से बुल्का सड़क निर्माण निर्माण कार्य के अंतर्गत जिरुवा नदी पर पुल निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। विरोध स्वरूप पुल निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है। इसके सिलाब में कवर ब्लॉक उलटा कर लगाया जा रहा है। बालू में मिट्टी मिला है और गिट्टी कि गुणवत्ता भी ढ़लाई योग्य नहीं है। जिरुवा नदी में छलका के ऊपर बन रहे पुल को जिरुवा और खरदहा के ग्रामीणों नें रोक दिया।

## जनता से किया वादा पूरा कर रहे हैं: भानू

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गुरुवार को हलिवंता गांव में विधायक भानू प्रताप शाही ने नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल व पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास शिलालेख से पट हटाकर किया। यह उच्च स्तरीय पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत एक करोड़ 96 लाख 80 हजार रुपये की लागत से 28.6 मीटर लंबा निर्माण होना है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से ललन ठाकुर के घर होते हुए आम के पेड़ तक विधायक निधि से पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। गांव के देवी धाम परिसर में आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव में या चुनाव के बाद क्षेत्र की जनता से जो भी वादा हमने किया था, एक-एक कर उसे पूरा करने का कार्य कर रहा हूं। हलिवंता के लोगों से मैंने वादा किया था कि चुनाव से पहले यदि मैं नारायण नाला पर उच्च स्तरीय पुल नहीं दे पाया तो चुनाव में वोट मांगने नहीं आऊंगा। आज इस वादे को पूरा करने का कार्य आपके सहयोग से किया। यह गांव दो भाग में बंटा हुआ था, जिसे यह फूल जोड़ने का काम करेगा। जब से राजनीति में आया हूं तब से तोड़ने नहीं जोड़ने का ही काम करते आ रहा हूं। मैं झूठा शिलान्यास नहीं करता हूं। एक सप्ताह के अंदर नारायणा नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। यह पुल का नहीं बल्कि गांव के भविष्य के निर्माण का शिलान्यास हुआ है। सिर्फ पुल ही नहीं कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का भी प्रस्ताव सरकार को दिया हूं। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से नारायण नाला पर बन रहे पुल होते सोनडीहा सिवान तक तथा झरिया गांव से सुलसुलिया गांव तक बनेगा। यह रिंग रोड बनेगा, इसमें राजू पासवान के घर से रमेश पासवान के घर तक पीसीसी सड़क भी बनेगा। विधायक ने पुल निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण ससमय पूरा कराया ने का निर्देश विभागीय अभियंता को दिया। कहा कि मार्च 2025 में पुल का उद्घाटन करूंगा तथा वहीं पर होली मिलन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय ने किया। समारोह को मुखिया राकेश चौबे, पूर्व प्रमुख सह प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पासवान, बनारसी पासवान, सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र गुप्ता, रंजन चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया। मौके पर भगत दयानंद यादव, विवेका पांडेय, शैलेंद्र शुक्ला, रिंकू प्रताप देव, सत्यनारायण पांडेय, संजय कसेरा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई व ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।



## आपकी योजना आपकी सरकार में 897 आवेदन प्राप्त हुए



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कुशदंड के मध्य विद्यालय कुशदंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, मुखिया कुमारी रेखा, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 897 आवेदन प्राप्त हुए। 274 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया। शेष 623 आवेदन लंबित रह गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास के 542 आवेदन, 15वां वित्त के 2 आवेदन, मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 16 आवेदन, नये जॉब कार्ड के लिए 24 आवेदन,नये राशन कार्ड व संशोधन के लिए 40 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 100 आवेदन, आधार पंजीकरण के लिए 2 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 19 आवेदन, पेयजल के लिए 3 आवेदन, कल्याण विभाग के लिए 1 आवेदन तथा 141 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में बीडीसी लालो खातून, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, महिला पर्वेक्षिका माया कुमारी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार , वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

### गुरु गोष्ठी के एसओपी पर विस्तार पूर्वक जांच किया गया

**गढ़वा।** राज्य स्तरीय अनुश्रवण दल ने प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़वा का अनुश्रवन और जांच किया। इस अवसर पर बताया गया कि राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा 24 जिला के लिए राज्य स्तरीय अनुश्रवन दल बनाया गया है। गढ़वा जिला अनुश्रवन दल में कामेश्वर सिंह (जीसीईआरटी रांची), श्रेयांश ओझा (व्यावसायिक शिक्षा), चंद्रदेव सिंह (स्पोर्ट्स पीएमयू) को नामित किया गया है। प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़वा के क्रम में स्टेट टीम के द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र के एसओपी, गुरु गोष्ठी के एसओपी पर विस्तार पूर्वक जांच किया गया। एसओपी के बिंदुवार अवलोकन करते हुए प्रखंड संसाधन केंद्र के सभी प्रकार की व्यवस्था को देखा गया। प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़वा में सभी प्रकार की ऑफिस से संबंधित व्यवस्थाएं पाई गई। कार्यक्रम मद, लेखा संधारण, एमडीएम एवं समावेशी शिक्षा पर विशेष रूप से अवलोकन किया गया।

## सेविका-सहायिका ने दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बाल विकास परियोजना में नव चयनित एक सेविका सहित तीन सहायिका ने गुरुवार को योगदान दिया। बता दें कि पद रिक्त रहने के कारण सेविका व सहायिका का चयन किया गया था। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गढ़वा द्वारा अनुमोदन के बाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह बीडीओ जागो महतो, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी स्वस्तिका व मीना देवी के समक्ष सेविका व सहायिकाओं ने योगदान दिया। योगदान देने वालों में लोरा आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका चंपा कुमारी, आंगनबाड़ी केंद्र सोनेहारा के दक्षिण टोला की सहायिका पुनीता देवी ,ओखरगड़ा भुइयां टोला की सहायिका संजू देवी तथा हासनदाग पश्चिम टोला की सहायिका संगीता देवी का नाम शामिल है। योगदान के बाद महिला पर्यवेक्षिका कुमारी स्वस्तिका द्वारा सभी चारों लोगों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

### उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार की बैठक

**गढ़वा ।** 19 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित गढ़वा दौरे को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होंने पदाधिकारियों को टास्क सौंपा है। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी करने का निर्देश दिया। संभावित तिथि को मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। वहीं सभी विभागों के अपने-अपने स्टॉल भी लगाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री 19 सितंबर को मेराल प्रखंड के पेशका हाई स्कूल मैदान(पंचायत-दुलदुलवा), में और लातेहार जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## दो दिवसीय खेलो झारखंड के प्रखंडों में समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड स्तरीय आयोजित 'खेलो झारखंड' के दूसरे दिन का समापन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख आभा रानी,बीपीएम नवीन प्रकाश और उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किए। बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय खरौंधी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खरौंधी की टीम को 1-0 से मात दी। इस जीत ने टीम को गौरवान्वित किया और उन्होंने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां की बालिका टीम ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ खेलते हुए उच्च विद्यालय खरौंधी की टीम को पराजित किया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन मझिगावां की टीम ने अपनी रणनीति और खेल कौशल के आधार पर जीत हासिल की। साथ ही 100,200,400 मीटर की दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमे अंडर 14 में 100 मीटर की दौड़ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोसलिबार की लक्ष्मी कुमारी,200 मीटर की दौड़ में कस्तूरबा गांधी वालिका विद्यालय खरौंधी की नाजिया प्रवीण,400 मीटर की दौड़ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोसलिबार की लक्ष्मी कुमारी, अंडर 17 में पूनम कुमारी, खुशबू कुमारी, मालती कुमारी, खुसबू कुमारी, अंजनी कुमारी विजयी रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में कबड्डी में उच्च विद्यालय खरौंधी बनाम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खरौंधी के बीच खेला गया जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विजेता रही।अंडर 14 ऊची कूद में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां की फिजा रानी विजयी हुई। इसके साथ साथ भाला फेंक आदि प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उभारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों झारखंड में खेलने के लिए भेजा जाएगा। प्रमुख आभा रानी ने भी खेल प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। मौके पर खेल शिक्षक कृष्णा यादव, नीरज कुमार दुबे, उदय प्रताप,अंजनी कुमार द्विवेदी, अमरेश कुमार राम, अरविंद कुमार गुप्ता, चन्द्रदेव प्रजापति, अशोक राम, अजय उरांव, चंद्रकांत रंजन, अजित कुमार राम सहित सैकड़ों स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड में प्रतिभागियों ने दिखाया दम

भंडरिया गढ़वा झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के प्रतिभाओं को उभारने के लिए खेलो झारखंड के तहत शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खोखो, वालीबॉल, 100 मीटर की दौड़, 200 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, 800 मीटर की दौड़, 1500 मीटर की दौड़, 3000 मीटर की दौड़ का बालक-बालिकाओं के लिए आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को चयनकर्ताओं द्वारा चयन किया गया। उन्हें अब जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेलने के लिए भेजा जाएगा। सरकार द्वारा चलाए जा रहा यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अंदर जो प्रतिभा है उसे निकालने का काम किया जा रहा है। मौके पर प्रथम व द्वितीय प्रतिभागियों को मेडल व शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, सीआरपी सत्यनारायण यादव, प्रखंड के शिक्षक नीतेश वर्मा, रतन रंजन, रामबली राम सहित प्रखंड के कई शिक्षक छात्र-छात्राएं व प्रतिभागी शामिल थे।

**अवैध**

## घरेलू उपयोग के सामानों का चल रहा कालाबाजारी

# पुलिस भारी मात्रा में नकली हार्पिक को किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** पुलिस ने गुरुवार को सगमा स्थित एक दुकान से 200 एमएल का भरा डब्बा 720 पीस, 200 एमएल का खाली डब्बा 751 पीस, 200 एमएल का रैपर 6500 पीस, नकली ढक्कन 651 पीस, केमिकल 8 लीटर, ईआईपीआर अधिकृत पीजी कंपनी का टाइड प्लस नकली भरा हुआ पैकेट 95 ग्राम का 900 पीस, ईआईपीआर अधिकृत पीजी कंपनी का टाइड प्लस नकली खाली पैकेट 1100 पीस को जब्त कर दुकानदार हरी दर्शन यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया।

**मौके से दुकानदार फरार**

थाना प्रभारी उपेन्द्र ने बताया कि रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख जांचकर्ता रंजीत कुमार सिंह द्वारा सूचना मिला था की सगमा में एक दुकान में अवैध रूप से रेकिट बेंकिजर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के हार्पिक के जगह पर उसी लोगों का इस्तेमाल कर नकली हार्पिक का निर्माण कर खरीद-बिक्री किया जा रहा है। इसके बाद उक्त सूचना का सत्यापन कर हरी दर्शन यादव के दुकान में छापामारी की गई। मौक से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली भरा हुआ 200 एमएल के हार्पिक, 200 एमएल नकली हार्पिक का खाली डब्बा। उसमे प्रयोग होने वाला ढक्कन, नकली रैपर आदि को जब्त किया गया। छापामारी के क्रम में दुकानदार को दुकान में नही पाया गया।

### मोटरसाकिल के धक्के से महिला घायल

**गढ़वा ।** मेराल थाना क्षेत्र के छपरवार खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय श्यामा राम की पत्नी शीला कुंवर एवं रवि राम का पुत्र मुकेश चंद्रवंशी मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शीला देवी अपने घर के पास बर्तन धो रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार दोनों को धक्का मार कर घायल कर दिया। इसके बाद दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर मोटरसाइकिल सवार ने अपना मोटरसाइकिल लेकर वहां से फरार हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### एफपीए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है: राजीव



**भवनाथपुर।** एग्रीवीजन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (कृषक उत्पाद संगठन, नाबार्ड पोषित) का वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को मकरी पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाजार समिति गढ़वा के सचिव राजन शेखर, विशिष्ट अतिथि विधायक आप्त सचिव भवनाथपुर विधानसभा सह मुखिया प्रतिनिधि मकरी पंचायत धनंजय साव, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर प्रदीप चौबे, नवल किशोर गुप्ता,दीनानाथ राम,अंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सीबीबीओ के जूनियर एग्जीक्यूटिव प्रिंस कुमार व कुंज प्रसाद द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। आगामी योजना पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सचिव बाजार समिति गढ़वा राजीव रंजन ने ई नाम योजना एवं नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एफपीओ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि एफपीए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। कृषकों का भविष्य ई मार्केटिंग एवं आधुनिक व्यवसाय पर निर्भर करता है। अगर समय के अनुसार अपना कृषि एवं व्यवसाय का तरीका नहीं बदला तो हम काफी पीछे हो जायेंगे। कार्यक्रम में प्रदीप चौबे,दीनानाथ राम,नवल किशोर गुप्ता, धर्मेंद्र चौबे, अंजू गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के द्वारा अनिता देवी, शबनम बीबी, लालती देवी, अलीम मियां, हनीफ मियां, अजमुद्दीन शेख, शहाबुद्दीन अंसारी,अक्षयवर साह के साथ 105 लोगों को शेयर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। मौके पर कृषक उत्पादक संगठन के डायरेक्टर अनीता शर्मा,अभिषेक कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष राकेश पाठक ने किया।

### भामा शाह क्लब का छठी बार अध्यक्ष बने रजनीकांत मधुर



**श्री बंशीधर नगर।** दुगार्पूजा महोत्सव को लेकर सब्जी बाजार स्थित जय भामा शाह क्लब के सदस्यों की बैठक संरक्षक भारत भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दुगार्पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विगत वर्ष की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से पूर्व की तरह कमेटी बनी रही। रजनी कांत मधुर (भोलू) को छठी बार अध्यक्ष बनाया गया। इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। भव्य एवं आकर्षक सजावट के साथ पूजा पंडाल का निर्माण कराने, मां भगवती की आकर्षक मूर्ति व प्रत्येक दिन एकम से संध्या समय पूजा पंडाल में भव्य आरती, तीन दिवसीय डांडिया कार्यक्रम, नवमी को महाभंडारा, दशहरा के दिन भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक भारत भूषण प्रसाद,मिथलेश कुमार,कामेश्वर प्रसाद, बिरेन्द्र अग्रहरी, ओम प्रकाश,संजीत कुमार छोटू, पप्पू अनमोल,संतोष कुमार, विकास कुमार शालू,आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, बिकु कुमार,आनंद कुमार,रंजू कुमार, सोनू ,अशीष कुमार,अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, सचिव नित्यानंद कुमार,उपाध्यक्ष,ऋतुराज जायसवाल,अजीत केशरी,कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता,कार्यकारणी सदस्य टुनटुन कुमार,नवनीत अग्रवाल, अशीष कुमार,अनिल मेहता,शशि कुमार, बंटी केशरी,आर्यन रंजन, अमित कुमार,अक्षय कुमार,शिवम कुमार,अविनाश कुमार,संजू कुमार, क्रिश, बिनोद,नीरज,राजू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन



**चिनिया।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के प्रतिभाओं को उभारने के लिए खेलो झारखंड के तहत गुरुवार को प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में कई तरह के खेल खेले गए, जिसमें लंबीकूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल 100 मीटर की दौड़, 200 मीटर की दौड़, 400 मीटर की दौड़, 800 मीटर की दौड़, 1500 मीटर की दौड़, 3000 मीटर की दौड़ का बालक एवं बालिकाओं के लिए खेलों का आयोजन किया गया। प्रथम व द्वितीय विजेताओं को चयनकर्ता द्वारा चयन किया गया। उन्हें अब जिला स्तरीय खेल में खेलने के लिए भेजा जायेगा। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहा यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अंदर जो प्रतिभा है, उसे निखारने का काम किया जा रहा है। मौके पर प्रथम, द्वितीय आए विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के उच्च विद्यालय चिनिया, उच्च विद्यालय बरवाडीह, उच्च विद्यालय चपकली, मध्य विद्यालय चिरका, मध्य विद्यालय बिलैतीखैर, मध्य विद्यालय छतैलिया सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लिए। मौके पर प्रखंड के शिक्षक दिलीप कुमार, मनीष मोहन सिंह, अंबिका प्रसाद, रामवृक्ष सिंह, सत्यनारायण सिंह, चैतूनाथ सिंह, मुकेश कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, स्मिता कुमारी, रेशमा डुंगडुंग, जया कुमारी, संदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश कुमार, रामचन्द्र प्रसाद, राजकुमार यादव, रामचंद्र यादव सहित प्रखंड के कई शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी शामिल थे।

### निषाद समाज ने की बैठक में एकजुटता पर बल

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में निषाद समाज के प्रबुद्धजनों ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें अपनी योग्यता और अनुभव के अनुसार लोगों ने विचार प्रकट किए। सभी लोगों ने एक मत से कहा कि झारखंड में निषाद समाज की आबादी के आधार पर अगर भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद सहित अन्य कोई भी राजनीतिक दल किसी दो या तीन सीट से चुनाव लड़वाती है तो उसे पूरे राज्य में समर्थन मिल सकता है। सबसे ज्यादा निषाद (मल्लाह) मतदाता गढ़वा और राजमहल विधानसभा क्षेत्र में हैं, जिसे हमेशा नजरअंदाज किया जाता है। इसके अलावा कई ऐसे सीट हैं जहाँ हार जीत का फैसला निषाद समाज के हाथ में है। सभी शीर्ष नेता को पता है कि यह दो सीट मल्लाहों का गढ़ माना जाता है अगर यहां से कोई भी पार्टी टिकट देती है तो उसकी जीत सुनिश्चित है। इसके अलावा डालटनगंज, विश्रामपुर, भवनाथपुर सहित झारखंड में कई ऐसे सीट हैं जहाँ हार जीत निषाद समाज के हाथ में है। कभी कभी छोटी पार्टियां एक दो सीट से टिकट दी है। जिसका कोई क्रेज नहीं है। चुनाव जीतने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता और जातीय समीकरण का होना भी जरूरी है। राजमहल से एकमात्र पूर्व विधायक स्व.अरुण मंडल जी के अलावा निषाद समाज से एक भी विधायक विधानसभा सभा के सदन नहीं पहुंचा जो अपने अधिकार के लिए आवाज उठा सके।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे उपायुक्त, किया निरीक्षण

# आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए हो रहा है शिविर का आयोजन : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
झारखंड सरकार के निर्देश पर एक ओर जहां जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं जिले में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण काफी गंभीर दिख रहे है। गुरुवार को उपायुक्त ने प्रखंड के अकाशी पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है आमजनों की समस्याओं का समाधान और निराकरण करना है, जिसके लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।ताकि लोग अपने पंचायत में ही अपने समस्याओं का आवेदन देने के साथ नई योजनाओं की जानकारी और लाभ



लेने के तरीके से अवगत हो सके। उन्होने कहा कि कैम्प में आपके सभी सुविधा हेतु हेल्प डेस्क बनाया गया है, जिससे आवेदन जमा करते समय इस बात विशेष ध्यान रखे कि आवश्यक दस्तावेज, अपना हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर फॉर्म के साथ हो, ताकि समय पर आपको आवेदन की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जा सके। उन्होंने अबुआ आवास योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि पंचायतो में लगने वाले प्रत्येक शिविर में अलग से काउंटर बनाए गए है।इस योजना का लाभ केवल आवास विहीन परिवारों को दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ जिन्हें नही मिला है उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के तहत योग्य महिलाओं और बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, उपप्रमुख राजमनी उरांव,मुखिया बीतनी उरांव,सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मी व काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

शहीद हवलदार अब्दुल हमीद फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# खेल से अनुशासन, सद्भावना व टीम भावना का होता है विकास : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। कुड़ू - लोहरदगा**
कुड़ू के हमीद नगर स्थित संत बिनोवा भावे स्टेडियम में शहीद अब्दुल हमीद पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच खेला गया। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, मुजम्मिल अहमद, समाजसेवी शमीम अहमद खान उपस्थित रहे। फाइनल मैच के विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी के अतिरिक्त नकद राशि और जर्सी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया । मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि टूर्नामेंट का हर्ष के वातावरण में समापन हो रहा है। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जो विजयी हुए उन्हें बहुत-बहुत बधाई और जो विजित नहीं हुए हैं मेरी कामना है वो आने वाले समय में जरूर सफल होंगे। साथ ही यथोचित व्यवस्था के लिए




आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और उनमें अनुशासन, सदभावना व टीम भावना का विकास होता है।
विशिष्ट अतिथि जफर खान ने कहा कि युवाओं की पहल सराहनीय है। इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इलाके में खेल का माहौल बना रहा। इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखना चाहिए। टूर्नामेंट के सफलतापूर्वक संचालन में अध्यक्ष फारूक अहमद, उपाध्यक्ष सबरेज आलम, सचिव कनवर लाल खान, कोषाध्यक्ष रेयाज अंसारी, सह सचिव आफताब आलम, दानिशअहमद लाला का अहम योगदान रहा। मौके पर संरक्षक रवि प्रसाद साहू, जुनाब आलम, सलीम पांडु, बबलू अंसारी, दीपक मांझी के अलावा भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बरवाटोली में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**कुड़ू - लोहरदगा।** कुड़ू थाना क्षेत्र के पंचायत चिरी के बरवाटोली स्थित पंचायत भवन के पास गुरुवार को सुबह एक 22 वर्षीय लड़के का पेड़ में रस्सी के सहारे झूलता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। युवक की पहचान कुड़ू थाना क्षेत्र के सुकमार नगड़ा टाड निवासी मोजीबुल अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र दानिश अंसारी के रूप में हुई है। फिलहाल दानिश अपने पूरे परिवार के साथ लोहरदगा के ख्वाजा गुलजार नगर में रह रहा था। मिली जानकारी के अनुसार दानिश की शादी के लिए रिश्ता चिरी में लगा था। पेशे से ड्राइवर दानिश अपने पिकअप वाहन से ही अपने होने वाले ससुराल चिरी गया हुआ था। दुसरे दिन ही एक पेड़ पर फांसी पर जमीन से मात्र लगभग एक फिट में शव लटका मिलना कई सवाल खड़ा कर रहा है। युवक लोहरदगा से चिरी आकर आत्महत्या कर लिया या किसी ने उसकी हत्या कर शव को पेड़ में टांगकर जुर्म छुपाने का प्रयास किया है ? ऐसे कई सवाल लोगों की चर्चा में हैं। हालांकि मौत का वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पायेगा। फिलहाल कुड़ू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है। मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच में जुटी है।

### कला वास्तविकता को दिखाने वाला एक दर्पण है : बिपिन कुमार दास

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभागार में ऊर्जा दक्षता (ब्यूरो विद्युत, मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ?यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई। यह प्रतियोगिता भारत के बाहर भी विद्यालयों पर लागू है। चित्रकला का विषय दो भागों में था। जूनियर बच्चों के लिए ऊर्जा का संरक्षण पर्यावरण का अनुरक्षण एवं सीनियर बच्चों के लिए ऊर्जा की बचत पर्यावरण की रक्षक। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा षष्ठ से नवम के भैया -बहन शामिल हुए , भैया -बहनों की संख्या154 थी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कला वास्तविकता को दिखाने वाला एक दर्पण है । जिसमें भावनात्मक अभिव्यक्ति की खोज की जाती है।

### बोलने से ही लिखने की क्षमता का सम्यक विकास होता है : प्रधानाचार्य

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में वंदना सभागार में सरस्वती वंदना के पश्चात आज शिशुओं के बीच हिंदी अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा सह सभी भैया बहन सक्रिय रूप से भाग लिए इस प्रतियोगिता में कक्षा अरुण,द्वितीय एवं तृतीय के भैया बहनों का प्रदर्शन सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि कविता पाठ प्रणाली का सम्यक विकास सभी शिशुओं के लिए अति आवश्यक है। उसके द्वारा ही लिखने की प्रवृत्ति जागृत होती है, जो बच्चे याद करते है वही लिखते हैं।

# खेल के आयोजन से समाज में आपसी सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है : नेसार अहमद

**कुड़ू/लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड के ग्राम बारीडीह में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब द्वारा पांच दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचे जंगबाज फुटबॉल क्लब टाकू, एवं एस टी क्लब मकान्दू के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें एस टी क्लब मकान्दू की टीम चैंपियन बनी। टूनार्मेंट के विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने कहा कि फुटबॉल इस क्षेत्र का काफी लोकप्रिय खेल है जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाते हैं। यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द प्रगाढ़ होता है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सरवर खान, सचिव विकास उरांव, संचालक शमीम अंसारी रशीद अंसारी,राजेंद्र उरांव, मुस्तफा अंसारी, असगर खान, मुस्ताक खान, अमित उरांव, छोटू खान, शाहनवाज अंसारी, जमील अंसारी, संजर अंसारी , कमरूल इस्लाम, तारीक अनवर एवं हलीम अंसारी समेत कई अतिथि शामिल हुए।



## सेन्हा में मवेशियों से लदा ट्रक पकड़ाया, 14 पशुओं में आठ जिंदा मिले

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू में पशु से लदा आयसर ट्रक संख्या जे एच 07 के 3937 को जब्त किया है। बताया जाता है की वाहन पशु लोड कर लोहरदगा की तरफ आ रहा था.इस बीच रास्ते में पुलिस वाहन को देख कर सेरेंगहातु गांव के समीप कच्ची रास्ता में घुसा गया. जिसे ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना को पशु लोड की सूचना दिया गया.वही सेन्हा पुलिस ने सूचना पाकर सरेंगहातु गांव पहुंचा और वाहन की तलाशी लिया तो वाहन में 14 पशु लदा हुआ था।जिसमे 6 पशु का मौत हो गया था जबकि 8 पशु जिंदा था। लेकीन बाकी 08 पशुओं का स्थिति नाजुक था। पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद साहू व थाना प्रभारी अजीत कुमार ने पशु चिकित्सक को बुला कर इलाज कराया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा की पशु लोड वाहन को जब्त किया गया है। पशु तस्करी करने वाले अज्ञात लोगों एव ट्रक के चालक एव मालिक पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा । पुलिस पशु तस्करों को पकड़ने के लिए हर संभव छापेमारी कर रही है।

## फल की अपेक्षा नहीं करके एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक बनें : सलोमी लकड़ा




**लोहरदगा।** राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमू की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा का स्थानांतरण होने के उपरांत स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्मार पत्र पढ़कर हुआ। वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छोटे छोटे बच्चों ने की। जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने किया। विदाई कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका रश्मि खेस की देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर प्रभारी शिक्षिका सलोमी लकड़ा को शॉल ओढ़ाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सलोमी लकड़ा ने अपने जीवन के सफर को बताते हुए भावुक हो गई। कहा कि मैं मजदूर परिवार से आई हूं इसलिए गरीब परिवार की हर परेशानी से अवगत हूं। मै समय की पाबंद और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका बन कर गरीब मजदूर की बच्चों को शिक्षा देकर उनका उज्जवल भविष्य बनाने के लिए शिक्षिका बनी। इस विद्यालय ने लगातार तीन वर्षों तक झारखण्ड मुख्यमंत्री स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त किया है और सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की खाना प्रतियोगिता मे लगातार दो बार झारखण्ड में सर्वश्रेष्ट रसोइया का पुरुस्कार झारखण्ड स्तर पर प्राप्त किया है। फल की चिंता किये बगैर अपना कार्य करे और बच्चों को उच्च शिक्षा देने का कर्तव्य निभाये। वर्तमान प्रभारी शिक्षिका रश्मि खेस ने स्वागत भाषण के दौरान शिक्षिका सलोमी लकड़ा को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि आज मै उन्हीं के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से शिक्षिका बनी और प्रभारी बन पाई हूं। मौके पर स्कूल की प्रभारी रश्मि खेस, मोहम्मद असलम, अजप्ता के प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक किशोर कुमार वर्मा, आर्ट शिक्षक अरविन्द वर्मा, शिक्षक विजय दास, अली राजा, डॉ. बैजन्ति उरांव, उमा गाढ़ी, राजेंद्र लकड़ा, बबलू वर्मा, महेशवरी प्रजापति, रूबी एक्का, मंजू देवी,संकुल साधनसेवी निधि गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी सलोमी लकड़ा के उज्जवल भविष्य के साथ दीघार्यु जीवन की कामना किया।

करम परब को लेकर किया नगाड़ा-मांदर का वितरण

# प्रकृति का आदर, संरक्षण और संवर्धन करना बेहद जरूरी : रोहित उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में करमा परब को लेकर मंत्री पुत्र रोहित उरांव के द्वारा ग्रामीणों के बीच नगाड़ाझमांदर का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा रोहित उरांव का स्वागत आदिवासी रितिरिवाज के साथ किया गया। इस मौके पर रोहित उरांव ने कहा कि करमा परब यह पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। इसे मनाने का मकसद प्रकृति का आदर करना, उसका संरक्षण करना, और उसे संवर्धन करना है। इस पर्व को मनाने का मकसद भाई-बहन के प्यार को भी दिखाना है.आज हम सभी कोई इस पर्व को खुशियों के साथ धूम धाम से बनाने के उद्देश्य से



मांदरझनगाड़ा आदि वाद्यझयंत्रों का वितरण किया जा रहा है।इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा आदिवासी बहुल इलाकों में ढोल नगाड़ा के साथ अखड़ा धुमकुड़िया आदि का निर्माण किया जा रहा है।जिससे आदिवासी संस्कृति सभ्यता को संरक्षित किया जा रहा है।इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,असलम अंसारी,सुनीता कश्यप,जयमंत कुजूर,प्रकाश उरांव,अजय उरांव,कृतीचंद,नितेश,विनोद उरांव, सीबू उरांव,उमेश उरांव,आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात अपराधियो ने हथियार के बल पर मोटरसाइकिल लूटा

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एकागुड़ी पथ पर स्थित पत्थर खदान के समीप अज्ञात अपराधियो ने हथियार के बल पर मोटर साइकिल लूट की घटना को अंजाम देकर डाडू जमीरा के रास्ते फरार हो गये.वही सरेंगहातू तोड़ार गांव निवासी मंटू उरांव का 18 वर्षीय पुत्र अशोक उरांव अपनी बहन को उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी महुवा टोली पहुंचाने अपने घर से मोटर साइकिल आर एस 200, मोटर साइकिल नंबर जे एच 08 एक्स 1012 से जा रहा था। तभी एकागुड़ी पत्थर खदान के पास पहुंचा तो चार नकाब पोश अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखा कर मारपीट करते हुए मोटर साइकिल को लूटकर सभी डाडू के रास्ते फरार हो गये।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

## प्रखंड के टुरुंडू पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का गुमला उपायुक्त, ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार₹ कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत कामडारा प्रखंड के टुरुंडू पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का गुमला उपायुक्त, कर्ण सत्यार्थी के द्वारा निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया , गुमला उपायुक्त ने शिविर में आये आमजनों से मुलाकात की। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत गुमला जिला के सभी प्रखंडों अंतर्गत चयनित पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं, जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाता है।

### गैस सिलेंडर गायब करने के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एकागुरी गैस भंडार से भरा गैस सिलेंडर चोरी की शिकायत शुभम गैस एजेंसी के संचालक सतीश जयसवाल द्वारा थाना में आवेदन देकर बताया गया कि मेरे वाहन चालक कर्मी द्वारा एकागुरी गैस गोदाम से गैस भरा हुआ 25 गैस सिलेंडर को सेन्हा स्थित शुभन्भ गैस दुकान में पहुंचाना था.लेकीन मेरा कर्मी वाहन चालक एजाजुल खान द्वारा 25 गैस सिलेंडर गायब कर दिया गया। 11 सितंबर को सेन्हा थाना कांड संख्या 81/ 24 दर्ज कर धारा 316(2) 318 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।गैस एजेंसी के वाहन चालक सेन्हा निवासी स्व समसुल खान के पुत्र एजाजुल खान एव एकागुरी टंगरा टोली निवासी सतीश सोनी के पुत्र संजय सोनी उम्र 35 वर्ष को घर से गिरफ्तार किया गया है।

आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# जिला प्रशासन शांतिपूर्ण रूप से त्योहार संपन्न कराने को लेकर सजग : एसडीओ अमित कुमार

**भंडरा ।** भंडरा थाना परिसर में गुरुवार को एसडीओ अमित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें करमा,विश्वकर्मा पूजा कर्म पूजा तथा मिलाद उन नबी/ ईद ए मिलाद का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर चर्चा हुई । शांति समिति बैठक में सर्वप्रथम भंडरा प्रखंड के क्षेत्र के तेतरपोका गांव में विगत कई वर्षों से दो गुटों के बीच उत्पन्न विवाद की समीक्षा की गई साथ ही दोनों गुट के लोगों को आपसी तालमेल व सौहार्द के साथ मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही करमा महोत्सव विश्वकर्मा पूजा को लेकर चर्चा हुई। मौके पर विभिन्न गांव से पहुंचे बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने अपने विचार साझा किया। मौके पर एसडीओ अरविंद अमित कुमार ने कहा कि सभी धर्म और लंबी एक दूसरे का त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण रूप से त्योहार संपन्न कराने को लेकर सजग है। कोई भी व्यक्ति आपसी सौहार्द को खराब करने की कोशिश करते पकड़ा जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड की पहचान आपकी आपसी सौहार्द व भाईचरगी के रूप में होती है जिसे हम सभी को बरकरार रखना है।

# भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला राष्ट्रीय कायाकल्प अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत संचालित भंडरा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मिलनेवाला राष्ट्रीय कायाकल्प पुरस्कार से इस वर्ष दूसरी बार भी नवाजा गया है। रांची में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए कायाकल्प पुरस्कार प्रमाण-पत्र के साथ दस लाख के चेक को सूबे के स्वास्थ्यमंत्री बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मिशन डायरेक्टर अबू इमरान ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. संजय कुमार को पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। इसके साथ ही भंडरा प्रखंड के ब्राम्हडीहा व सेमरा हेल्थ वेलनेस सेंटर को इंकस अवार्ड से नवाजा गया. साथ ही दोनों हेल्थ वेलनेस



सेंटर को तीन तीन लाख की नगद राशि भी पुरुष्कार स्वरूप प्रदान की गई.तालियों के गड़गड़ाहट के बीच रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मंत्री बन्ना गुप्ता ने खुशी जताई।
वहीं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने यह उपलब्धि अपने सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को दी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव हुआ है, जब सभी स्वास्थ्यकर्मी एकजुट होकर पूरे लगन के साथ अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा जरूरतमंद रोगियों को सही इलाज व परामर्श देने में सकारात्मक भूमिका दिखा। उल्लेखनीय है की भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल के बेहतर रख रखाव, हेल्थ एंड सैनिटेशन, मरीजों से बेहतर व सहयोगी व्यवहार आदि मानक का उत्तम दर्जा प्राप्त करनेवाले संस्थान को हर साल कायाकल्प अवार्ड दिया जाता है।

## करमा पर्व भाई-बहन के रिश्ते को प्रगढ़ बनाता है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**
बसिया के सरना स्टेडियम में गुरुवार को करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक जिग्गा सुसरण होरो न प्रखंड क्षेत्र के 175 खोड़हा दल के सदस्यों को मांदर, ढोल व नगाड़ा देकर सम्मानित करने का काम किया।
जानकारी के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री होरो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि करमा पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ते को मंच प्रदान करने का पर्व है। इतना ही यह पर्व हम सबको मिल जुलकर रहने के लिए प्रेरित करने की शिक्षा देता है क्योंकि प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व है। जिसमें हैम सामाजिक सौहार्द, एकता और प्रेम का संदेश देने वाले ?इस पर्व को समर्पित भाव मनाने की नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासी समाज का धर्म, इसकी सांस्कृतिक चेतना और



पारंपरिक पहचान आज बिलुप्ति के कगार पर है। ऐसे में इसके प्रति कहीं अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि सिसई में हुई पत्थरबाजी की घटना के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में आज चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में थाना प्रभारी सुनील रविदास सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। इस कार्यक्रम में। अभिषेक लकड़ा, सुकरात उरांव, पी सी बड़ाईक, अमित तिवारी, जयंत दास, ललित उराँव, जसिंता बारला अलीम खान, अमित बिघवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पालकोट प्रखंड के टेंगारिया में हुआ 50 दिवसीय लोक वाद्य यंत्र कार्यशाला का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आज मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यमी विकास बोर्ड, गुमला, झारखण्ड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान कौशल उन्नयन योजना के तहत अनुसूचति जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभ उद्घाटन ग्राम टेंगरिया, प्रखंड पालकोट, जिला - गुमला में किया गया।
कौशल उन्नयन योजना के तहत अनुसूचित जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालकोट, जिला उद्यमी समन्वयक, गुमला,



मुखिया, प्रखंड उद्यमी समन्वयक, पालकोट सचिव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गुमला ने अपने संबोधन में कहा कि इस 50 दिवसीय लोकवाद्य यंत्र निर्माण प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचति जातियों के लाभुकों पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि क्षेत्र से प्रवास को रोका जा सके। इसके अलावा पारम्परिक वाद्ययंत्र के प्रशिक्षण के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर लोगों को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त बनाना है। कार्यशाला में सर्किल पोस्ट ऑफिस पोस्ट पेमेंट कार्यकारिणी उपस्थित थे, जिन्होंने कारीगरों को बताया कि पूरे जिले में कारीगरों का पोस्ट पेमेंट के माध्यम से डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने हेतु उनका अकाउंट खोला जा रहा है।

## एक नजर

### पुराने कचरा स्थल को चिह्नित कर उसकी सफाई कराएं: डीसी

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर बैठक हुई। डीसी मेघा भारद्वाज ने 14 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों और क्रियान्वित के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभियान नगरीय निकायों के साथ प्रत्येक पंचायत, ग्राम स्तर तक आयोजन करने, शहर और गांवों में स्थित अस्थायी, पुराने कचरा स्थलों को चिह्नित कर उन्हें साफ करवाने का निर्देश दिया। अभियान के अन्तर्गत सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए।

### बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मिला लाभ

**कोडरमा ।** जिले की विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। डोमचांच की जानपुर, कोडरमा प्रखंड की कौआवर, गझडी और जयनगर की पिपचो पंचायत में शिविर लगाया गया। इस दौरान प्रखंड के पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जेएसएलपीएस की सखी दीदियों को सशक्त बनाने के लिए क्रेडिट लिंकेज का चेक दिया गया। साथ ही स्कूली बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र और साइकिल का वितरण किया गया। शिविर में कई लोगों का आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योजना का लाभ दिया गया। शिविर में कई योजनाओं के आवेदन लिए गए। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चंदवारा प्रखंड की पथलगडा, मरकच्चो की पुरनानगर, 18 सितंबर को सतगांवा की कोठियार, कोडरमा प्रखंड की चाराडीह, जयनगर प्रखंड की गोहाल पंचायत में शिविर लगाया जाएगा।

### बच्चों को खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाएगा खेलो झारखंड : प्रमुख

**कोडरमा ।** बच्चों में खेल प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से कोडरमा प्रखंड अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा खेलो झारखंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन बुधवार को जेजे कॉलेज मैदान में संपन्न हुआ। उद्घाटन कोडरमा प्रमुख सुषमा देवी, उप प्रमुख बासुदेव यादव, बीईईओ जगन्नाथ प्रसाद, बीपीओ उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मध्य और हाई स्कूल से चयनित सैकड़ों बच्चे,बच्चियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। आयोजन में बालक, बालिका वर्ग के विभिन्न स्तरों की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खोखो, भाला फेंक, गोला फेंक, वालीबाल, योगाशन आदि एथलेटिक्स समेत अन्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

# लूट और छिनतई को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश, एक आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**
जिला मुख्यालय में कई अपराध की घटना को अंजाम देने वाला गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है. लूट व छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के शातिर अपराधी हसीम शेख को नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार हसीम के पास से एक चार पहिया वाहन को भी जब्त किया गयाहै. उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि बीते 21 जुलाई को नगर थाना क्षेत्र के किताझोर मोहल्ले की घटना है. जिसमें जूता व्यवसायी तारिक परवाज को चार अपराधियों ने घेर कर छिनतई का प्रयास किया था. साथ ही अपराधियों ने जूता व्यवसायी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला भी किया था. हमले में व्यवासायी जख्मी हो गए और अपराधियों ने फायरिंग भी की थी. एसडीपीओ ने बताया कि तारिक परवाज लिखित ने शिकायत थाने में 22 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. जिसके बाद जांच के दौरान मंजारुल शेख नामक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. इस गिरोह में शामिल अन्य तीन अपराधियों की धर पकड़ को लेकर पुलिस प्रयासरत थी. शातिर अपराधी हसीम अख्तर उर्फ राहुल शेख उर्फ टिंकू के झारखंड, पश्चिम बंगाल की सीमा के निकट रहने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी की. छापेमारी के दौरान हसीम अख्तर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. एसडीपीओ ने बताया कि हसीम अख्तर से पूछताछ के दौरान उसने कई आपराधिक मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. जबकि इस गिरोह में शामिल अन्य दो अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. फिलहाल गिरफ्तार हसीम शेख को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. उसे रिमांड पर लेकर विस्तार से पूछताछ की जाएगी. इस मौके पर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बास्की, पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार, सनातन माझी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल बच्चों के लिए लगेगी शिकायत पेटी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
बाल उत्पीड़न या बच्चों को किसी तरह की समस्या होने पर बच्चे उसे किसी से शेयर नहीं कर पाते हैं. अपने माता-पिता को भी नहीं बता पाते हैं. ऐसे में वह अंदर ही अंदर कुंठित होकर अपना जीवन जीने को विवश होते रहते हैं. कभी-कभी बच्चे गलत कदम भी उठा लेते हैं. बच्चों को ऐसी समस्या से निजात दिलाने और उनके जीवन को संवारने के लिए बाल संरक्षण आयोग की टीम एक विशेष पहल करने जा रही है. धनबाद में पांच स्थानों पर 'शिकायत और सुझाव' पेटी लगायी जाएगी, जिसमें कोई भी बच्चा या कोई व्यक्ति बाल से संबंधित शिकायत व सुझाव दे सकता है. यह व्यवस्था दस से पंद्रह दिनों के अंदर झारखंड के सभी शहरों में होगी. झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल तिवारी ने यह जानकारी ईटीवी भारत को दी है. उन्होंने बताया कि 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम चल रहा है, जिससे कि सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचे. ठीक इसी तरह बच्चों के लिए भी हमलोग ग्राउंड लेवल पर जाना चाहते हैं. उत्पीड़न के कई सारे मामले ऐसे हैं, जो एक से डेढ़ साल बाद सामने आते हैं. इसके लिए डायरेक्टर बी राजेश्वरी से बातचीत हुई है. उन्होंने कहा कि बच्चे को अगर कोई परेशान कर रहा है या फिर उसका कोई साथी नशा कर रहा है तो ऐसी स्थिति में वह शिकायत/सुझाव पेटी में लिखकर डाल सकता है. उसे अपनी जानकारी देने की जरूरत भी नहीं है. डीसीपीओ और सीडब्ल्यूसी उनकी सूचनाओं पर चिन्हित करेंगे. जिस भी संबधित विभाग की शिकायत रहेगी, वह उन्हें भेजा जाएगा. जिसकी रिपोर्ट सात दिनों के अंदर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और झारखंड बाल कल्याण समिति को सौंपी जाएगी. महीने में एक बार डायरेक्टर और बाल संरक्षण आयोग खुद उन सभी रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे. इसके अलावा अनाथ बच्चों को राशन देने की व्यवस्था है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संबंधित विभागों से रिपोर्ट मांगी है. अगर नहीं है तो सीएम से मिलकर अनाथ बच्चों को राशन देने की व्यवस्था की जाएगी.

# सिसई विधायक जिग्गा पथराव में बाल-बाल बचे, जेएमएम नेता हुए घायल

**सिसई।** सिसई विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो पर बुधवार शाम को एक कार्यक्रम के दौरान पत्थरबाजी हो गयी।लेकिन वे बाल-बाल बच गए।वहीं विधायक के बगल में खड़े जेएमएम नेता विजय भगत पथराव से गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस और बॉडीगार्ड ने विधायक को मंच से उतार कर सुरक्षित कार्यक्रम स्थल से निकाला।प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार,बुधवार की देर शाम प्रखण्ड सिसई के गांव दारी टोंगरी के नीचे अखाड़ा में ग्रामीण करमा पूर्व संध्या मना रहे थे।मुख्य अतिथि के रूप में विधायक को बुलाया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए गए हुए थे।शाम में लगभग छः बजे कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों के बीच डेक का वितरण किया। और मंच से गाना गा रहे थे।इसी दौरान भीड़ में से किसी ने विधायक को निशाना बनाकर पत्थर चला दिया।विधायक जी बाल-बाल बचें, लेकिन पत्थर मंच में खड़े, जेएमएम नेता विजय भगत के चेहरे पर लग गया।पत्थर चलते ही कार्यक्रम में भगदड़ की स्थिति होने लगी। साथ ही कार्यकर्ताओं व पुलिस ने पत्थर चलाने वाले को खोजने में लगें।इधर विधायक के बॉडीगार्ड ने विधायक को मंच से सुरक्षित निकाले और उन्हें कार्यक्रम स्थल से लेकर से चले गए।

### अवर निबंधन कार्यालय की कार्यशैली से जनता त्रस्त, बिचौलिए मस्त

**बरही।** सब रजिस्ट्रार बिकास कुमार के तबादले के बाद बरही अवर निबंधन कार्यालय का कार्य पूरी तरह रामभरोसे चल रहा है. 14 अगस्त को बरही सीओ रामनारायण खलखो को रजिस्ट्री ऑफिस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. जिससे अवर निबंधन कार्यालय में एक बार फिर सब रजिस्ट्रार का पद प्रभार में चला गया. जिसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है. कोसों दूर से आई जनता दिन भर भूखे प्यासे रहकर भी अपनी जमीन रजिस्ट्री करवाने में सफल नहीं हो पा रही है. उल्टे बिचौलिए के चक्कर में अपनी गाढ़ी कमाई का धन भी लुटा दे रहे हैं. सबसे बदहाल स्थिति महिलाओ की है, जिन्हे बाथरूम के लिए किसी सुरक्षित जगह की तलाश करनी पड़ती है. कार्यालय परिसर में न तो शौचालय है और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था. कार्यालय कर्मी में प्रभारी रजिस्ट्रार के आने की निश्चितता नही बता पाते है. रजिस्ट्री की आश में बैठी जनता को दिन भर अपनी बारी का इंतजार करते हुए निराश होकर घर लौट जाना पड़ता है.

# छात्रों को बाल विवाह निषेध कानून पर जागरूक करने की जरूरत

**बसिया।** जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला एवं सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत वैसे सभी विद्यालय जहाँ कक्षा 6 या उससे उपर की पढ़ाई होती है के आरोग्यदूतों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन बसिया प्रखंड विकास कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला रिसोर्स ग्रुप के सुमित नंद एवं रोहिणी प्रसाद ने जेसीईआरटी द्वारा उक्त कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए निर्गत निदेश पत्र मे दिये गए निदेशों को विस्तार से बताया। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन, रिपोर्टिंग, कार्यक्रम के संचालन में आरोग्य दूतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी। विद्यालयों में प्रश्न पेटी की स्थापना एवं उसके उपयोग हेतु छात्रों को प्रोत्साहित करने, सप्ताह में दो दिन निर्देशित 16 थीम पर सत्रों का संचालन, प्रत्येक मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस डे का आयोजन, विद्यालय में छात्रों का प्रारम्भिक स्वास्थ्य जांच करवाना आदि पर सत्र संचालित किया गया। सेंटर फॉर केटलाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि ने किशोर-किशोरियों के महत्वपूर्ण मुद्दे यथा कम उम्र में विवाह, मानव तस्करी, कुपोषण एवं अनेमिया, मानसिक स्वास्थ्य, आदि पर छात्रों को जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। सी3 के प्रतिनिधि के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बाल विवाह रोकने में विद्यालय, अधिकृत पदाधिकारियों, एवं पंचायत की महावपूर्ण भूमिका के बारे में बात की गयी। समीक्षा के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षक अभिभावक बैठकों में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा करने की बात की गयी। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सप्ताह संचालित सत्रों एवं गतिविधियों का माह के अंत में गूगल फॉर्म में ससमय रिपोर्टिंग हो इस पर विशेष बल दिया गया। जिस से कार्यक्रम की उपलब्धि जिले एवं राज्य स्तर पर प्रदर्शित हो। उक्त उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रखण्ड के वैसे विद्यालय जहाँ कक्षा 6 या उससे उपर की पढ़ाई होती है के आरोग्यदूत, बीआरसी के कर्मी एवं सी3 के टीम के सदस्य शामिल हुए।

# बाल सुधार गृह के कैदी दीवार फांदकर फरार, चार पकड़ाए

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत करनडीह घाघीडीह स्थित बाल सुधार व संप्रेक्षण गृह से पांच बाल कैदी फरार हो गए. यह घटना बुधवार की है. बताया जा रहा है कि समय-समय पर बाल कैदियों की गिनती की जाती है. इस दौरान पांच बाल कैदी कम पाए गए. जिसके बाद बाल सुधार गृह में हड़कंप मच गया. घटना की जानकारी परसुडीह थाना को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस जांच के दौरान पता चला कि एक कमरे में खिड़की की जाली टूटी हुई थी और खिड़की के पीछे की दीवार पर रस्सी लटका पाया गया. सीसीटीवी फुटेज जांच करने पर देखा गया कि पांच अलग-अलग मामले में बाल सुधार गृह में आए बाल कैदी खिड़की की जाली तोड़कर बाहर निकले. पहले पीछे की दीवार में एक रस्सी का गांठ बनाकर फंसाया और फिर रस्सी के सहारे दीवार फांदकर फरार हो गए. बाल सुधार गृह प्रशासन और परसुडीह थाना पुलिस मिलकर फरार कैदियों की खोजबीन शुरू की. इधर, प्रशासन फरार सभी पांच बाल कैदियों के परिजनों से संपर्क किया और दबाव बनाया।

### 50 दिवसीय लोक वाद्य यंत्र कार्यशाला का शुभारंभ

**गुमला।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, गुमला और भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अनुसूचित जातियों के पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण के कौशल विकास हेतु 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन 12 सितंबर 2024 को ग्राम टेंगरिया, प्रखंड पालकोट, गुमला में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कौशल उन्नयन योजना के तहत किया गया।

### महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बना झारखंड, अब भूटान से मुकाबला

**कोडरमा।** मथुरा में 22वीं नेशनल सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड ने शानदार जीत दर्ज की है. 22वीं नेशनल 'सॉफ्टबॉल क्रिकेट' टूर्नामेंट में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र की टीम को हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. झारखंड लौटने पर टीम के सदस्यों का कोडरमा में जोरदार स्वागत किया गया. दरअसल, इंडियन काउंसिल फॉर स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन और सॉफ्टबॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 22वीं नेशनल सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें देशभर के अलग-अलग राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया. लीग, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में जीतकर झारखंड की टीम फाइनल में पहुंची.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR संख्या–333711 Building(24-25)#D** एवं **PR संख्या–334446 (Building) 24-25 (D) E-Tender Reference no.-15/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (**लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में उग्रतारा मंदिर चन्दवा का प्रस्तावित क्षेत्र का विकास**) योजना को निम्नवत संशोधित की जाती है:–

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक–03.09.2024 को 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–20.09.2024 को 11:00 बजे।**
2. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– दिनांक–18.09.2024 को 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–04.10.2024 को 11:00 बजे।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–19.09.2024 के 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–05.10.2024 के 11:00 बजे।**

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 335595 Building (24-25)_D



**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Garhwa**
(District Employment cum District Skill Office, Garhwa)
Email: employmentexchangegarhwa@gmail.com,
website: https://www.garhwa.nic.in

Reference No:-Dist Skill /78Date:-11/09/2024
Very Short Notice-InvitingRequest of Proposals(RFP) forconductingtraining of PWD Candidates

| S. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Nature of the work | Conducting Skill based Training to the 210 PwD candidates on mentioned traits namely: SMO, Assistant electrician, DTP (Basic IT Skills)and Mobile &Computer hardware repairing |
| 2 | Date of Publication of Bid on website | Date - 11/09/2024 |
| 3 | Earnest Money to be deposited (EMD) | 1. ₹ 1, 50,000.00 , One Lakh Fifty Thousandonly, (In form of DD/Bank Guarantee) in the favor of *"DISTRICT EMPLOYMENT CUM DISTRICT SKILL OFFICER, GARHWA"*.<br>2. EMD of all unsuccessful bidders will be refunded by the District Employment Office within 30 days. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR RFP SUBMISSION | 25/09/2024, 05:00 PM |
| 5 | RFP SUBMISSION PLACE | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 6 | DATE AND TIME FOR RFP OPENING | 26/09/2024, 02:00 PM |
| 7 | BID OPENING PLACE | Seminar Hall, New Collectorate , Garhwa. |
| 8 | NAME AND ADDRESS of OFFICE FOR INVITING RFP | District Employment cum District Skill Office, Garhwa. |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:-employmentexchangegarhwa@gmail.com Helpline No:- 8877090673 |

NOTE:- For further information please visit website:
1) https://www.garhwa.nic.in

Deputy Commissioner,
Garhwa.

PR 335526 Labour Employment and Traning(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION, MEDININAGAR**
Jailhata, Near Railway Crossing, Daltonganj, Dist.-Palamau-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

Short Term Notice Invitation for Quotation (2nd Call)

Quotation Ref. No. NH/MEDININAGAR/01/2024-25 Dated : 10.09.2024

**Name of work:** Hiring of Commercial Vehicles of One No. of Innova (In well condition)/equivalent on monthly hire basis for the O/o Executive Engineer, National Highways Division, Medininagar officials - Reg.

**Time Period:** One year likely to be extendable up to a maximum period for Two (02) years and on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ Organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.

The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from **12.09.2024 to 23.09.2024** on 05:00 PM office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only/-) on NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/Ministry Info.aspx through Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)- Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 03:00 PM on **24.09.2024**. The quotation will be opened on **24.09.2024** at 03:30 PM in the presence of intending quotationers or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any unavoidable reasons.

Executive Engineer
National Highways Division, Medininagar
Ph: 9006954612

PR 335471 NREP (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।**
**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत**

अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा संख्या – 01/2024-25 दिनांक – 10.09.2024

1.विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 18.09.2024 को कार्यालय दिवस में।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.09.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | | | |
| 1 | धुरकी | ग्राम मकरी में ट्रांसफार्मर से नागवंत यादव के घर होते हुए पीपल पेंड़ तक पीसीसी पथ का निर्माण (लम्बाई 0.425 कि0मी0) | 37.606 | सैंतीस लाख साठ हजार छः सौ रूपये। | 5000 | 76000 | तीन माह |

नोटः– निविदा हेतु शर्तें/विस्तृत विवरणी कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR 335506 Rural Development(24-25)D



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

(GeM Portal से व्हीलचेयर क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा का शुद्धि–पत्र)

वित्तीय वर्ष 2024–25 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से पलामू जिला के दिव्यांगों के लिए विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर व्हीलचेयर मुहैया कराने हेतु व्हीलचेयर का क्रय GeM Portal के माध्यम से कराने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 1432, जि0स0क0, दिनांक 29.08.2024 PR No. 334113 द्वारा निविदा दिनांक 07.09.2024 तक आमंत्रित की गयी थी, जिसमें निविदा निस्तारण समिति के बैठक हेतु तिथि दिनांक 13.09.2024 को निर्धारित था।

उक्त तिथि को संशोधित करते हुए निविदा दिनांक 16.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक GeM Portal के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की शेष शर्तें www.palamu.nic.in पर तथा GeM Portal Bid Section पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 335470 Palamu (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू मेदिनीनगर**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2024-25

1. विभाग का नाम :–कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
2. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–18.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
5. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–20.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–20.09.2024 को 3.00 बजे
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू
8. कार्य की विस्तृत विवरणी। :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम मेहदीनगर में सिंचाई डीप बोर सहित सोलर पम्प का अधिष्ठापन | हुसैनाबाद | 5.931 | 12000.00 | 1250.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें:–
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
10. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
11. निविदादाता को UCAN Registration अनिवार्य हैं।
12. निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत योजना कार्य पूर्ण करने के इच्छुक संवेदक ही निविदा में भाग लें।
13. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू

PR.NO.335508 NREP(24-25):D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना, परिषद, राँची के पत्रांक–2648 दिनांक–12.10.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय– गढ़वा, मेराल, डंडई, रमना, नगर उँटारी, धुरकी, भवनाथपुर, खरौन्धी, कांडी, मझिआंव, रंका, चिनियां, रमकण्डा, भण्डरिया एवं 5 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– डण्डा, बरडीहा, केतार, बिशुनपुरा, सगमा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय रंका में खाद्य–अखाद्य, हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, पोशाक व अन्य वस्त्र, स्टेशनरी आदि आपूर्ति हेतु संस्थाओं/प्रतिष्ठानों से विद्यालयवार निविदा द्विलिफाफा पद्धति आमंत्रित की जाती है।

**पैकेज–1 के लिए (क0गां0बा0वि– मेराल, गढ़वा, रमकण्डा, चिनियां, भण्डरिया, रंका, नगर उँटारी, खरौन्धी, मझिआंव, कांडी, NSCBAV, झा0बा0आ0वि– डंडा, बिशुनपुरा, केतार, बरडीहा, सगमा)**
**पैकेज–2 के लिए (क0गां0बा0वि– रमकण्डा, भण्डरिया, नगर उँटारी, मझिआंव, रमना, खरौन्धी, भवनाथपुर, मेराल, गढ़वा, कांडी, रंका, चिनियां, NSCBAV, झा0बा0आ0वि– डंडा, बिशुनपुरा, केतार, बरडीहा, सगमा)**
**पैकेज 3 के लिए (क0गां0बा0वि– चिनियां, रमकण्डा, डंडई, कांडी, रंका, भण्डरिया, नगर उँटारी, खरौन्धी, भवनाथपुर, धुरकी, मझिआंव, रमना, NSCBAV, झा0बा0आ0वि– डंडा, बिशुनपुरा, केतार, बरडीहा, सगमा)**
**पैकेज 4 के लिए (क0गां0बा0वि– गढ़वा, चिनियां, रमकण्डा, कांडी, भण्डरिया, नगर उँटारी, खरौन्धी, भवनाथपुर, मेराल, मझिआंव, NSCBAV, झा0बा0आ0वि– डंडा, बिशुनपुरा, केतार, बरडीहा, सगमा)**

इच्छुक निविदादाता निविदा–प्रपत्र दिनांक–13.09.2024 से 24.09.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित शुल्क– 1000/– (एक हजार) रु0 प्रति पैकेज की दर से डिमांड ड्राफ्ट (Non-refundable) (SAMAGRA SHIKSHA ABHIYAN GARHWA DEO-CUM-DPO के नाम से जारी तथा गढ़वा में भुगतेय होना चाहिए) एवं आवेदन जिला कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा–प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री का तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में बन्द करते हुए एक बड़े लिफाफा में दिनांक–25.09.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला कार्यालय में जमा किया जाना है।

क्रय समिति द्वारा दिनांक–25.09.2024 के अपराह्न 02:00 बजे जिला कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में निविदा खोली जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा सूचना जिले के आधिकारिक वेबसाईट– www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 335500 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

संपादकीय

## राहुल गांधी का विदेश दौरा और विवाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिकी दौरे पर कांग्रेस सांसद के आरक्षण, सिखों के मुद्दे पर दिए गए बयानों पर भारत में सियासी संग्राम छिड़ गया है। इसके अलावा भाजपा ने भारत विरोधी अमेरिकी सांसद से राहुल की मुलाकात को लेकर भी हमला किया है।अमेरिकी दौरे पर कांग्रेस सांसद के आरक्षण, सिखों के मुद्दे पर दिए गए बयानों पर भारत में सियासी संग्राम छिड़ गया है। इसके अलावा भाजपा ने भारत विरोधी अमेरिकी सांसद से राहुल की मुलाकात को लेकर भी हमला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। इसके अलावा एनडीए के कई नेताओं ने भी राहुल के बयान की तीखी आलोचना की है। यह पहली बार नहीं है जब राहुल के विदेश दौरों पर विवाद हुआ हो। राहुल ने वर्जीनिया के हर्नडॉन में एक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर बात की। इस दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। राहुल ने दर्शकों के बीच बैठे एक सिख व्यक्ति से पूछा कि मेरे पगड़ीधारी भाई आपका क्या नाम है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। लड़ाई इसी बात के लिए है और यह सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है। बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए राहुल ने कहा कि इस समस्या का सामना भारत और पश्चिम कर रहे हैं, चीन नहीं। उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में कहा, 'पश्चिम में रोजगार की समस्या है। भारत में रोजगार की समस्या है। लेकिन दुनिया के कई देशों में रोजगार की समस्या नहीं है। चीन में निश्चित रूप से रोजगार की समस्या नहीं है। वियतनाम में रोजगार की समस्या नहीं है।'कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पश्चिम, अमेरिका, यूरोप और भारत ने उत्पादन के विचार को त्याग दिया है और इसे चीन को सौंप दिया है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि भारत में कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है।इसके अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में हुई एक बैठक में इल्हान उमर समेत कई अमेरिकी सांसदों के साथ मुलाकात की। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर की भारत विरोधी के तौर पर पहचान है। 2022 में इल्हान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर भी गई थीं। इसके अलावा इल्हान अमेरिका में भारत विरोधी प्रस्ताव लाई थीं।राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा है तब तक न तो कोई आरक्षण खत्म कर सकता है और न ही कोई देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकता है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर राहुल का बयान छलावा है क्योंकि सत्ता में रहने पर कांग्रेस इसका विरोध करती है और सत्ता में न रहने पर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के हित व कल्याण की बातें करती है।केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयानों ने कांग्रेस की मानसिकता को उजागर कर दिया है।

> बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए राहुल ने कहा कि इस समस्या का सामना भारत और पश्चिम कर रहे हैं, चीन नहीं। उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में कहा, 'पश्चिम में रोजगार की समस्या है। भारत में रोजगार की समस्या है।

# स्वच्छ भारत मिशन जीवन की आसानी और सम्मान से जुड़ा है

आज की बात



विनोद के. पॉल

स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बुनियादी उपाय है। स्वच्छता से डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, कृमि संक्रमण एवं मलाशय संबंधी रोग जैसी जल-जनित बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण का खतरा कम हो जाता है। वर्ष 2012 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया था कि स्वच्छता में निवेश किए गए प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के एवज में स्वास्थ्य संबंधी लागत में कमी, अधिक उत्पादकता और असामयिक मौतों में कमी के रूप में 5.5 अमेरिकी डॉलर के बराबर का लाभ मिलता है। भारत में स्वच्छता का इतिहास बहुत पुराना है और इसकी शुरूआत उस सिंधु घाटी सभ्यता से होती है, जहां शौचालय निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया जाता था। हमारे शास्त्रों में कहा गया हैझ ह्यस्वच्छे देहे स्वच्छचित्तं, स्वच्छचित्ते स्वच्छज्ञानम्ह्ल यानी स्वच्छ शरीर में शुद्ध मन का निवास होता है और शुद्ध मन में सच्चे ज्ञान का निवास होता है। इस समृद्ध विरासत के बावजूद, व्यापक स्वच्छता की दिशा में भारत की यात्रा चुनौतियों से भरी रही है। वर्ष 1981 की जनगणना के समय तक, मात्र एक प्रतिशत ग्रामीण घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध थी। इस हकीकत ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों- केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, संपूर्ण स्वच्छता अभियान और निर्मल भारत अभियान- के शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त किया। इन सभी कार्यक्रमों की सहायता से ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता कवरेज 39 प्रतिशत तक पहुंच गया। दुनिया भर में होने वाले खुले में शौच का लगभग 60 प्रतिशत बोझ भारत पर था। यहां 50 करोड़ से अधिक लोग खुले में शौच करते थे। हमारी महिलाओं के सामने अंधेरे में अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और अपनी गरिमा एवं सुरक्षा बनाए रखने की दुविधा थी।

इसी पृष्ठभूमि में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्षों में ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की शुरूआत की थी। भारत ने 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन पांच महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज बढ़कर शत-प्रतिशत हो गया। इस मिशन के तहत, 2014 से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक निवेश के साथ 11.7 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। यह महज परिसंपत्ति निर्माण की एक कवायद भर नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्रव्यापी आंदोलन था जिसने व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित एक ठोस क्रांति के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को मिलाकर एक अरब से अधिक लोगों को प्रेरित किया। इसकी पहचान एक 'जन आंदोलन' के तौर पर थी और यह शायद व्यवहार में परिवर्तन से संबंधित दुनिया की सबसे बड़ी कवायद थी। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज और सरकारी मशीनरी ने एकजुट होकर काम किया। स्वच्छता से जुड़े संदेश हर माध्यम से लोगों तक पहुंचे। मशहूर हस्तियों ने इस सामूहिक सुर में सुर मिलाया। ग्राम-स्तर के स्वयंसेवक ('स्वच्छाग्रही') जमीनी स्तर पर परिवर्तन के चैंपियन बन गए। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों, बैठकों, ह्यमन-की-बातह्ल में किए जाने वाले वातार्लापों और स्थानों एवं परिसरों की सफाई के आदर्श कार्यों के माध्यम से देश का नेतृत्व किया और लोगों को प्रेरित किया।

एसबीएम चरण-ककी सफलता के बाद, चरण-क्ककी शुरूआत की गई। इस चरण का उद्देश्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, परिदृश्य स्वच्छता और समग्र ग्रामीण स्वच्छता के व्यापक पहलुओं का समाधान करते हुए ओडीएफ संबंधी उपलब्धियों को बनाए रखना है। वर्ष 2024-25 तक, सभी गांवों को स्थायी तौर-तरीकों और बेहतर स्वच्छता की विशेषता से लैस ओडीएफ प्लस मॉडल में बदलने का लक्ष्य है। इस मिशन का अगला लक्ष्य संपूर्ण स्वच्छता है- जिसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक, समुदाय और संस्थान की ओर से निरंतर समर्पण की आवश्यकता होगी।

शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका ह्यनेचरह्ल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन सार्वजनिक स्वास्थ्य पर एसबीएम के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर शिशु मृत्यु दर को कम करने के मामले में। ह्यस्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण और शिशु मृत्यु दरह्ल शीर्षक वाले इस अध्ययन में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) के रुझानों से संबंधित 10 वर्षों की अवधि (2011-20) में 35 भारतीय राज्यों और 640 जिलों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। लेखकों ने शौचालय की बढ़ती सुलभता और बाल मृत्यु दर में गिरावट के बीच एक मजबूत संबंध का दस्तावेजीकरण किया है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि एसबीएम के बाद जिला स्तर पर शौचालयों की सुलभता में प्रत्येक 10 प्रतिशत अंक की वृद्धि से जिला स्तर पर आईएमआर में 0.9 अंक और यू5एमआर में औसतन 1.1 अंक की कमी आई है। एक सीमा प्रभाव का भी सबूत है, जिसमें जिला स्तर पर 30 प्रतिशत (और उससे अधिक) का शौचालय कवरेज आईएमआर में 5.3 अंक और प्रति हजार जीवित जन्मों पर यू5एमआर में 6.8 अंक की कमी के समतुल्य है। लेखकों का अनुमान है कि एसबीएम के कारण बड़े पैमाने पर शौचालय की सुलभता ने सालाना 60,000-70,000 शिशु मृत्यु को रोकने में योगदान दिया है। हालांकि, यहां इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह मात्र प्रभाव संबंधी अध्ययन भर नहीं है, जो एसबीएम की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2018) के अनुसार, 2014 और 2019 के बीच डायरिया से होने वाली 3,00,000 से अधिक मौतों को रोकने में एसबीएम की अहम भूमिका रही है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (2017) ने बताया कि गैर-ओडीएफ गांवों की तुलना में ओडीएफ वाले इलाकों के बच्चों में वेस्टिंग के मामले 37 प्रतिशत कम थे, जो इस बात की पुष्टि करती है कि स्वच्छता कैसे बचपन के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। ओडीएफ गांवों के बच्चों में डायरिया के मामले लगभग एक तिहाई कम थे। वर्ष 2017 में एक अध्ययन में, यूनिसेफ ने अनुमान लगाया कि 93 प्रतिशत महिलाएं घर में शौचालय उपलब्ध होने के बाद सुरक्षित महसूस करती हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को बढ़ाने में एसबीएम की भूमिका को दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में किए गए आर्थिक विश्लेषण से पता चला कि ओडीएफ गांवों में प्रत्येक परिवार ने स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अपेक्षाकृत कम लागत और बचाए गए जीवन के आर्थिक मूल्य एवं समय की बचत की दृष्टि से सालाना लगभग 50,000 रुपये की बचत की।

स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध को देखते हुए, एसबीएम से हासिल हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लाभ अपरिहार्य हैं। हाल के अध्ययन से हमें जो जानकारी मिली है, वह शौचालय की सुलभता के कारण बच्चों के जीवित रहने की संभावनाओं में सुधार का एक ठोस परिमाण है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता से संबंधित बदलाव निश्चित रूप से वयस्कों में जल-जनित संक्रमण को कम करने के साथ-साथ संभवतः रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बोझ को भी कम करने में प्रभाव डालेगा। इसका बचपन में स्टंटिंग एवं विकास पर भी निरंतर प्रभाव माना जाता है। आईसीएमआर और शिक्षा जगत को एसबीएम के इन आयामों पर वस्तुनिष्ठ अध्ययन करना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि समर्पण, सहयोग, योजना, शानदार कार्यान्वयन और निरंतर जन आंदोलन के जरिए क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। एसबीएम के 4पी वाले मंत्र- राजनीतिक इच्छाशक्ति, सार्वजनिक वित्त, साझेदारी और जनभागीदारी- के साथ-साथ अनुनय, इस कार्यक्रम की सफलता एवं प्रसार में सहायक रहे हैं। यह ह्यरणनीतिक पैकेजह्ल देश में और विदेश में अन्य सामाजिक परिवर्तन मिशनों के लिए एक मॉडल है। अब जबकि हम विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमें स्वच्छता और साफ-सफाई के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में उभरने की जरूरत है। व्यवहार में बदलाव को बनाए रखने, निर्मित शौचालयों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट प्रबंधन के उन्नत उपायों को समन्वित करने की प्रतिबद्धता अटल रहनी चाहिए। स्वच्छता एक ऐसा साझा मूल्य बनना चाहिए, जिसके स्वामित्व और पालन की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी चाहिए। यह मिशन अगले महीने गांधी जयंती पर अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाएगा। एसबीएम के एक दशक की अवधि में हमें अभूतपूर्व लाभ हुए हैं- स्वच्छ पर्यावरण, महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा, जीवनयापन में आसानी, घरेलू बचत और हमारी परंपरा के अनुरूप स्वच्छता की संस्कृति से हम समृद्ध हुए हैं। अब हम सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और जीवन बचाने में एसबीएम की एक मजबूत छाप भी देख रहे हैं।इस नेक मिशन की सफलता वास्तव में हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।

**(डॉ. विनोद पॉल नीति आयोग के सदस्य हैं।)**

देश की बात

## 'तरंग शक्ति': गरज रहा भारत का आसमान



योगेश कुमार गोयल

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतरराष्ट्रीय रक्षा संबंधों की मजबूती में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है। यह भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास ह्यतरंग शक्तिह्ल का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस ह्यवॉर एक्सरसाइजह्ल में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखा कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में ह्यतिरंगाह्ल बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये निहारता रह गया।

'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस ने उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

चिंतन-मनन

## ब्रह्मचर्य और आध्यात्म



सद्गुरु प्रमोद जी

भारतीय सनातन संस्कृति में जीवन को चार भागों में बांटा गया है। अगर मान लिया जाए कि जीवन की औसत अवधि 100 वर्ष की है तो पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा-दीक्षा होगी, उसके बाद के अगले 25 वर्ष, यानी 50 वर्ष तक की आयु में गृहस्थ आश्रम में रहते हुए दुनियावी जिम्मेदारियां निभाना, बच्चों का पालन-पोषण और उनकी शिक्षा-दीक्षा आदि की जिम्मेदारी संभालना, यह माना जाता है कि 50 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बच्चे जवान हो जाते हैं, समझदार हो जाते हैं, खुद मुख्तार हो जाते हैं और मां-बाप पर निर्भरता नहीं रहती, अतः व्यक्ति अध्यात्म की ओर प्रवृत्त हो सकता है। जीवन के इस भाग को वानप्रस्थ आश्रम का नाम दिया गया है और यह संन्यास और गृहस्थ आश्रम के बीच की स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सुख-साधन का लालच छोड़ कर खुद को समाज की भलाई के लिए प्रवृत्त करता चलता है। इसके बाद के अंतिम 25 वर्ष संसार के काम छोड़ कर व्यक्ति पूरी तरह से अध्यात्म में ही प्रवृत्त हो जाता है। सहज संन्यास मिशन ने आज की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए इसे और आसान बना दिया है। एक सहज संन्यासी कभी भी अपना परिवार नहीं छोड़ता, समाज से दूर नहीं जाता, दुनिया से दूरी नहीं बनाता, बल्कि परिवार में रहते हुए, समाज में रहते हुए, दुनिया में रहते हुए सिर्फ अपनी सोच और जीवन पद्धति में ऐसे बदलाव लाता है कि जीवन सच्चा हो जाए, प्रेममय हो जाए, आध्यात्मिक हो जाए। इसे हम सहज सुलभ मार्ग कहते हैं क्योंकि यह प्राकृतिक जीवन है और बहुत आसान है, सरल है, सहज है। अगर हम अपना सनातन इतिहास देखें तो हम पाते हैं कि हमारे आदर्श रहे ऋषि-मुनि और मनीषीजन भी विवाहित थे, संन्यासी जीवन में भी उनकी धर्मपत्नी उनके साथ थी, उनके बच्चे भी होते थे और वे आदर्श जीवन जीते थे। महर्षि गौतम की कहानी हम सबने सुन रखी है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**ईश्वर में विश्वास और ईश्वर में निष्ठा भिन्न है। विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है।**

## प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप अपने जीवन के प्रति सजग रहेंगे तो देखेंगे कि इसे ईश्वर ने अनेक प्रकार क्से अपना माध्यम बनाया है; इस तरह तुम्हारी निष्ठाा बढ़ेगी। कम लोग ही ईश्वर के छिपे हाथ को खोजते हैं। अधिकांश लोग घटनाक्रम को स्वाभाविक तथा अनिवार्य मान लेते हैं। वे नहीं जानते कि प्रार्थना से कैसे-कैसे आमूल परिवर्तन संभव है!

ईश्वर में निष्ठा विकसित करना : ईश्वर में सम्पूर्ण, निर्विवाद निष्ठा तात्कालिक रोग निवारण की उच्चतम विधि है। उस निष्ठा को जाग्रत करने के लिए निरन्तर प्रयास करना मानव का उच्चतम एवं अत्यधिक लाभप्रभ कर्त्तव्य है।

ईश्वर में विश्वास और ईश्वर में निष्ठा भिन्न है। विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है।

आप विश्वास करने की चाहत रख सकते हैं; परन्तु यदि आप वास्तव में विश्वास करते हैं, तो परिणाम तत्काल होंगे।

निष्ठा का खंडन नहीं किया जा सकता; यह सत्य का अन्तर्ज्ञानात्मक दृढ़ विश्वासव है, और इसे विरोधी तथ्यों से भी नहीं हिलाया जा सकता।... आप तो यह अनुभव भी नहीं करते कि यह महान् शक्ति कितने अद्भुतपूर्ण ढंग से कार्य करती है।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर के हब के रूप में जाना जाता है लोहरदगा का चमड़ु गांव

## नायक परिवार के मांदर पूरे झारखंड में हैं मशहूर



राहुल कौशल



किनेश साहू

आदिवासी समाज के त्योहारों में आज भी आधुनिक वाद्य यंत्र नहीं पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल नगाड़ों और मांदर ही खुशी के पलों के साझीदार बनते हैं। त्योहार की खुशियों में चार चांद लगाने के लिए लोग पारंपरिक वेशभूषा धारण करते हैं और मांदर की थाप पर नृत्य करते शहरी क्षेत्र तक में नजर आते हैं। झारखंड में विशेष रूप से मनाये जाने वाला त्योहार करमा पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे मांदर की मांग बढ़ रही है। अच्छी क्वालिटी के मांदर के लिए झारखंडियों को सेन्हा प्रखंड स्थित बूटी पंचायत के चमड़ु गांव का नाम जरूर याद आता है। यहां पर लगभग 35 घर निवास करने वाले नायक परिवार के लोग मांदर बनाकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। इस समुदाय के लोग सिर्फ मांदर ढोल बनाकर सालाना हजारों रुपये कमाते हैं । सिर्फ पर्व त्योहार पर ही मांदर की मांग बहुत ज्यादा हो जाती है जिसके कारण इस समुदाय के लोग अपने परिवार के साथ मिलकर मांदर का निर्माण करने में पहले से ही जुट जाते हैं। जब त्योहार आता है तो अच्छी कीमत पर मांदर की बिक्री हो जाती है। गांव में निवास करने वाले करने वाले नायक परिवार के दिनेश नायक,मानेश्वर नायक, धनेश्वर नायक, गन्दूर नायक, कमल बिमल,कलिंदर, दवेंद्र, किरपु ,बूतकु, ईस्वर, अयोध्या ,अवध,जनक ,मोहन, इत्यादि परिवार के लोगो का कहना है कि त्योहारों के सीजन में यहाँ के ढोल मांदर खरीदने के लिए लोग दूर दूर से आते हैं। लोहरदगा ही नही बल्कि राज्य के विभिन्न जगहों से लोग मांदर खरीदने आते हैं । एक मांदर का कीमत 4000 हजार से 8000 हजार तक होती है। यह दाम गुणवत्ता के हिसाब से रखा जाता है। जिसको जैसा अच्छा लगता है खरीदकर ले जाता है। मांदर का निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाता है। जिससे इस गांव का बदनामी न हो और व्यापार भी अच्छी तरह से चले। नायक परिवार के लोग बताते हैं कि पूंजी का अभाव भी खलता है। जिसके कारण बड़े पैमाने पर मांग के अनुरूप हम व्यापार नहीं कर पाते हैं। यदि किसी तरह से आर्थिक सहायता मिल जाती तो हमारे परिवार के समक्ष कठिनाई उत्पन्न नहीं होती। दिनेश नायक का कहना है कि चमड़ु गांव में लगभग 35 से 40 नायक परिवार निवास करते है। कहा कि यहां रहने वाले लोग सरकार से सहायता राशि की मांग कई बार की है लेकिन हर बार सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। कई बार प्रखंड स्तर से लेकर राज्य सरकार तक मांग की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है । वहीं खरीदार मनोज उरांव ब्राम्बे निवासी का कहना है कि यहाँ से खरीदा हुआ मांदर को हमलोग दूसरे जगह बाजार में बेचते हैं। किसी प्रकार का शिकायत नहीं मिली है जिसके कारण हम इतनी दूर से मांदर खरीदने आये हैं।



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### उपायुक्त ने की लघु सिंचाई प्रमंडल योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा

**लातेहार।** लघु सिंचाई प्रमंडल लातेहार अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त गरिमा सिंह समक्ष लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। इस बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल किशन मिंज, लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### सरना आदिवासी विकास एकता मंच ने विधायक को किया सम्मानित

**महुआडांड़।** प्रखंड के रेंज ऑफिस समीप सरना आदिवासी विकास एकता मंच स्थल पर सरना समिति के द्वारा करमा पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह शामिल हुए। सरना आदिवासी विकास एकता मंच की ओर से शॉल ओढ़ाकर विधायक को सम्मानित किया गया। वहीं नव निर्माण सरना भवन का विधिवत रूप से फीता काट विधायक रामचंद्र सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान सरना समाज के लोग भारी संख्या में मौजूद थे। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर, कोमल किंडो, रानु खान, नुरुल अंसारी, किशोर तिर्की, बसारत अली, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल, अजित पाल कुजूर, राजा गुप्ता, आयुष जायसवाल, पप्पू, नसीम अंसारी, सद्दाम खान, विनोद उरांव अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लूट का प्रयास, एक अपराधी धराया

**चंदवा।** बैंक मे पैसे जमा करने जा रहे कैश ऑन माइक्रोफाइनेंस कंपनी के मैनेजर सुजीत कुमार के साथ बाइक सवार दो अपराधियों ने लूट का प्रयास किया। हालांकि सह कर्मियों एवं स्थानीय लोगो की सूझबूझ से एक लुटेरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसकी पहचान ओमप्रकाश पासवान पिता जीतन मांझी (चौरा, पलामू) के रूप में हुई है। मामले में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर सुजीत कुमार के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 129/24 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार ओमप्रकाश पासवान को जेल भेज दिया गया। जबकि मौके से फरार दूसरे अपराधी की धर पकड़ को लेकर चंदवा पुलिस छापामारी में जुट गई है।

### सीताराम येचुरी का निधन अपूर्णीय क्षति : प्रमोद

**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी (72 ) वर्ष का गुरुवार को नई दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर अखिल भारतीय किसान सभा चंदवा प्रखंड कमेटी ने गहरी संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करते हुए किसान नेता प्रमोद साहू ने कहा कि उनके निधन से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को गहरी क्षति पहुंची है। सिर्फ माकपा ही नहीं बल्कि पूरे वामपंथ सहित विपक्षी आंदोलन को भी गहरी क्षति पहुंची है। वे एक अनुभवी नेता थे उनके निधन से संगठन को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। साहु ने कहा कि एक कार्यक्रम के दरम्यान हैदराबाद में उनसे मुलाकात हुई थी जो एक यादगार पल मेरे जीवन का था कामरेड सीताराम येचुरी सरल स्वभाव के मृदभाषी व्यक्ति थे। मनमोहन सरकार के गठन में उनकी अहम भूमिका थी 1975 में इमरजेंसी के दौरान उन्हें भूमिगत भी होना पड़ा था। छात्र जीवन में राजनीति की शुरुआत कर जेएनयू के अध्यक्ष भी रहे।

# उपायुक्त ने मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को लेकर बैठक आयोजन किया गया।इस बैठक में उपायुक्त गरिमा सिंह के समीक्षा क्रमवार योजनाओं मत्स्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा रखी गई मत्स्य बीज वितरण, मत्स्य बीज उत्पादकों की संख्या, मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन की आपूर्ति, मत्स्य बीज उत्पादों को फीड की आपूर्ति, मत्स्य बीज उत्पादकों को जाल की आपूर्ति ,पोर्टेबल हैचरी से स्पॉन उत्पादन का लक्ष्य, हैचरी का रख रखाव एवं स्पॉन का उत्पादन, जलाशय के छाड़न में मत्स्य स्पॉन का संचयन, नदियों के छाड़न में मत्स्य स्पॉन का संचयन, जलाशय में मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन आदि के भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। जिसपर जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षित मत्स्य बीज



उत्पादकों को अनुदान पर मत्स्य स्पॉन बीज, फीड एवं जाल का वितरण किया जा रहा है शेष स्पॉन माह जनवरी में कॉमन कार्प का स्पॉन किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। आगे उन्होने कहा कि जलाशय में मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन माह अक्टूबर एवं नवंबर 2024 में किया जायेगा। तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु लाभुकों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

पायलट प्रोजेक्ट के रुप में अमूर कार्प / जयंति रेहू/तिलापिया आदि के बीज का संचयन के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कुल 6000 पीस अमूर कार्प का बीज संचयन कराया गया है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सक्रिय मछुआरों का बीमा कवरेज की समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सूची तैयार कर मत्स्य निदेशक झारखंड रांची को उपलब्ध करा दी गई है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य, जिंदा मछली बिकी केंद्र, मछली बिक्री हेतु आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहनों का वितरण के लिए किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिन योजनाओं का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है उन्हें त्वरित पूरा करने के संबंध में जिला मत्स्य पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

### खीस्त राजा विद्यालय में खेलो इंडिया कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** स्थानीय खीस्त राजा उच्च विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को खेलो झारखंड 2024 का प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्र, महेंद्र प्रसाद साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पुरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के द्वारा फीता काटकर अंडर 17 बालिका वर्ग का 100 मीटर की दौड़ से कार्यक्रम की शुरूआत की। उक्त कार्यक्रम दो दिनों तक आयोजित है। कार्यक्रम के प्रथम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत तीनों वर्गों का 100,200,400 और 600 मीटर रिले रेस, कबड्डी एवं खोखो प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शेष प्रतियोगिताएं शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। बीपीओ सुबोध कुमार चंदेल ने बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी आगामी 18 से 20 सितंबर तक आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन पारा शिक्षक संघ अध्यक्ष बेलाल अहमद ने किया।

## केन बम मिलने से लोगों में हड़कंप पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेगांई गांव में गुरुवार सुबह रोमानूस केरकेट्टा के घर के बाहर पास एक केन बम मिलने की खबर से पूरे गांव में हडकंप मंच गया। रेगांई पंचायत के मुखिया के पति अर्जुन केरकेट्टा ने बम होने की खबर थाना को दिया। डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी व थाना प्रभारी अवनीश कुमार, आईआरबी व सीआरपीएफ के जवान दल बल के साथ रेगांई गांव पहुंचे। डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के द्वारा स्थल कि घेरा बंदी की गई। जांच शुरू हुई, बंम को नष्ट करने कि प्रक्रिया चली। बम को निस्तारित करने की कार्रवाई की गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं अर्जुन केरकेट्टा ने बताया कि रोमानूस केरकेट्टा सुबह मेरे घर आकर बम होने की बात बताई, तो जाकर देखा, देखने से लग रहा था कि जलाकर फोड़ने की कोशिश बम को किया गया था। हमलोग डर गये, थाना को बताया। ज्ञात हो जिसके घर के शौचालय के सामने केन बम रखा गया था। वह एक गरीब किसान परिवार है। बम नष्ट करने कि प्रक्रिया के बाद केन से जो मिला उसमें एक डेटोनेटर, कुछ लोहे के कुछ टुकड़े, युरिया खाद जैसा, और पत्थर के टुकड़े थे। इस संबंध में एसडीपीओ हिमांशु चंद्र मांझी ने बताया कि बम ब्लास्ट होने पर जान माल का नुकसान हो सकता था। रोमानूस केरकेट्टा के घर के सौचालय के समीप एक केन बम बरामद किया गया था। मामले की सूचना होने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को बुलवाया। बम निरोधक दस्ते ने बम को डिफ्यूज कर दिया है।

## शिविर के माध्यम से डीएलएओ व बीडीओ ने गोद भराई रश्म अदा किया

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन गुरुवार को करमा पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ डीएलएओ वैभव कुमार सिंह, बीडीओ मनीष कुमार, मुखिया रामनाथ यादव, जिला परिषद सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत क्षेत्र से काफी संख्या में जरूरत मंद महिला व पुरुष शामिल हुए। शिविर में पहुंचने वाले लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर डीएलएओ व बीडीओ मनीष कुमार ने विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरिक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को शिविर में आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। ताकि अधिक से अधिक



आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा सके। शिविर के माध्यम से डीएलएओ वैभव कुमार सिंह बीडीओ मनीष कुमार ने गोद भराई व बच्चे को खीर खिला कर मुह झूठी रश्म यदा किया। इसके अलावा कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध छात्रों के बीच साइकिल, जेएसएलपीएस द्वारा लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र के अलावा लाभुकों के बीच पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त लगभग आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया। जिसमें सार्वजन पेंशन योजना, साइकिल वितरण, जॉब कार्ड, धोती साड़ी के अलावा स्वास्थ्य जांच, पशु दवा, जाति प्रमाण पत्र शामिल है। इस मौके पर डीएलएओ ने पंचायत वार आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील लोगों से किया। ताकि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल सके। मौके पर समाज सेवी संजय कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में पंचायत क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### बारेसाढ़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गारू बीडीओ पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**गारू।** प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान गारू बीडीओ संतोष बैठा पर हमला कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बीच में बारेसाढ़ गांव निवासी दिलीप यादव 35 वर्षीय पिता स्वर्गीय नानक यादव ने बीडीओ से अभद्र व्यवहार करते हुए उन पर थप्पड़ चलाने की कोशिश की। हालांकि, बीडीओ के सुरक्षा गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए दिलीप यादव को काबू में कर लिया और अन्य कर्मचारियों की मदद से उसे पकड़ लिया। घटना के बाद बीडीओ संतोष बैठा ने तत्काल इसकी सूचना बारेसाढ़ थाना प्रभारी अजीत कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी दिलीप यादव को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बीडीओ की लिखित शिकायत के आधार पर दिलीप यादव के खिलाफ बारेसाढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया। दिलीप यादव को हिरासत में लेकर लातेहार जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा, सरकारी अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कानून को अपने हाथ में लेने की किसी को व्यक्ति को अनुमति नहीं है, और इस मामले में संलिपित और लोंगो के ऊपर चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुक विभाग का लगा रहे चक्कर

**कुंदा (चतरा)।** चतरा जिला कल्याण कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभुकों की फाइलें स्थिर हो गई। एक और सरकार दावा कर रही है कि झारखण्ड प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार को प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना चलाई जा रही है। जिसमे कल्याण विभाग से 50 हजार से 25 लाख तक के ऋण देने की योजना है लेकिन इसका क्रियान्वयन ससमय नहीं होने के कारण योजना का लाभ बेरोजगार युवाओं को नहीं मिल पा रहा है। ऋण के लिए आए दिन कई युवा जिला कल्याण विभाग का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन फाइलें दौड़ नहीं रही है। ज्ञात हो कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग को कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजना जिसका मुख्य उद्देश्य झारखंड के नागरिकों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। इसके माध्यम से लाभार्थियों को ऋण प्रदान किए जाने का प्रवधान है, ताकि झारखंड में बेरोजगारी दर में गिरावट के साथ बेरोजगार युवा आत्मनिर्भर बन सके। इस योजना के अंतर्गत दिए गए ऋण राशि का 40% अनुदान देने का प्रवधान है, जिससे लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण फाइलें जिला कल्याण विभाग कार्यालय में स्थिर पड़ा हुआ है। जिससे लाभुकों को योजना का लाभ ससमय नहीं मिल पा रहा है।

### राज्य स्तरीय टीम ने किया आधा दर्जन विद्यालय का निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य स्तरीय टीम ने गुरुवार को प्रखंड के आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालयों में अवस्था को देखकर शिक्षकों को जमकर फटकार भी लगाया। जबकि सुधार करने का निर्देश दिया जांच टीम सबसे पहले प्रखंड के बीआरसी भवन बलबल का निरीक्षण किया। जहां पर कर्मियों का घोर अभाव की शिकायत दर्ज की गई। यहां तक की एक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के भरोसे छह प्रखंड संचालित होने की बात बताई गई।इसके पश्चात जांच टीम प्लस टू उच्च विद्यालय द्वारी का निरीक्षण किया। जहां पर कई गड़बड़ियां उजागर हुई। जांच टीम ने असंतोष व्यक्त करते हुए इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना की बात बताया। इसके पश्चात जांच टीम प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया। जहां पर भी कई गड़बड़ियां उजागर हुई। हालांकि व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया गया। टीम के सदस्यों ने गड़बड़ियों को सुधार करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जांच टीम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भी अवलोकन किया। जहां पर सभी तरह की व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। वार्डन को कई दिशा निर्देश भी दिया गया। जांच टीम में झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण लता करकेट्टा,परियोजना पदाधिकारी आदिल नजम, अनुश्रवण दल के विजय ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मी में शामिल थे।

### श्री श्रीचंद्रजी महाराज की 530वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

# आधुनिक भारत के निर्माण में ब्राह्मण समाज की अग्रणी भूमिका है : बैद्यनाथ राम

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जगत गुरू उदासिनाचार्य श्री श्रीचंद्रजी महाराज की 530वीं जयंती बड़ी ही धूमधाम से आयोजन किया गया। शहर के गुरुद्वारा में सासाराम के महंत बजरंगी दास और श्री संकटमोचन नवादा के महंत नकूलदास के सानिध्य में विधिवत रूप से अरदास एवं कड़ाह प्रसाद पूजन किया गया। इसके बाद गुरुद्वारा परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो लातेहार मुख्य मार्ग होते हुए एक निजी होटल तक गई, जो मुख्य सभा में तब्दील हो गई। सभा में मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा सह मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम, महंत दयानंद मुनि, फुलवारीसरीफ, बजरंगी दास सासाराम, नकूल दास नवादा संकट मोचन मंदिर, गणेश मिश्रा रांची, मुख्य संरक्षक त्रिवेणी दास उपस्थित थे। वहीं सभी लोग संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण



में ब्राह्मण समाज की अग्रणी भूमिका है। मुगल काल में जब सनातन धर्म को खतरा हुआ तो हमारे गुरुनानक देव जी महाराज और उनके पुत्र श्री श्रीचंद्रजी महाराज ने देश के कोने कोने में जाकर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया। वहीं कई स्थानों पर गुरुद्वारा, मंदिर पीठ-मठ का निर्माण कराकर सनातनियों को जागरूक किया। महंत बजरंगी दास ने कहा कि समाज विकास करता है, जो उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ा हो और मानव मात्र के कल्याण के लिए कार्य करने की सोच से जुड़ा हो, ब्राह्मण समाज ऐसा ही समाज है। इसमें मुख्य रूप से बोकारो के संजना मिश्रा, गढ़वा के अदिति कुमारी, धनबाद सिंदरी की अन्वी पाण्डेय, विजय कुमार, देव मिश्रा, आरव पाण्डेय, रूद्र पाण्डेय, आदित्य कुमार दास, रोशन दास, वीरप्रताप पाण्डेय, अदिति कुमारी, श्रेयांश राज, आदर्श कुमार, जिया कुमारी शामिल रहीं। मौके पर मुख्य रूप से घनश्याम दास, गौतम दास, अर्जुन दास, अशोक दास, मदन दास, मनीष दास, अमित दास, दीपू बाबा, सुकन्या देवी, भोलादास, राजू दास, सुनील पाण्डेय, विकास दास, अमर दास, राहुल दास शामिल थे।

### करमा महोत्सव सह झूमर प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सन्हा स्थित पटेल मैदान में आज आयोजित होने वाले करमा महोत्सव सह अंतर जिला झूमर प्रतियोगिता को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष झमन महतो ने बताया कि दोपहर 1 बजे से चार बजे तक झुमर प्रतियोगिता तथा शायं 4 बजे से उर्मीला महतो ग्रुप द्वारा ठेठ नागपुरी गीतों का सांस्कृतिक प्रस्तुती दी जायेगी। बता दें, लोक भाषा व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन को लेकर ग्रामीणों द्वारा पिछले एक दशक से उक्त कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसकी चहुंओर प्रशंसा की जाती है। विजेताओं को मुख्य अतिथि सह मुखिया निलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा द्वारा पुरस्कृत किये जायेंगे। मौके पर समिति के व्यवस्थापक रोहन महतो, सचिव लोकनाथ महतो, कोषाध्यक्ष सुनील महतो, प्रकाश महतो, गणेश महतो, सुरेन्द्र, उदय, मोहन, विनोद, दीपनारायण समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बस व ट्रक में टक्कर, आधा दर्जन यात्री घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी गांव के समीप गुरुवार की सुबह चंचल नामक यात्री बस और हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमे बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में बैठा बस का उप चालक आदित्य प्रसाद (चतरा), के सिर व शरीर के अन्य भाग पर गंभीर चोटें आयी है। वहीं बस पर सवार यात्री दौलतिया देवी के सिर व हथेली पर गंभीर चोट आई है इसके अलावे आधा दर्जन यात्री घायल हुए। दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल हो गया। टक्कर के बाद घायल यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई। सूचना पाते ही चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस व निजी वाहनों से चंदवा सीएचसी व बालूमाथ अस्पताल भेजा गया जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में डॉ कंचन बाड़ा की देख रेख में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। सड़क हादसे के संबंध में यात्रियों ने बताया कि उक्त बस रांची से चतरा की ओर जा रही थी, वहीं हाइवा बस के आगे-आगे चल रही थी। हिसरी गांव के समीप आगामी त्योहार को लेकर चंदा कर रहे लोगो के द्वारा हाइवा को रोका गया, इसी दौरान पीछे से आ रही बस अनियंत्रित हो गयी व हाइवा से जा टकराई। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में लेकर पड़ताल में जुटी हुई है। प्रसाशन द्वारा बस यात्रियों को दूसरे वाहन से गणतव्य स्थान के लिए भेज दिया गया।

### हाथियों ने सोलर पंप सेट सहित फसल को किया नष्ट

**बालूमाथ।** इन दोनों बालूमाथ वन क्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है बीते दिनों कई घर फसल के साथ-साथ लोगों के कीमती सामान को नष्ट कर दिया वहीं ताजा मामला यह है कि कोमर गांव के टीम के पास लगे सोलर संचालित पंप सेट को जंगली हाथियों की झुंड ने ध्वस्त कर दिया सोलर सेट का चकनाचूर हो गया। यह सोलर पंप सेट सरकार द्वारा किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए लगाई गई थी इसके ध्वस्त हो जाने से सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है जिससे किसान चिंतित हैं वहीं किसान लवलेश सिंह के खेतों में लगे खेती को लगभग 2 एकड़ में लगे मकई को नष्ट कर दिया। जिससे किसान को काफी नुकसान हो गया है। इन जंगली हाथियों के झुंड का आतंक दिन प्रतिदिन देखा जा रहा है बीते 3 सालों से फसल के दिनों में जंगली हाथी लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्र में खास करके बालूमाथ रेंज अंतर्गत देखे जाते हैं और फसल के साथ-साथ लोगों के जान माल की नुकसान करते हैं हाथियों की डर से ग्रामीण दहशत में है रात जगा कर अपना सुरक्षा स्वयं करते देखे जा रहे हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है किसानों का कहना है कि वन विभाग इन जंगली हाथियों से निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है यहां तक कि बचाव के लिए भी ना टॉर्च ना मसाला दे रही है यहां तक कि जब जंगली हाथी गांव में घुसते हैं तो वन विभाग फोन तक नहीं उठाती है और गलती से अगर उठा भी ले तो सिर्फ झूठी आश्वासन भेज रहा हूं कह कर फोन काट देती है ग्रामीण त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं दहशत में जीने को विवश हैं।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**बालूमाथ।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के बालूमाथ पंचायत में गुरुवार को विकास शिविर का आयोजन किया गया। विकास शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव व बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बीडीओ ने शिविर में पहुंचें ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कर निदान को लेकर संबंधित विभाग के कर्मचारियों को दिशा निर्देशित दिया। इस मौके पर प्रखंड नाजिर सुमित,सिन्हा,सीआई अनिल कुमार,उपमुखिया अमित गुप्ता,जेई शशि भूषण उराँव,आपरेटर सोनू कुमार,वकील उराँव,गोलू कुमार,मो अबुल भाई,श्यामसुंदर यादव,सहित प्रखंड और अंचल के कई कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रखंड कार्यालय में कुव्यवस्था के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कुव्यवस्था के विरोध ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के पंचायतवार आवंटन पर मनमानी करने का आरोप लगाया। बताया जाता है कि गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न गांव से सैकड़ो महिला पुरुष प्रखंड कार्यालय अपने अपने कार्य को ले पहुंचे हुए थे। कई महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में शुद्धिकरण करवाने पहुंचे थे। परंतु प्रखंड कार्यालय में न तो एक कंप्यूटर ऑपरेटर था और ना ही अन्य कर्मी। वैसे में ग्रामीण उग्र हो गए। इसके पश्चात ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन किया। जबकि कई पंचायत से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभुक भी पहुंचे थे। ग्रामीणों ने कहा की प्रखंड में जिला द्वारा 83 प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का आवंटन किया गया है। परंतु प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पहरा को 41,बारियातू पंचायत को 21, द्वारी पंचायत को आठ, गिद्धौर को तीन,बारिसाखी व मंझगांवा पांच पांच आवंटन किया है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने यह आवंटन प्रखंड कार्यालय द्वारा नहीं किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा इसमें प्रखंड कार्यालय द्वारा किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हुआ है।

### एक महीने से अंधेरे में रह रहे है भदईटांड़ के ग्रामीण

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के भदईटांड़ टोला में विगत एक माह से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है जिस कारण यहां के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीण महफूज अंसारी,दाऊद अंसारी ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर करीब एक महीने से खराब है। इसकी सूचना कई बार विभाग को दी गई है लेकिन अब तक विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया गया है जिस कारण यहां के उपभोक्ता इस बारिश के मौसम में भी अंधेरे में रहने को विवश हैं। अंधेरा रहने के कारण हमारे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी प्रभावित हो रही है तथा हमेशा सांप, बिच्छू का भय बना रहता है। उक्त ट्रांसफार्मर से कनेक्शनधारी ज्यादा होने के कारण ट्रांसफार्मर ज्यादा दिन नहीं टीक पाता है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि 25 केवीए की जगह 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाय। मांग करने वालों में जशीम अंसारी, हातिम अंसारी, बुटन तुरी, सोहन तुरी, विजय बड़ाईक, तजमूल, अजीज, यूनुस, प्रेम तुरी भूखन गंझु, युगल गंझु समेत कई ग्रामीणों के नाम शामिल है।

### घर से जेवरात सहित 30 हजार रुपये की चोरी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत टोला छाताबर निवासी त्रिभुवन राम पिता बाबूलाल राम की घर में बीते रात चोरो ने घर का ताला तोड़कर सोना चांदी की जेवरात सहित तीस हजार नगद रुपया चोरी कर लिया। जानकारी देते हुए पीड़ित त्रिभुवन राम ने बताया कि 10 सितम्बर को अचानक मेरे पिता का तबियत बिगड़ा गया था। जिस कारण हमलोग सभी परिवार पिताजी को लेकर इलाज कराने हेतु रांची लेकर चले गए थे। घर में कोई परिवार नहीं थे। घर में ताला बंद था। जब सुबह 7 बजे मेरा भगिना रौशन कुमार ने गेट एवं घर का ताला टुटा हुआ देखा तो तुरंत हमलोग के पास फोन कर सूचना दिया। आपके घर में लगता है चोरी हो गई है। फिर हम सभी परिवार रांची सें छाताबर घर वापस लौटकर देखा की घर का ताला टुटा हुआ है। इसके पश्चात तुरंत बारियातू पुलिस को सूचित किए। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की। जिसमे सोना की जेवरात में कान का टॉप, कान का झुमका दो पीस, मंगलसूत्र, गला का चैन, एक अंगूठी, 4 पीस नाक का बेसर एवं चांदी का जेवरात में 8 पीस बेरा, चैन, कान का फूल सहित नगद 30 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। इन सभी जेवरत की कीमत लगभग 38500 रुपए है जिससे घर में चोरी होने से 68500 रुपया की नुकसान हुआ है। आगे उन्होंने बताया कि बारियातू थाना में आवेदन दिया गया है।

# प्रधानमंत्री के सीजेआई के घर गणेश पूजा के लिए जाने पर तेज हुई सियासत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गणेश पूजा के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर जाने सियासत तेज हो गई है। विपक्षी नेताओं ने इसको लेकर सवाल उठाए हैं। वहीं, भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए विपक्ष से सवाल किए हैं कि इफ्तार पार्टी में प्रधानमंत्री की उपस्थिति की सराहना करने वाले आज गणपति पूजा के विरोध में खड़े हैं। इसलिए वे प्रधानमंत्री की आलोचना कर रहे हैं। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि वही लोग जो इफ्तार में प्रधानमंत्री की उपस्थिति की सराहना करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, जब वे प्रधानमंत्री मोदी को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजन करते देखते हैं तो उनकी हिम्मत टूट जाती है। वे इसके विरोध में खड़े हो जाते हैं। दरअसल वे गणेश पूजा के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में करोड़ों भक्तों द्वारा पूजे जाने वाले देवताओं के सामने कार्यपालिका और न्यायपालिका की प्रार्थना भारतीय धर्मनिरपेक्षता की वास्तविक ताकत को दशार्ती है। इस बारे में शिव सेना (उद्धव ठाकरे) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री मोदी और चीफ जस्टिस की मुलाकात को लेकर कहा कि अगर संविधान के रखवाले इस प्रकार से राजनीतिक नेताओं से मिलते हैं तो लोगों के मन में शंका पैदा हो सकती है।

### ढोल-ताशा करने दीजिए, यह पुणे का दिल है : सुप्रीम कोर्ट

## गणेश उत्सव पर एनजीटी के निर्देश पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान 'ढोल-ताशा' समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के एनजीटी के निर्देश पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने आदेश सुनाते हुए कहा कि उन्हें ढोल-ताशा करने दीजिए, यह पुणे का दिल है। इससे पहले एनजीटी ने गणेश उत्सव के दौरान सामूहिक प्रदर्शन में संख्या सीमित कर दी थी। एनजीओ ने सीजेआई के सामने एनजीटी के 30 अगस्त के आदेश को उठाते हुए कहा, एनजीटी पुणे में गणपति के विसर्जन के लिए ढोल ताशा समूह में लोगों की संख्या को प्रतिबंधित करने का लिखित आदेश दिया है। एनजीटी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों की संख्या कैसे सीमित कर सकता है? एनजीटी के आदेश के खिलाफ पुणे स्थित ढोल-ताशा समूह की याचिका पर दोपहर 2 बजे सुनवाई करने का फैसला करते हुए, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया। वकील अमित पई ने कहा कि सौ वर्षों से अधिक समय से पुणे में 'ढोल-ताशा' का बहुत गहरा सांस्कृतिक महत्व रहा है और इसकी शुरूआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने की थी। उन्होंने कहा कि एनजीटी का 30 अगस्त का निर्देश ऐसे समूहों को प्रभावित करेगा। पीठ ने कहा नोटिस जारी करें... लिस्टिंग के अगले दिन तक, दिशा संख्या 4 (ढोल-ताशा समूहों में व्यक्तियों की संख्या पर) के संचालन पर रोक रहेगी।

## गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अस्थाई तालाब का निर्माण

**हरिद्वार।** हरिद्वार में गणपति महोत्सवों में स्थापित गणपति मूर्तियों के विसर्जन के लिए तीन स्थानों पर कृत्रिम अस्थाई तालाबों का निर्माण किया गया है। एनजीटी के आदेशों के चलते इन जलाशयों को बनाया गया है। हरिद्वार के उप जिलाधिकारी अजयवीर सिंह ने बताया कि गंगा में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध है। एनजीटी के आदेशों के क्रम में इस वर्ष भी गंगा में मूर्ति विसर्जन को रोकने हेतु नगर निगम द्वारा 3 स्थानों पर जलाशयों का निर्माण किया गया है। इसमें एक लालाजीवाला चैनल पुल के नीचे, दूसरा बैरागी कैम्प में जल संस्थान के ट्यूबवेल के समीप तथा तीसरा कनखल में श्मशान विशारिणी मंदिर से आगे लोहे वाले पुल के नीचे स्थित है। उक्त अस्थायी तालाबों के तली में तारपोलीन शीट भी लगायी गयी है।

# तृणमूल विधायक सुदिप्त रॉय के घर सीबीआई की छापेमारी

▸ अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं विधायक

**एजेंसी। कोलकाता**



▸ विधायक के कोलकाता के निजी अस्पताल में भी ली गई तलाशी

कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम गुरुवार को हुगली जिले के सेरामपुर विधानसभा क्षेत्र से चार बार के तृणमूल कांग्रेस विधायक डॉ. सुदीप्तो रॉय के घर पर पहुंची। उत्तर कोलकाता के सिंथी क्रॉसिंग स्थित उनके आवास के अलावा सीबीआई अधिकारी पास ही में स्थित उनके निजी नर्सिंग होम में भी छापेमारी और तलाशी अभियान चला रहे हैं। चार बार पार्टी विधायक रहे रॉय आरजी कर अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष जैसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर हैं और पश्चिम बंगाल चिकित्सा भर्ती बोर्ड के सदस्य हैं। वह पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। सीबीआई अधिकारियों की टीम दोपहर करीब 1.15 बजे विधायक के घर और कार्यालय पहुंची तथा छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। टीम के कुछ सदस्य रॉय से आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में पूछताछ भी कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि रॉय का बयान भी दर्ज किया जाएगा। सीबीआई का यह छापेमारी अभियान आरजी कर अस्पताल में हुई महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

## डॉक्टरों के धरना स्थल के पास मिला संदिग्ध बैग

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गुरुवार सुबह एक संदिग्ध बैग मिलने से दहशत फैल गई। यह बैग अस्पताल परिसर में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों के मंच के पास पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को तत्काल सूचना दी गई। गुरुवार सुबह जब आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर रोज की तरह धरना स्थल पर बैठे थे, तभी अचानक उन्होंने मंच के पास एक बड़ा बैग पड़ा देखा। बार-बार पूछने के बावजूद उस बैग के मालिक का पता नहीं चल पाया। इसके बाद यह अफवाह फैल गई कि बैग में बम हो सकता है, जिससे वहां मौजूद लोग डर के मारे धरना स्थल से हट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत बम स्क्वॉड को बुलाया गया। बम स्क्वॉड की टीम बैग को जब्त कर ले गई।

## आरजी कर घोटाला मामले में तीन स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता में तीन स्थानों पर छापेमारी की। इनमें आरजी कर के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के पैतृक निवास सहित अन्य स्थान शामिल हैं। जिन तीन स्थानों पर छापेमारी की गई उनमें उत्तरी कोलकाता के न्यू टाउन स्थित संदीप घोष का पैतृक निवास, उत्तर कोलकाता के टाला इलाके में चंदन लौह का निवास और कालिंदी में एक केमिस्ट और ड्रगिस्ट की दुकान शामिल है। चंदन लौह, संदीप घोष का करीबी सहयोगी है।

## नोएडा बैड टच मामले ने पकड़ा तूल, प्रिंसिपल को हटाने की मांग

**नोएडा।** नोएडा के एक निजी स्कूल में छह साल की बच्ची से हुए 'बैड टच' मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को बर्खास्त करने की मांग रखी। वहीं, स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई। इस दौरान पुलिस ने मामले को शांत कराया। अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन के सामने सवाल उठाया कि उन्हें कैसे भरोसा होगा कि बच्चे यहां सुरक्षित हैं। इसकी क्या गारंटी है। इस बात को लेकर काफी कहा-सुनी हुई। इस दौरान कई अभिभावकों ने हंगामे का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। अभिभावकों ने मांग की है कि प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला को तत्काल बर्खास्त किया जाए। विद्यालय और बस में गार्ड की व्यवस्था की जाए। विद्यालय के प्रत्येक कोने और क्लास रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। कक्षा के कैमरे का लिंक अभिभावक को दिया जाए। विद्यालय के बीच में लगी रेलिंग की ऊंचाई बढ़ाने की मांग भी रखी गई। वहीं, री-एडमिशन चार्ज और फाइन कम करने की मांग की गई। इसके अलावा प्रत्येक बच्चे के लिए पेरेंटेस आईडी बनवाने और बच्चे के साथ किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर स्कूल प्रबंधन से जिम्मेदारी लेने की मांग भी की गई।

# संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने को राजी हुआ मुस्लिम पक्ष

**एजेंसी। शिमला**




हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की विवादित संजौली मस्जिद मामले में नया मोड़ आ गया है। एक दिन पहले संजौली में हिन्दू समुदाय की ओर से किये गए जबरदस्त प्रदर्शन से यह मामला गरमा गया है। विवाद को खत्म करने के लिए मुस्लिम पक्ष ने पहल की है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष के साथ मुस्लिम समुदाय के स्थानीय लोग गुरुवार को नगर निगम शिमला के दफ्तर पहुंचे और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को कब्जे में लेने या इसे सील करने की मांग की। बड़ी बात यह है कि मस्जिद कमेटी ने आयुक्त से यह भी गुहार लगाई कि वे उन्हें मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को स्वयं हटाने की अनुमति प्रदान करें।

मुस्लिम समुदाय का कहना है कि उनकी ओर से यह पहल किसी की दबाव में नहीं बल्कि अमन और शांति कायम करने के लिए की गई है। संजौली मस्जिद कमेटी के प्रधान अब्दुल लतीफ ने कहा कि हमने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपरोक्त मांग किए हैं। नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के लोग आज यहां पर उनसे मिले हैं और उन्होंने ज्ञापन सौंपा है, उनके इस प्रस्ताव पर जल्द ही फैसला दिया जाएगा।

### कांग्रेस विधायक ने मुस्लिम पक्ष को सराहा

शिमला शहर के कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने मुस्लिम समुदाय की इस पहल का स्वागत किया है। हरीश जनारथा ने मुस्लिम समुदाय के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय ने एक राजनीतिक मुद्दे को इंसानियत के तौर पर खत्म करने की पहल की है।

## गोरखधंधा शब्द को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर पदयात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

समाज में प्रचिलित गोरखधंधा शब्द को प्रतिबंधित करने की मांग को लेकर सहारनपुर से शुरू की गई पदयात्रा का नई दिल्ली के जंतर मंतर पर समापन हुआ। सर्वसमाज नामक संगठन के बैनर तले राहुल जोगी ने गत 2 सितम्बर को सहारनपुर से अकेले ही यह पदयात्रा प्रारंभ की थी। उनका कहना है कि गोरखधंधा शब्द भारत के महान गुरु गोरखनाथ जी के शब्द से मिलता जुलता है। इसके प्रयोग से महान गुरु का अपमान होता है। इसलिए वे राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर इस शब्द के चलन पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग करने आए हैं। सर्व समाज के प्रमुख राहुल जोगी ने जंतर मंतर पर कुछ समर्थकों के साथ प्रदर्शन भी किया और कहा कि गलत कार्यों के लिए गोरखधंधा शब्द का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

## मदुरै में महिला छात्रावास में आग लगने से दो की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै जिले के पेरियार बस स्टैंड के पास कटारपालयम में एक महिला छात्रावास में आग लगने से दो महिलाओं की जान चली गई। यह घटना गुरुवार सुबह की है। घटना में पांच अन्य घायल हो गए। उन्हें सरकारी राजाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक महिलाओं की पहचान परिमाला और सरन्या के रूप में की गई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै-शनै बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

# शिक्षक बन योगी ने छात्रों को दी नसीहत कहा- बार बार न दोहराएं एक ही गलती

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करने के लिए लखनऊ में मोहनलालगंज के सिठौली कला स्थिति विद्यालय पहुंचे। सीएम योगी ने यहां छात्रों के साथ अच्छा समय बिताया। सीएम योगी ने प्रतिभाशाली छात्रों के द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स को देखा और उसकी सराहना की। सीएम ने क्लासरूम जाकर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने शिक्षक बनकर छात्रों को सफलता के मंत्र भी दिए और उन्होंने छात्रों के सवालों का भी जवाब दिया। सीएम योगी ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोशूट भी कराया। एक छात्र ने सीएम से पूछा कि हाल ही में हमने लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस की परेड में हिस्सा लिया था, जहां हमें पुरस्कार भी मिला था। क्या हम दिल्ली की परेड में भी जा सकते हैं? इस सवाल के जवाब में सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए कहा कि हां जरूर भेजा जाएगा। इसी तरह एक बच्चे ने पूछा कि जब आप स्कूल में पढ़ते थे तो क्या आपको भी गलती करने पर डांट पड़ती थी। इस पर सीएम ने शिक्षक की तरह छात्रों को नसीहत दी कि गलती अनजाने में हो जाए तो उसके लिए व्यक्ति दोषी नहीं होता है, उसमें सुधार की गुंजाइश होती है, लेकिन बार-बार गलती को दोहराना नहीं चाहिए। व्यक्ति कार्य करेगा तो गलती होगी, लेकिन यदि गलती बार-बार दोहराता है तो वह आदतन कर रहा है। स्वाभाविक रूप से हर बच्चे के जीवन में यह चीजें होती हैं। जब आप कुछ भी कार्य करिए, मेहनत करिए। अच्छी दिशा में कार्य करेंगे तो परिणाम अच्छे आएंगे। इस दौरान एक बच्ची ने अटल आवासीय विद्यालय में अच्छी व्यवस्था के लिए सीएम योगी का धन्यवाद देते हुए पूछा कि जब वो बच्चे थे तब क्या उन्हें भी इसी तरह की शिक्षा का अवसर मिला था। इस पर सीएम योगी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना है जो आप लोगों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। वास्तव में यह जनता का ही पैसा है। गलत हाथों में पैसा जाता है तो वो इसका दुरुपयोग करते हैं। सही हाथों में पैसा जाता है तो ऐसे ही सदुपयोग होता है, जैसे आपके लिए इतना अच्छा विद्यालय बना है। अटल आवासीय विद्यालय अभी 16 बन चुके हैं और 2 बन रहे हैं। 57 अन्य जनपदों में भी हम बना रहे हैं। इससे हजारों बच्चों का कल्याण होने वाला है। अगर सही रास्ते पर चलोगे तो मंजिल मिलेगी, अगर गलत रास्ते पर चलोगे तो भटक जाओगे।

## गोविंदपुर गांव की जमीन पर वक्फ बोर्ड के नाम पर गड़बड़ी

**पटना।** लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक और वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के लिए बनी संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के सदस्य डॉ. संजय जायसवाल ने फतुहा के गोविंदपुर गांव में वक्फ बोर्ड के नाम पर हो रही जमीन की गड़बड़ी पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि संस्था को भी इसमें सतर्क होना चाहिए। उन्होंने गुरुवार को गोविंदपुर का दौरा करके स्थितियों को देखा। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों को आदेश दिया गया है कि वह 30 दिनों के भीतर अपनी जमीन खाली कर दें, क्योंकि इसे वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दिया गया है। जिन लोगों को यह नोटिस दिया गया है, उनका खतियान 1910 का है और उन्होंने कई बार मुआवजा भी प्राप्त किया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की कैसे हो सकती है। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों से साफ पता चलता है कि यह जमीन 2021-22 में ट्रांसफर कराई गई थी और वह भी किसी व्यक्ति के नाम पर ना कि वक्फ बोर्ड के नाम पर की गई थी। उन्होंने बताया कि मुतव्वली बबलू खान ने इस जमीन को अपने नाम करवा लिया था।

## मेरठ में हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोले, होगी जांच

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की परतापुर हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए वहां खड़े हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोलने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद भी जब परतापुर थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एविएशन कंपनी के कैप्टन ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने इस मामले में सीओ ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन को जांच सौंप दी है। अभी तक की जांच में एविएशन कंपनी के दो पार्टनर के बीच विवाद का मामला सामने आया है। एसएआर एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े पायलट रवींद्र सिंह कंपनी के शेयर होल्डर और डायरेक्टर भी हैं। पायलट ने एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा से मिलकर परतापुर हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध लगने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी मेरठ एयरस्ट्रिप पर मेंटिनेंस के लिए हेलीकॉप्टर को भेजते हैं। कंपनी का एक हेलीकॉप्टर मेरठ हवाई पट्टी पर आया था।



## बसपा के झूठे प्रचार की वजह से कांग्रेस यूपी व देश से उखड़ गई : उदित राज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बसपा सुप्रीमो मायावती पर गुरुवार को जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश और देश से उखाड़ने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती को जिम्मेवार ठहराया है। कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में पार्टी नेता उदितराज ने कहा कि तीन-चार दशक से बसपा झूठा प्रचार करती रही, जिसका कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया। इसकी वजह से कांग्रेस पहले उत्तर प्रदेश व बाद में देश से उखड़ गई। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कांग्रेस के हर सवाल का जवाब बसपा सुप्रीमो को देना होगा। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती का राजनीतिक तौर पर खात्मा होने तक कांग्रेस उनसे सवाल पूछती रहेगी। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि बसपा ने शुरू से ही कांग्रेस की आलोचना करके अपनी जमीन तैयार की, उसका अपना कोई भौतिक आधार नहीं रहा है।



# वंदे भारत में 3 करोड़ से ज्यादा ने किया सफर

**एजेंसी। नई दिल्ली**




स्वदेशी भारतीय ट्रेन वंदे भारत में शुरूआत से लेकर 20 अगस्त तक करीब 3.17 करोड़ लोग यात्रा कर चुके हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मौजूदा समय में 54 वंदे भारत ट्रेन देश में चल रही हैं और 20 अगस्त तक 35,428 फेरों में 3.17 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा चुकी हैं। वंदे भारत ट्रेन फरवरी, 2019 को शुरू की गई। वंदे भारत ट्रेन का नेटवर्क देश के 280 जिलों और 24 राज्यों में फैला हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में वंदे भारत ट्रेनों ने पृथ्वी के 310 चक्कर लगाने जितनी यात्रा की थी। दक्षिण सेंट्रल रेलवे के मुख्य पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ए श्रीधर ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के नेटवर्क में लगातार विस्तार किया जा रहा है और नई ट्रेनों को जोड़ा जा रहा है। भारत में 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित हुई वंदे भारत एक्सप्रेस लग्जरी अनुभव के साथ लाखों लोगों को किफायती सफर उपलब्ध कराती है। तेज रफ्तार के साथ एडवांस सेफ्टी फीचर और विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ रेलवे ने यात्रा के लिए नए बेंचमार्क तय किए हैं। रेलवे अथॉरिटी की ओर से बताया गया कि यह सेमी-स्पीड ट्रेन, भारत के आधुनिक और वर्ल्ड क्लास ट्रेन के परिदृश्य को दिखाता है। देश में पहली वंदे भारत ट्रेन को 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू किया गया। देश में फिलहाल वंदे भारत केवल चेयरकार श्रेणी में ही चल रही है। इस महीने की शुरूआत में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएएनएस को बताया था कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल अगले डेढ़ से दो महीने में शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन सर्विस में तीन महीने के बाद आ जाएगी। उन्होंने बताया, वंदे भारत स्लीपर, वंदे चेयर, वंदे मेट्रो और अमृत भारत। यह चार ट्रेन आने वाले समय में हमारे देशवासियों को एक अच्छी सर्विस देंगी। ट्रेनों में अनुभव के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में बर्थ को सुरक्षित करने के लिए जंजीर को हटाकर नया मैकेनिज्म लाया गया है। शौचालय की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। ड्राइवर की केबिन पर ध्यान दिया गया है।

## बिहार में कई अधिकारियों का तबादला

**पटना।** बिहार में गुरुवार को बड़ी संख्या में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया। कई जिलों के पुलिस अधीक्षक भी बदल दिए गए हैं। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वप्ना गौतम मेश्राम को समादेष्टा, बिहार विशेष पुलिस सशस्त्र, बोध गया की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, दीपक रंजन को समादेष्टा, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, बोध गया से सहायक पुलिस महानिरीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, बिहार के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह, शैलेश कुमार सिन्हा को शिवहर के एसपी का दायित्व सौंपा गया है। जबकि, पूर्णिया के एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा को समादेष्टा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस पटना का दायित्व दिया गया है। गौरव मंगला को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, रेल, पटना, डी. अमरकेश को पुलिस अधीक्षक, साइबर प्रशिक्षण पोर्टल और समन्वय, आर्थिक अपराध इकाई, पंकज कुमार को पुलिस अधीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो तथा कार्तिकेय के. शर्मा को पूर्णिया का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा विनय तिवारी को पुलिस अधीक्षक, एसपी और अंबरीश राहुल को औरंगाबाद का एसपी बनाया गया है।




# दिसंबर में भाजपा की अंतिम यात्रा निकलेगी झारखंड की जनता : सुप्रियो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेसवार्ता कर कहा कि अगले सप्ताह की शुरूआत पीएम नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे से होगी। वे 15 सितंबर को झारखंड आ रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि ये भी पता चला कि वे झारखंड को कई सौगात भी देंगे। इसके बाद राज्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा होगा। वे सबसे लंबे समय तक राज्य का राज्यपाल रह चुकी हैं। सुप्रियो ने कहा कि उनके रहते राज्य के आदिवासियों और मूलवासियों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाये गये, जिसकी वजह से यहां की जनता ने साल 2019 में बीजेपी सरकार को सबक सिखा दिया। सुप्रियो ने कहा कि राष्ट्रपति भी 19 और 20 तारीख को झारखंड आयेंगी। सुप्रियो ने कहा कि नामकुम स्थित लाह उत्पादन केंद्र के रिसर्च विंग का यह स्वर्ण जयंती साल है। राष्ट्रपति इसी के समारोह में शामिल होंगी। वहीं, 21 सितंबर को को गृहमंत्री अमित शाह भी झारखंड आ रहे हैं। वो संथाल में सभाएं करेंगे। कहा, इन तीनों का विजिट ऐसे समय में हो रहा है, जब यहां की सरकार, यहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरे, यहां के प्रशासनिक अफसर आदिवासी और मूलवासियों की समस्या के समाधान के लिए उनके दरवाजे तक जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता लोगों के साथ संपर्क बनाये हुए हैं। सुप्रियो ने आगे कहा, जो जानकारी है, उसके अनुसार 21 तारीख को कई राज्य के मुखिया भी झारखंड आयेंगे। कई केंद्रीय मंत्री यहां आयेंगे। लगता है चुनाव तक पूरी मोदी कैबिनेट यहीं बैठेगी। कहा कि झारखंड की जितनी यात्रा बीजेपी के नेता कर लें, दिसंबर में झारखंड की जनता इनकी अंतिम यात्रा निकालेगी। जब भी चुनाव होगा, उसमें बीजेपी की अंतिम यात्रा तय है। वहीं कथित घुसपैठिया मुद्दे पर सुप्रियो ने कहा कि अगर घुसपैठ हुई है तो इसके लिए केंद्र का गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय सीधे तौर पर जिम्मेदार है। क्योंकि सीमा सुरक्षा का मामला इन्हीं के जिम्मे है। सुप्रियो ने कहा, हाल के दिनों में हमारे नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी बीजेपी में चले गये। चंपाई सोरेन ऐसे नेताओं में से रहे हैं जो जेएमएम की विचारधारा को प्रमुखता के साथ उठाते रहे हैं। हमारा एक कमिटमेंट सरना धर्म कोड को लागू करना है। ये बड़ा अच्छा अवसर होगा, करमा पूजा के ठीक बाद, जब चंपाई सोरेन मंच पर पीएम मोदी के साथ मौजूद रहेंगे। तो वे पीएम से अलग सरना धर्म कोड को लागू करने की दिशा में पहल के लिए कह सकते हैं। ये बड़ा अच्छा अवसर होगा जब चंपाई सोरेन पीएम मोदी के मुंह से इस बात की घोषणा करवा दें कि 2025 में जब जातिगत गणना होगी, तो इसके साथ सरना धर्म की भी गणना करवा देंगे। पीएम का भी ये दायित्व भी बनता है कि जिस नेता के साथ यानी चंपाई सोरेन के साथ वे मंच पर होंगे, उनकी इस भावना का वे जरूर सम्मान करेंगे। जेएमएम नेता ने आगे कहा, 21 तारीख को गृहमंत्री भी झारखंड आयेंगे।

## मुख्यमंत्री से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री एसके जहागीरदार ने मुलाकात की। भेंट-वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार एवं नाबार्ड के बीच जल्द एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के साथ उनकी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से एसके जहागीरदार ने कहा कि एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात नाबार्ड द्वारा प्राथमिकता के साथ राज्य में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## बड़गाईं अंचल में जमीन घोटाला मामला

# एसीबी की छापेमारी में करोड़ों की संपति का पता चला

- धनबाद जिले में चार डिसमिल जमीन से संबंधित कागजात।
- धनबाद जिले में छह डिसमिल जमीन का अन्य दस्तावेज



रांची में लगभग 1.02 करोड़ का एक डुप्लेक्स संबंधी दस्तावेज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़गाईं अंचल में कथित जमीन घोटाला मामले में हजारीबाग एसडीओ शैलेश सिन्हा और नोवामुंडी के सीओ मनोज कुमार के ठिकाने पर छापेमारी हुई। गुरुवार को एसीबी की टीम को राधा कृष्णा अपार्टमेंट में मनोज कुमार के दो फ्लैट मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं शैलेश कुमार का रांची के चिरौंदी में एक घर होने की जानकारी मिली है। गुरुवार की सुबह इन दोनों ही स्थानों एसीबी की टीम पहुंची और जांच की।

उनके आवास से बरामद जमीन संबंधी कुल 11 डीड मिले हैं। वहीं कुछ नकद राशि मिलने की भी जानकारी मिली है। साथ ही मोबाइल,लैपटॉप और टैब मिलने की भी सूचना आ रही है।

हजारीबाग एसडीओ शैलेश सिन्हा और नोवामुंडी के सीओ मनोज कुमार को एसीबी ने बुधवार को हिरासत में लिया था, जिसके बाद दोनों को एसीबी की टीम अपने साथ रांची ले आई थी। जहां दोनों से पूछताछ की गई। गौरतलब है कि निगरानी कोर्ट से वारंट लेने के बाद एसीबी ने बुधवार की सुबह दोनों अधिकारियों के दफ्तरों, सरकारी आवासीय परिसरों और निजी आवासीय परिसरों में एक साथ छापेमारी शुरू की थी।

एसीबी की टीम ने सीओ मनोज कुमार के नावामुंडी स्थित टाटा स्टील के अस्थायी आवास, नवामुंडी अंचल कार्यालय स्थित कार्यालय, रांची के रामेश्वरम लेन स्थित आरके एन्क्लेव स्थित फ्लैट पर एक साथ छापेमारी की। इसके अलावा एसीबी की टीम ने शैलेश सिन्हा के गिरिडीह स्थित पैतृक आवास, उनके पिता उदय सिन्हा के आवास, हजारीबाग एसडीओ कार्यालय और सरकारी आवास पर छापेमारी की थी।

अप्रैल 2023 में ईडी ने बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के आवास से बड़ी संख्या में सरकारी दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने पीएमएलए की धाराओं के तहत राज्य सरकार को इससे संबंधित जानकारी दी थी, जिसके बाद रांची डीसी के आदेश पर एक जून 2023 को सदर थाना में कांड संख्या 272/23 दर्ज किया गया था। सदर थाना में दर्ज इस मामले के आधार पर ईडी ने जमीन घोटाले का नया मामला दर्ज किया था और बड़गाईं में 8।86 एकड़ जमीन की धोखाधड़ी की ईसीआईआर दर्ज की थी। जांच के दौरान ईडी ने बड़गाईं के पूर्व सीओ शैलेश सिन्हा और मनोज कुमार का बयान दर्ज किया था। ईडी ने दोनों से लंबी पूछताछ की थी, बाद में दोनों को गवाह भी बनाया गया था।

## येचुरी ने आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा पर दिया था जोर : सीपीएम

**रांची।** सीपीएम का राज्य सचिवमंडल पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। 72 वर्ष की आयु में उनका निधन दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में गुरुवार को हुआ। निधन का समाचार मिलते ही उनके सम्मान में झारखंड में सीपीएम के सभी पार्टी कार्यालयों में अगले एक सप्ताह तक पार्टी का झंडा झुका रहेगा। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड में वाम राजनीतिक आंदोलन को प्रखर किए जाने के लिए यहां के आदिवासियों के अधिकारों और यहां के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिज कोयला उद्योग को मुख्य आधार बनाने पर जोर देते थे।

## सर्विस रूल का उल्लंघन कर रही कैबिनेट सचिव : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवम राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला।उन्होंने कहा कि हताश निराश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक हार स्वीकार कर चुके हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवम सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के झारखंड दौरे से उनकी बौखलाहट बढ़ गई है। कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी हार देखते हुए पदाधिकारियों को आगे कर दिया है। राज्य सरकार के पदाधिकारी सर्विस रूल का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे। कहा कि पदाधिकारियों को पॉलिटिकल मामले में चुनाव आयोग को पत्र लिखने की अनुमति किसने दी। कहा कि राज्य सरकार के महाधिवक्ता खुद विधि विरुद्ध आचरण कर रहे। वे अब झामुमो के प्रवक्ता बन गए हैं। कि हेमंत सरकार अब बोरिया बिस्तर समेट रही है। लोकसभा चुनाव के परिणाम इंडी ठगबंधन को डराने लगा है। कहा कि बिदाई की बेला में भी हेमंत सोरेन गलत वादे कर रहे। लेकिन जनता उनकी सच्चाई से पूरी तरह अवगत है। जनता का भरोसा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उठ चुका है। कहा कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई,राज्य के अस्मिता और सम्मान की लड़ाई चुनाव के मैदान में लड़ेगी और भ्रष्ट निकम्मी सरकार को जनता के सहयोग से पराजित करेगी।

## पिछले दरवाजे से झारखंड में एनआरसी लागू करना चाह रही केंद्र सरकार : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले दरवाजे से झारखंड में एनआरसी लागू करना चाहती है। केंद्र सरकार ने न्यायालय में दाखिल अपने हलफनामे में जनसंख्या वृद्धि का आंकड़ा पेश कर उसे घुसपैठ से जोड़ने की कोशिश की है। केंद्र सरकार द्वारा जो आंकड़े दिए गए हैं, वे सीधे अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की कोशिश में पहला कदम है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार अब 25 तक

**रांची।** राज्य सरकार ने आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 25 सितंबर तक चलाने का फैसला लिया है। सरकार की प्रधान सचिव ने इस संबंध में राज्य के सभी जिलों के डीसी, प्रमंडलीय आयुक्त, सभी विभागों के प्रधान सचिव व अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। जिलों में योजना की सफलता व पंचायतों की संख्या अधिक होने के कारण कार्यक्रम को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। जिलों की सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिलावार कार्यक्रमों में भी संशोधन किया गया है। 13 सितंबर को रामगढ़ व बोकारो जिला का कार्यक्रम बाकारो, 18 सितंबर को जामताड़ा व दुमका जिला का कार्यक्रम जामताड़ा, 19 सितंबर को गढ़वा व लातेहार जिला का कार्यक्रम गढ़वा, 23 सितंबर को सिमडेगा व खूंटी जिले का कार्यक्रम दोनों जिलों के मध्य आयोजित किया जाएगा। 24 सितंबर को कोडरमा और चतरा जिले का कार्यक्रम चतरा व 25 सितंबर को साहिबगंज का कार्यक्रम भोगनाडीह में आयोजित किया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**विधानसभा चुनाव की रणनीति...**

आदान-प्रदान किये जाने, संयुक्त नक्सली अभियान संबंधी कार्य का आदान-प्रदान किये जाने, अवैध आग्नेयास्त्र तथा विस्फोटक सामग्री की तस्करी रोकने और शस्त्र अधिनियम के आरोपितों के विरूद्ध कार्रवाई में सहयोग पर विचार करने का निर्णय लिया गया। अवैध शराब तथा मादक पदार्थो के परिसंचरण के विरूद्ध जानकारी लेकर पूर्ण कार्यवाई करने व सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब की भट्ठी को नष्ट करने के अलावा अवैध स्टोन चिप्स (गिट्टी/पत्थर), अवैध बालू ढुलाई पर रोक के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया। पूर्व के वांछित अपराधकर्मियों के विरूद्ध समन्वय स्थापित कर विधिवत कार्रवाई करने, चुनावी प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्व के विरूद्ध कार्रवाई करने, चुनावी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाले सांप्रदायिक, राजनीतिक एवं जातीय तनाव नियंत्रण करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मुख्य मार्गों संपर्क पथों व नदी क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग की व्यवस्था करने, गाड़ियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सघन और प्रभावी जांच करने,सीमावर्ती थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ साप्ताहिक बैठक करने सहमती बनी। चुनाव के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के गश्ती दल द्वारा विधि-व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने,चुनाव के दौरान अस्पताल एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था करने के साथ अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम, वरीय जिला वन पदाधिकारी औरंगाबाद, उत्पाद अधीक्षक, औरंगाबाद, अनुमण्डल पदाधिकारी औरंगाबाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, औरंगाबाद, थाना प्रभारी अम्बा, थाना प्रभारी कुटूम्बा, थाना प्रभारी टंडवा, औरंगाबाद बिहार के साथ पलामू उपायुक्त शशि रंजन,पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन, उत्पाद अधीक्षक पलामू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद, छतरपुर अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिहरगंज, पुलिस निरीक्षक छतरपुर, थाना प्रभारी पीपरा, थाना प्रभारी हुसैनाबाद, जिला पलामू ने भाग लिया।

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में...**

ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया। 18 अगस्त को पहली बार योजना के तहत पाकुड़ की 80 हजार से अधिक, 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के लातेहार, मेदिनीनगर और गढ़वा की 2.50 लाख से अधिक, 24 अगस्त को उत्तरी छोटानागपुर के रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिला की 13 लाख 94 हजार से अधिक, 27 अगस्त को संताल परगना के देवघर, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, दुमका और जामताड़ा की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 28 अगस्त को कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला - खरसावां की 07 लाख 32 हजार से अधिक, 04 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा की 07 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में 70 करोड़ 50 लाख रुपये का हस्तांतरण किया गया है।

**संताल में आदिवासी आबादी...**

ओर से पूर्व में दाखिल किए गए जवाब में बांग्लादेशी घुसपैठ से इनकार किया गया था। इसपर कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि अगर घुसपैठ का एक भी मामला मिला तो संबंधित उपायुक्त पर अवमानना का केस चल सकता है।

**दानियल दानिश ने दायर की है जनहित याचिका :** बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका जमशेदपुर निवासी दानियल दानिश ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे स्थापित किए जा रहे हैं। स्थानीय आदिवासियों के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। उनके अधिवक्ता ने राष्ट्रीय जनगणना के हवाले से हाईकोर्ट के समक्ष जो डाटा पेश किया है, उसके मुताबिक साल 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर साल 2011 में 28.11 प्रतिशत हो गई। इसके पीछे की एक बड़ी वजह बांग्लादेशी घुसपैठ है। अगर इस सिलसिले पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थिति गंभीर हो जाएगी।

**कोर्ट ने पूछा था : धर्मांतरण रोकने के लिए क्या किया जा रहा :** वहीं हाई कोर्ट ने राज्य एवं केंद्र सरकार से पूछा था कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है।


**कार्यालय**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू। (आपूर्ति शाखा)**
दूरभाष सं०:– 06562–223116 ई-मेल :– food.palamu@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा**

विभागीय ज्ञापांक–खा0प्र0–1/ज0वि0प्र0 (DSD)/6–8/2020–1811/रांची, दिनांक 29.07.2024 के आलोक में जन वितरण प्रणाली के तहत प्रखंड/शहरी क्षेत्र, पलामू के लिए झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों के लिए डोर स्टेप डिलिवरी हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता का चयन GeM Portal के माध्यम से किये जाने हेतु निदेश प्राप्त है। उक्त निविदा दो वर्षों के लिए किया जायेगा। साथ ही निविदा डालने की अंतिम तिथि 25.09.2024 को अप0 03.00 बजे तक है। GeM Portal में पलामू जिला अन्तर्गत निविदा का बीड संख्या निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | District | Block/Godown | Bid No. | Dated |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Palamu | Bishrampur | GEM/2024/B/5382209 | 10.09.2024 |
| 02 | | Chhatarpur | GEM/2024/B/5382727 | 10.09.2024 |
| 03 | | Haidernagar | GEM/2024/B/5382942 | 10.09.2024 |
| 04 | | Hussainabad | GEM/2024/B/5383226 | 10.09.2024 |
| 05 | | Manatu | GEM/2024/B/5383388 | 10.09.2024 |
| 06 | | Sadar Medininagar | GEM/2024/B/5383496 | 10.09.2024 |
| 07 | | Mohammadganj | GEM/2024/B/5383599 | 10.09.2024 |
| 08 | | Nawa Bazar | GEM/2024/B/5383675 | 10.09.2024 |
| 09 | | Pandwa | GEM/2024/B/5383740 | 10.09.2024 |
| 10 | | Pandu | GEM/2024/B/5383806 | 10.09.2024 |
| 11 | | Panki | GEM/2024/B/5383851 | 10.09.2024 |
| 12 | | Tarhasi | GEM/2024/B/5383897 | 10.09.2024 |
| 13 | | Untari Road | GEM/2024/B/5383955 | 10.09.2024 |
| 14 | | Hussainabad (NA) | GEM/2024/B/5383978 | 10.09.2024 |
| 15 | | Bishrampur (NP) | GEM/2024/B/5384026 | 10.09.2024 |

अतएव इच्छुक निविदादाता GeM Portal से निविदा डाल सकते हैं, जिसके लिए GeM Portal में निविदादाता का निबंधन होना आवश्यक होगा। विभागीय निदेशानुसार GeM Portal से डाले गये निविदा ही मान्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू।
PR.NO.335562 District(24-25):D



**कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त होने जा रहा है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–18.09.2024 एवं 19.09.2024 को उपायुक्त, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 11:00 बजे पूर्वाह्न से **जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा** में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार है:–

| प्रखण्ड का नाम– | तिथि | प्रखण्ड का नाम– | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. शहरी – | 18.09.2024 | 12. बरडीहा– | 19.09.2024 |
| 2. गढ़वा– | 18.09.2024 | 13. रंका– | 19.09.2024 |
| 3. मेराल– | 18.09.2024 | 14. भंडरिया– | 19.09.2024 |
| 4. रमुना– | 18.09.2024 | 15. रमकंडा– | 19.09.2024 |
| 5. नगर– | 18.09.2024 | 16. चिनिया– | 19.09.2024 |
| 6. सगमा– | 18.09.2024 | 17. बड़गड– | 19.09.2024 |
| 7. धुरकी– | 18.09.2024 | 18. केतार– | 19.09.2024 |
| 8. भवनाथपुर– | 18.09.2024 | 19. विशुनपुरा– | 19.09.2024 |
| 9. खरौंधी– | 18.09.2024 | 20. डण्डई– | 19.09.2024 |
| 10. मझिऑव– | 18.09.2024 | 21. डण्डा– | 19.09.2024 |
| 11. कांडी– | 18.09.2024 | | |

पुनः नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।
1. गृह रक्षक प्रमाण पत्र
2. आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
3. दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)

ह०/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

PR 335540 (Police Wireless Headquarter) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning OfficeLatehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

**2nd Call**
Fact Sheet:

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP)Supply of 15 Numbers of Drones along with accessories on Turn Key basis in office of District Planning Office Latehar District." **Note:Quantity of drones may vary as per the requirement.** |
| 2 | Date of Issue of RFP | 12-09-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 24-09-2024 (Till-01:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 25-09-2024(At-11:00 AM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 25-09-2024(At- 3:00 PM) |
| 6 | Time allowed for work Completion | 02 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.5,00,000/- (Five Lakh Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000/- (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar.**EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand.MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be opened and L-1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Financial Bid (Envelope-2) | The Financial bid for the tender shall be opened on 25th September 2024 at 03:00 PM at the address as under: The District Planning Office, District Collectorate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |

PR 335617 Planning and Development (24-25)_D

**District Planning Officer, Latehar**



**कार्यालय :- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड (कृषि प्रभाग)

**प्रेस विज्ञप्ति**
सामयिक सूचना अंक – 02/2024

प्रिय किसान बंधुओं,

वर्तमान खरीफ मौसम में धान हमारा मुख्य **फसल** है इसलिए खड़ी धान फसल में कीट एवं व्याधियों के प्रकोप से बचाव हेतुनिम्नलिखित सुझाव दिये जा रहे हैं :–

1. खेतो में लगे फसलों की नियमित निगरानीकरें।
2. संतुलित खाद का प्रयोगकरें।
3. मित्र कीटों का संरक्षण जैसे – मकड़ी, ततैया, भौंरा, ड्रैगन फ्लाई (तितली), चिड़ियाँ, मेढ़क, वाटर स्ट्राइगर, सर्प, एवं मिट्टी में उपस्थित सुक्ष्मजीवों का संरक्षण करें।
4. चिडियों को बैठने के लिए खेतो में जगह–जगह T आकार का बाँस का पट्टियाँ गाड़े।

**धान फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं नियंत्रण के उपाय :–**

(1) **तना छेदक/धड़ छेदक** – इस कीट के पिल्लू पौधों के सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुचाते हैं। नवजात पिल्लू पत्ती के उत्तकों को खाते हुए गाँठ के पास तना में प्रवेश कर तने के मुलायम भाग को खाने लगता है जिसके कारण गभ्भा सूख जाता है। जिसे आसानी से खींच कर बाहर निकाला जा सकता है।
कार्टाप हाईड्रोक्लोराईड 4G (25 kg/हे0) या फोरेट 10G (10 kg/हे0) या कार्बोफ्यूरान 3G (30 kg/हे0) दानेदार दवा बालू में मिलाकर भुरकाव करें।

(2) **दीमक** – यह कीट रात्रि में ज्यादा सक्रिय रहता है इस कीट का आक्रमण पौधों की सभी अवस्थाओं में होता है। यह पौधों की जड़ों या तना के आधार भाग को खाकर खोखला कर देता है। क्लोरोपायरीफॉस धूल या लिंडेन धूल 10 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ की दर से बालू में मिलाकर भुरकाव करें।

(3) **भूरा मधुवा और थ्रीप्स (रस चूसने वाला कीट)** – यह कीट पौधों के आधार पर रह कर पौधों के धड़ से रस चूसते हैं। जबकि थ्रीप्स पत्तियों का रस चूसकर नुकसान पहुचाता है जिससे धान की पत्तियाँ सुख कर खेत जली हुई दिखाई पड़ती है।
इमिडाक्लोप्रिरिड 17.8% या ऑक्सीडेमेटोन मिथाईल 25% या रसायन (1-2ml/litre) पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(4) **गंधी बग** – इस कीट का व्यस्क लम्बा, पतले व हरे–भूरे रंग का उड़ने वाला होता है। इसके व्यस्क एवं शिशु दूधियाँ दानों को चूसकर हानि पहुँचाता है। इस कीट के दुर्गंध से इसकी उपस्थित का पता लग जाता है।
मिथाईल पाराथियान 2% धूल या लिन्डेन 1.3% धूल 8 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ के दर से भुरकाव करें।

(5)**बकया कीट**– व्यस्ककीटछोटे होते है एवं इनका रंग सफेद होता है । इसकीटका आक्रमण मुख्यत: छोटे पौधे पर खास कर देर से रोपनी होने पर अधिक होता है। इस कीट का शिशु अपने शरीर के चारों ओर पत्ती को लपेट कर खोल बना लेती है तथा उसी में रहकर पत्ती काट कर खाती है। आक्रांत फसल दूर से ही सफेद नजर आते है।
नियंत्रण : आक्रांत खेतों में 4-5 दिनों तक पानी निकाल देना चाहिए। किनोलफॉस 1-5% धूल या मिथाईलपाराथियॉन 2%धूलका भुरकाओ 10कि०ग्रा० प्रति एकड़ की दर से करना चाहिए। कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 5SPका 1-1.5कि०ग्रा०प्रति हेक्टेर की दर से छिड़काव करना चाहिए।

**धान फसल में लगने वाले प्रमुख बिमारियाँ एवं नियंत्रण के उपाय :–**

(1) **झुलसा या ब्लास्ट** –इस रोग का आक्रमण मुख्य रूप से पत्ती एवं बाली की गर्दन पर होता है। पत्तियों पर नॉव या आँख के आकार का भूरा धब्बा बनता है। इस रोग का आक्रमण गाँठ पर होने से टूट जाता है। गर्दन भाग ग्रसित होने पर बाली दूर से ही झुकी दिखाई देती है।
ट्राईसाइक्लाजोल 75% या एडिफेनफॉस 50% प्रति लिटर की दर से छिड़काव करें।

(2) **पत्रलांछन या भूरा धब्बा** –पत्तियों एवं दानों पर गोल से अंडाकार गहरे भूरे रंग के धब्बे इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। मैन्कोजेब 75% या कॉपर ऑक्सीक्लोराईड 50% (2-3 gm/litre) की दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(3) **आभासी कंड** –इस रोग का आक्रमण धान की बाली पर होता है जिससे रोगग्रस्त दाने के अन्दर कवक अंडाशय को एक बड़े हरे मखमली रूप में बदल देता है जिसके कारण धान आकार से करीब दुगुना हो जाता है, जिसे किसान भाई लावा फुटना कहते हैं।
ब्लाईटॉक्स 50% या प्रोपीकोनाजोल 25%(2gm/litre)की दर सेपानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

(4) **धड़सड़न** –इस रोग का लक्षण तना एवं पर्णच्छेद पर पानी की सतह के पास काले भूरे रंग के धब्बे के रूप में दिखाई पड़ता है। इंडोफिल M45 (2gm/litre) या थायोफुनेट मिथाईल (2ml/litre) की दर से छिड़काव करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

PR 335429 District (24-25)_D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## उत्तर कोरिया ने फिर किया बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण, अमेरिका चिंतित

**वॉशिंगटन।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर मिसाइल प्रक्षेपण कर सोल और वॉशिंगटन को चिंता में डाल दिया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के मुताबिक, गुरुवार को पूर्वी सागर की ओर छोटी दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। अमेरिका ने प्योंगयांग के इस कदम की निंदा की। योनहाप समाचार एजेंसी के एक सवाल के जवाब में विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका डीपीआरके द्वारा बुधवार को किए गए बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा करता है।" बता दें डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है जिसका अर्थ है डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया। अधिकारी ने कहा, "हाल के वर्षों में डीपीआरके द्वारा किए गए अन्य बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों की तरह ये प्रक्षेपण भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

## वियतनाम में यागी तूफान का कहर छह दिन में 197 लोगों की हुई मौत

**हनोई।** वियतनाम में यागी तूफान ने पिछले छह दिन में जमकर कहर बरपाया है। इस शक्तिशाली तूफान से बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। कई नदियां उफान पर हैं। चौतरफा बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। अब तक कम से कम 197 नागरिकों को इस तूफान निगल लिया। इससे राजधानी हनोई भी अछूती नहीं है। इस तूफान से सर्वाधिक तबाही उत्तरी वियतमान में हुई है। मलेशिया के समाचार पत्र द सन के अनुसार, वियतनाम के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि शनिवार को आए यागी तूफान के कारण हुए भूस्खलन और व्यापक बाढ़ से कम से कम 197 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। वियतनाम को तीन दशक में पहली बार ऐसे शक्तिशाली तूफान का सामना करना पड़ा है। इस समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री पेनी वोंग ने तूफानी संकट का सामना कर रहे वियतनाम को को तीन मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मानवीय सहायता देने का वादा किया है।

## डोभाल ने की पुतिन से मुलाकात, पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा की दी जानकारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ब्रिक्स सुरक्षा प्रमुखों की बैठक से इतर सेंट पीटर्सबर्ग के कॉन्स्टेंटिनोव्स्की पैलेस में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन को प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के बारे में जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी ने दोनों की मुलाकात का वीडियो जारी किया है। रूस के राष्ट्रपति ने डोभाल के साथ बातचीत में मास्को में प्रधानमंत्री मोदी से उनकी वार्ता को याद किया। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद योजना के अनुसार भारत-रूस समझौते आगे बढ़ रहे हैं। वहीं डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुरोध पर राष्ट्रपति पुतिन को हाल ही में हुई यूक्रेन यात्रा की जानकारी दी। डोभाल ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में बैठक हुई। यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ उनके दो सहयोगी थे और वे स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता में मौजूद थे।

# मदरसों में शिक्षा का माहौल नहीं, मनमाने तरीके से चलाने का आरोप

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने लिखित में कहा कि मदरसे वाजिब शिक्षा लेने के लिए सही नहीं है, ये मनमाने तरीके से काम करते हैं। आयोग ने कहा कि उत्तर प्रदेश के देवबंद में मौजूद दारुल उलूम देवबंद मदरसा धार्मिक व राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित है। मदरसों में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा राइट टू एजुकेशन एक्ट के प्रावधानों के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। याचिका दायर करने वाले समूह ने कहा कि उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया था कि



▸ गैर-मुसलमानों को इस्लामी धार्मिक शिक्षा भी दे रहे

यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत व संविधान के आर्टिकल 14 के तहत दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। 5 अप्रैल को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। आयोग ने कहा कि मदरसा वाजिब शिक्षा लेने के लिए सही जगह नहीं है। यह उनके मनमाने काम करने के तरीके को दिखाती है। इसमें पूरी तरह से राइट टू एजुकेशन एक्ट, 2009 की धारा 29 के तहत सही सिलेबस की भी मौजूदगी नहीं है।यह भी कहा कि अल्पसंख्यक दर्जे वाली इन संस्थाओं में बच्चे अपने अधिकारों से भी वंचित हो जाते हैं। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धारा 19, 21,22, 23, 24, 25 और 29 के तहत छात्रों को वंचित करता है।आयोग ने कहा कि ऐसे संस्थान गैर-मुसलमानों को इस्लामी धार्मिक शिक्षा भी दे रहे हैं। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 28 (3) का उल्लंघन है। हालांकि, आरटीई अधिनियम मदरसों को इसके दायरे से छूट देता है, लेकिन उनमें पढ़ने वाले बच्चों को किसी भी न्यायिक फैसले और अनुच्छेद 21 ए के दायरे से कभी भी छूट नहीं दी गई है। इसमें यह भी कहा गया कि वे सभी बच्चे फॉर्मल स्कूलिंग सिस्टम में नहीं है। वे प्रारंभिक शिक्षा के अपने मौलिक अधिकार से वंचित है। इसमें मिड डे मिल, यूनिफॉर्म और ट्रेंड टीचर जैसे अधिकार शामिल हैं। मदरसों को आरटीई अधिनियम, 2009 के दायरे से छूट दी गई है, इसलिए मदरसों में पढ़ने वाले सभी बच्चे न केवल स्कूलों में अपनी शिक्षा से वंचित है बल्कि आरटीई अधिनियम, 2009 के तहत दिए जाने वाले फायदों से वंचित हैं। इसमें यह भी कहा गया कि मदरसों में एनसीईआरटी की कुछ किताबें पढ़ाना शिक्षा हासिल करने के नाम पर महज दिखावा है। ज्यादातर मदरसों को इस बात अंदाजा बिल्कुल नहीं है कि फील्ड ट्रिप की प्लानिंग कैसे की जाए। ना तो इससे बच्चे कुछ भी सीख पाते हैं। भले ही देश भर के सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में मदरसे चल रहे हों, लेकिन मौजूद जानकारी के आधार पर केवल बिहार, छत्तीसगढ़ , ओडिशा , उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल , मध्य प्रदेश , राजस्थान और उत्तराखंड में ही मदरसा बोर्ड है। आयोग ने कहा कि उसे इन मदरसा बोर्डों के सिलेबस में काफी सारी खामियां मिली हैं। इसके अलावा, आयोग ने कहा कि मदरसा बोर्ड की वेबसाइट पर किताबों की मौजूदा लिस्ट देखने के बाद उसे सिलेबस में शामिल किताबों में कुछ आपत्तिजनक भी मिला है। एनसीपीसीआर ने यह भी कहा कि उसे दारुल उलूम देवबंद द्वारा जारी किए गए फतवे के बारे में शिकायतें मिली हैं। इसमें बहिश्ती जेवर नाम की किताब का रेफरेंस दिया गया है।

# संवैधानिक पदधारी व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय

## उप राष्ट्रपति ने कहा- ऐसे बयानों से हर भारतीय को दु:ख हुआ

**उपराष्ट्रपति का दर्द**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनके बयानों और कृत्यों से घोर असहमति दर्ज की। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होने से ज्यादा निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता।




"हमेशा याद रखिए कि इस आजादी को पाने में, इस आजादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में कितनों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-क के प्रतिभागियों के तीसरे बैच को संबोधित करते हुए कहा मैं इस बात से दुःखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें न तो हमारे संविधान का कोई ज्ञान है और न ही उन्हें राष्ट्रीय हित की कोई जानकारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप जो देख रहे हैं उसे देखकर आपका भी दिल दहल रहा होगा। यदि हम सच्चे भारतीय हैं, और हम अपने राष्ट्र में विश्वास करते हैं, तो हम कभी भी राष्ट्र के दुश्मनों का पक्ष नहीं लेंगे। हम सभी अपने राष्ट्रहित के लिए अंतिम सांस तक कृतसंकल्पित रहेंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमेशा याद रखिए कि इस आजादी को पाने में, इस आजादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में कितनों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारे भाई-बहन देश की रक्षा में पूरी तरह तत्पर हैं। माताओं ने अपने बेटे खोये हैं, युवा बेटियों ने अपने पति खोये हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। उन्होंने कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को इस राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। अब, कुछ लोग हमारे देश को विभाजित करना चाहते हैं। यह अज्ञानता की चरम सीमा है।

## फिलीपींस में बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, इस साल 546 की मौत

**मनीला ।** फिलीपींस में डेंगू खतरनाक रूप लेता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस बीमारी की वजह से होने वाली मौतों की संख्या भी बढ़ रही है। इस साल जनवरी से 6 सितंबर तक डेंगू के 2,08,965 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पिछले साल की इसी अवधि से 68 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 546 मौतें दर्ज की गईं।

## पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन टीम पर हमला चार की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान को लगातार धक्का लग रहा है। मुल्क के खैबर पख्तूनख्वा में इसका जबरदस्त विरोध हो रहा है। पिछले 24 घंटे में इस अभियान से जुड़े एक कार्यकर्ता, तीन सुरक्षा कर्मचारियों की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। इस्लामाबाद से छपने वाले समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांत के बाजौर और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में बुधवार को तीन स्थानों पर हमले किए गए।

**डोभाल ने की राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात**

# बटर चिकन के 'आविष्कार' की लड़ाई पहुंची पाकिस्तान



एजेंसी

**इस्लामाबाद ।** दिल्ली के दो रेस्टोरेंट्स के बीच बटर चिकन के 'आविष्कार' को लेकर लड़ी जा रही 'जंग' की लपटें पाकिस्तान तक पहुंच गई हैं। पेशावर के पुराने निवासियों को अपने शहर के मोती महल रेस्तरां की याद तो है, लेकिन उन्हें पुख्ता तौर पर पता नहीं कि बटर चिकन मेन्यू में शामिल था या नहीं। बटर चिकन के स्वामित्व को लेकर मोती महल और दरियागंज नाम की दो रेस्टोरेंट चेन कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। दोनों रेस्टोरेंट चेन, विभाजन के बाद दिल्ली में पूर्व साझेदार कुंदन लाल गुजराल और कुंदन लाल जग्गी द्वारा स्थापित की गई थीं। अब इनके वंशज इन रेस्टोरेंट्स को चला रहे हैं। यह कहानी 20वीं सदी की शुरूआत में पेशावर के कैंटोनमेंट क्षेत्र से आरंभ हुई। यहां मोती महल रेस्टोरेंट टीपू सुल्तान रोड के पास फव्वारा चौक पर एक इमारत की पहली मंजिल पर स्थित था। इस रेस्टोरेंट की स्थापना के बारे में दो अलग-अलग कहानियां है। एक के अनुसार, दिल्ली में मोती महल के संस्थापक कुंदन लाल गुजराल ने 1920 में इसकी स्थापना की थी। वहीं, यह भी कहा जाता है कि इस रेस्टोरेंट मालिकाना हक सिख व्यवसायी मोका सिंह लांबा पास था। जग्गी ने बाद में यहां काम किया।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** भारत में कृषि उद्योग सबसे अधिक है, इसेक पिछे का कारण ये है कि देश की करीब 70 प्रतिशत आबादि आज भी कृषि पर निर्भर करती है। नई तकनीकों के माध्यम से कृषि की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सकती है। कार्य को थोड़ा आसान बनाने और अच्छी उपज देने के लिए इस क्षेत्र में कार्य करना एक अच्छा ऑप्शन है। कृषि के क्षेत्र में लोग कई नए स्टार्ट-अप कर इससे और बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, कृषि उद्योग में बढ़ती तेजी के कारण इस क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर भी अधिक बढ़ रहे हैं। कक्षा 12वीं के बाद छात्र एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कर कृषि के क्षेत्र में एक अच्छा करियर बना सकते है। आइए आपको बीटेक इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के बारे में विस्ताक से जानकारी दें। बीटेक इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है, जिसे केवल साइंस के छात्र कर सकते हैं। इस कोर्स में मेरिट और प्रवेश परीक्षा दोनों के माध्यम से लिया जा सकता है। भारत के कई टॉप सराकरी और प्राइवेट संस्थान इस कोर्स को ऑफर करते हैं। कोर्स की फीस की बात करें तो इस कोर्स की फीस 50 हजार से 4 लाख तक जा सकती है। कोर्स में छात्रों को एग्रीकल्चर फॉर इंजीनियर, एनवायरमेंटल साइंस, ट्रैक्टर एंड फार्म मशीनरी, बायोलॉजिकल मैटेरियल एंड फूड क्वालिटी, इक्विपमेंट, सॉइल मैकेनिक्स और फॉर्म पावर जैसे कई विषयों की जानकारी दी जाती है।

# एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग से बना सकते हैं करियर

**एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के पढ़ाई के लिए भारतीय संस्थान**

1. आईआईटी खड़गपुर
2. इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ
3. इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
4. आदित्य इंजीनियरिंग कॉलेज, सुरमपलेम
5. करुणा विश्वविद्यालय - करुणा
6. ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, राजगढ़
7. जीआईईटी विश्वविद्यालय, गुनुपुर
8. जीबीपीयूएटी पंतनगर - प्रौद्योगिकी महाविद्यालय जीबी पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
9. निम्स यूनिवर्सिटी, जयपुर
10. विज्ञान प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के लिए विज्ञान फाउंडेशन, गुंटूर
11. महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, राहुरी

**बीटेक इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के लिए योग्ता**

- एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने के लिए छात्रों को साइंस विषय में कक्षा 12वीं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पास करना होना अनिवार्य है।
- कक्षा 12वीं की अंतिम परीक्षा देने वाला छात्र या रिजल्ट का इंतजार कर रहा छात्र कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है।
- कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को कक्षा 12वीं में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। - आरक्षित श्रेणी वाले छात्रों को 12वीं में कम से कम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने हैं ताकि वह कोर्स की प्रक्रिया में हिस्सा ले सकें।
- जो छात्र जेईई परीक्षा के माध्यम से कोर्स करने की इच्छा रखते हैं उन्हें बता दें की एआईआर रैंक के साथ कक्षा 12वीं में कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।




**प्रवेश परीक्षा**

- जेईई मेंस
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूजेईई
- एमएचटी- सीईटी
- बीआईटीएसएटी बीटेक इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

**भर्तीकर्ता**

- आईटीसी लिमिटेड
- नेस्ले
- पार्ले
- अमूल डेयरी
- ब्रिटानिया
- प्रोएग्रो बीज
- एग्रोटेक फूड
- कृषि उद्योग सलाहकार
- पीआरएडीएएन

